माघ शुक्ल पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 12 फरवरी 2024
वर्ष 2 अंक -172, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल 14
नौ अरब कमाकर भी शांत नहीं होने वाला है एनिमल 2

## एक नजर

### कांग्रेस सांसद साहू से दूसरे दिन ईडी की पूछताछ



**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से ईडी ने लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि साहू अपराह्न करीब 3 बजे रांची स्थित ईडी के कार्यालय में दाखिल हुए। ईडी के अधिकारियों ने भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मामले में शनिवार को साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी। इसी मामले में एजेंसी ने हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा था, 'साहू को फिर से पूछताछ के लिए ईडी के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है, क्योंकि पूछताछ अभी पूरी नहीं हुई है।'

### नीतीश सरकार का शक्ति परीक्षण आज

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का आज विधानसभा में शक्ति परीक्षण है। इससे पहले विधायकों में टूट के दावों-प्रतिदावों से राजनीतिक अटकलबाजियों का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा उनके पास है और वह आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेंगे।

### किसानों का दिल्ली कूच पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील

**चंडीगढ़।** किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले हरियाणा के अधिकारियों ने अंबाला के पास शंभू में पंजाब से लगी सीमा को सील कर दिया है। सीमा पर कंक्रीट के अवरोधक, रेत की बोरियां, कंटीले तार लगाने के साथ-साथ सड़कों पर दंगारोधी वाहन मौजूद रखे गए हैं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस अवरोधकों को फेंकने से रोकने के लिए घग्गर फ्लाईओवर पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे की चादरें लगाई गई हैं।

# मुख्यमंत्री के साथ मंत्री-विधायकों ने रामलला के दरबार में टेका मत्था

## रालोद, बसपा और कांग्रेस के विधायकों ने भी किए दर्शन, समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

**अमृत विचारः** सत्तापक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर एक साथ रामलला के दर्शन किए। हालांकि मुख्य विपक्ष दल समाजवादी पार्टी के विधायक इसमें शामिल नहीं थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में भाजपा एवं सहयोगी दलों समेत रालोद, कांग्रेस बसपा और जनसत्ता दल के विधायक शामिल रहे। यहां विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी साथ रहे।

इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायक उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ मंदिर परिसर में बैठकर राम की भक्ति में भजन भी गुनगुनाए। इस दौरान सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई। इसकी कमान खुद गृह सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार ने संभाली। वीवीआईपी मूमेंट के दौरान आम श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया। अयोध्या धाम में रविवार को मंत्रिमंडल के साथ बड़ी संख्या में आम श्रद्धालुओं ने भी रामलला के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को सामने देखकर गदगद हो जय श्रीराम का उद्घोष किया।

इससे पहले अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे दस लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हुआ और करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा, जबकि मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे।



रामलला के दर्शन के बाद मंदिर परिसर में योगी सरकार के मंत्री-विधायक जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए।

▸▸ **बसों के अंदर रामधुन बजाई जगह-जगह लोगों ने बरसाए फूल**

### मैं बहुत भावुक हूं: सतीश महाना

दर्शन करने के बाद राज्य विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि मैं बहुत भावुक हूं, क्योंकि मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो 6 दिसंबर को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था जब 1990 में यहां गोली चली थी। मैं उस समय यहां पर आया था, जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था और आज सबसे सौभाग्य की बात है कि भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके अलावा कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्र मोना, बसपा नेता उमाशंकर सिंह, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष राजा भैया भी विधायकों के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

### विधायक और मंत्रियों के समूह पर पुष्पवर्षा

विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर विधायकों का स्वागत किया।

# हल्द्वानी हिंसा मामले में 25 और दंगाई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे मामले में पुलिस ने एक नामजद समेत 25 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दंगाइयों की संख्या अब 30 हो गई है। इन दंगाइयों के पास से पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लूटे गए 99 सरकारी कारतूस, 54 अन्य कारतूस तथा सात तमंचे भी बरामद किए गए हैं। हालांकि मास्टरमाइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

इस बीच प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील देते हुए अब इसे सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक सीमित कर दिया है। हालांकि स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रविवार को अर्द्धसैनिक बलों की चार कंपनियां यहां पहुंच गईं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों से लूटे गए कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां होंगी।



▸▸ **आरोपियों के पास से तमंचे और 153 कारतूस बरामद**

हल्द्वानी में हुई घटना में शामिल उपद्रवियों पर कार्रवाई जारी है। दंगाइयों को एक-एक कर गिरफ्तार किया जा रहा है। प्रदेश में जो भी अतिक्रमण है, उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी और इस अभियान को रोका नहीं जाएगा। - **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

**कर्फ्यू में ढील, आवश्यक सेवाएं सुचारूः** जिलाधिकारी वंदना ने कर्फ्यू में और ढील दी है। अब कर्फ्यू को सिर्फ बनभूलपुरा थाना क्षेत्र तक ही सीमित कर दिया गया है। बनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर शेष हल्द्वानी में कर्फ्यू हटाए जाने के बाद नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन ने बनभूलपुरा में भी आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर दिया। बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू करने के साथ ही मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए गए।

# भाजपा ने राज्यसभा के लिए यूपी से की सात प्रत्याशियों की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से सात प्रत्याशियों की घोषणा की है। भाजपा की सूची दर्शाती है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के लिए प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काट दिया है। मौजूदा सदस्यों में से केवल सुधांशु त्रिवेदी को दोबारा मौका मिल रहा है। उम्मीदवारों की रविवार को जारी सूची में भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह और पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के नाम शामिल है।

इसके अलावा आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर भाजपा की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से भाजपा की पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया गया है।

▸▸ **प्रदेश के मौजूदा नौ राज्यसभा सदस्यों में से आठ का टिकट काटा**

### सपा से रामजीलाल और जया बच्चन उम्मीदवार

**आगरा।** राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन और जया बच्चन को समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाया है। विधायकों की संख्या के आधार पर समाजवादी पार्टी के दो सांसद निर्वाचित होना तय है। राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर रामजीलाल सुमन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात की खुशी है कि पार्टी ने उन पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा आज हो सकती है।

# सागरिका घोष और सुष्मिता देव टीएमसी की रास उम्मीदवार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव और दो अन्य लोगों के नामों की रविवार को घोषणा की। टीएमसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हमें आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मोहम्मद नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर की उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।' टीएमसी ने कहा, 'हम उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।'

# आगरा में मां-बेटे की हत्या करने के बाद फांसी के फंदे पर झूला कारोबारी

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचारः** थाना न्यू आगरा के लायर्स कॉलोनी में रविवार को एक ही परिवार के तीन शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कारोबारी तरुण चौहान के घर सुबह जब नौकरानी पहुंची तो उसने देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ है और उनकी मां और उनके 12 वर्षीय बेटे का शव बेड पर पड़ा हुआ है।

नौकरानी ने इसकी सूचना पड़ोसी और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तरुण चौहान के शव को फंदे से उतारा। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय के मुताबिक तरुण चौहान की पत्नी खाटू श्याम दर्शन के लिए गई हुई थी। प्रथम दृष्टया मां और बेटे को पहले जहरीला पदार्थ दिया गया और उसके बाद तरुण चौहान ने फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच शुरू की तो तरुण का मोबाइल मिला। मोबाइल में पुलिस को एक वीडियो मिला, जिसे खुद तरुण ने बनाया था। इस वीडियो में वह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वह कर्ज में फंस गया है। उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा दांव पर है। अब उसका जीने का मन नहीं कर रहा है।

खाटू श्याम से लौटकर आई पत्नी को रो-रोकर बुरा हाल है। उसने बताया वह अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे। उसे एक दिन के लिए भी अपने से अलग नहीं करते थे।

▸▸ **आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो, करोड़ों के कर्ज से परेशान होना बताया**



# एटा में सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या, खेत में मिला शव

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गाजीपुर पहोर में शनिवार को सात वर्षीया बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची का शव गांव के बाहर सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल लिया।

कोतवाली देहात इलाके के ग्राम गाजीपुर पहोर निवासी सात वर्षीया बच्ची शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे घर से अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। शाम करीब 4 बजे तक वह नहीं लौटी तो मां ने तलाशना शुरू किया। देर शाम बच्ची का पता नहीं चला तो सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दे दी गई। शनिवार रात करीब 10 बजे डॉग स्क्वायड की मदद से गांव के बाहर सरसों के खेत में बच्ची का शव बरामद हुआ। उसके कपड़े फटे हुए थे। उसकी दुष्कर्म के बाद हत्या की गई थी।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उसी गांव के 26 वर्षीय युवक जवाहर शर्मा ने घटना को अंजाम दिया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

▸▸ **पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी को किया गिरफ्तार, पूछताछ में जुर्म कबूला**

# सशस्त्र पुलिस के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय के अधीन केंद्रीय पुलिस बलों में अब हिंदी अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा देने की छूट मिली है। इसका पहली बार प्रयोग केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सिपहिया की होने वाली भर्ती के दौरान किया जाएगा।

7 मार्च को आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा में 128 शहरों के करीब 48 लाख उम्मीदवार 20 फरवरी से 7 मार्च तक क्षेत्रीय भाषाओं में लिखित परीक्षा दे सकेंगे। अभी तक यह व्यवस्था सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी भाषा के लिए थी। जिन क्षेत्रीय भाषाओं को लिखित परीक्षा के लिए शामिल किया गया है, उसमें गुजराती, बंगाली, उर्दू, पंजाबी, मराठी, मलयालम, तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया, मणिपुरी, कोंकणी एवं असमिया भाषा हैं। गृहमंत्री अमित शाह की पहल पर सरकार ने उक्त आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

# बुंदेलखंड ठंडे बस्ते में, केन-बेतवा लिंक की तैयारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सरकारों ने प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य को पीछे धकेलते हुए केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना को ज्यादा महत्व देना शुरू किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस परियोजना का इसी माह कभी भी शिलान्यास कर सकते हैं। परियोजना की लागत 46 हजार करोड़ है। इसमें 90 प्रतिशत केंद्र एवं पांच-पांच प्रतिशत उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें देंगी।



इस परियोजना का परिचय तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के समय में वर्ष 2003 में नदी जोड़ परियोजना से हुआ था, लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्ष तक इस परियोजना में कोई कार्य नहीं हुआ। मोदी सरकार ने इस योजना पर जब काम शुरू किया तो वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के लैंड यूज पर आपत्ति दर्ज कर दी थी, जिसके चलते यह परियोजना फिर अधर में लटक गई। अब 6017 हैक्टेयर वन भूमि का लैंड यूज बदलने की अनुमति वन मंत्रालय ने दे दी है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने इस परियोजना की पहली किस्त भी जारी कर दी है।

▸▸ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी माह कर सकते हैं शिलान्यास**

▸▸ **उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 13 जिले होंगे लाभान्वित**

परियोजना के तहत पन्ना जिले में एक बांध बनेगा और वहां एक नहर के माध्यम से केन नदी का अतिरिक्त पानी बेतवा नदी में छोड़ा जाएगा। परियोजना पूरी होने के बाद उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की काया बदलने का दावा किया जा रहा है। दोनों राज्यों की लगभग 8 लाख हेक्टेयर बंजर व असिंचित जमीन को उपजाऊ व सिंचित बनाया जाएगा। दोनों राज्यों के 62 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाले दो (थर्मल व सोलर) पावर प्रोजेक्ट भी चलेंगे।



# बुमराह की प्रशंसा में अश्विन ने कहा- बूमबॉल अद्भुत

## क्रिकेट के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बुमराह की बड़ी उपलब्धि



**9 विकेट लेकर टेस्ट में पहुंचे शीर्ष पर, इससे पहले वनडे और टी-20 में भी बनाया था स्थान**

चेन्नई, एजेंसी

भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने साथी जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनकी 'बूमबॉल' ने कमाल कर दिया और इस तेज गेंदबाज का तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। बुमराह के गेंद से शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में 106 रन की जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की पहली पारी में 'रिवर्स स्विंग' से बेहतरीन प्रदर्शन किया और 45 रन देकर छह विकेट झटके। इसके बाद दूसरी पारी में तीन विकेट से मैच में 91 रन देकर कुल 9 विकेट प्राप्त किए। इस प्रदर्शन की बदौलत बुमराह टेस्ट रैंकिंग सूची में शीर्ष पर पहुंच गए और वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज भी बने। बुमराह ने इससे पहले वनडे और टी20 में भी शीर्ष स्थान हासिल किया था। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि सबसे शानदार प्रदर्शन 'बूमबॉल' था। बुमराह ने असाधारण गेंदबाजी की। वह 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और साथ ही नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गए। सभी प्रारूपों में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज। मैं उनका बड़ा प्रशंसक हूं और यह बड़ी उपलब्धि है। अश्विन ने कहा कि दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खिलाड़ियों में जो उत्साह और ऊर्जा थी, उससे भारत को मनोवैज्ञानिक नतीजा हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि हम चौथे दिन बराबरी पर थे, लेकिन टीम के खिलाड़ियों में शानदार उत्साह, ऊर्जा और प्रदर्शन से श्रृंखला 1-1 से बराबर करने में मदद मिली। 5 मैच की श्रृंखला हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेली जा रही है। अश्विन ने कहा कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने इन स्थानों पर टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है।

**इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग से बेहतरीन प्रदर्शन कर 45 रन देकर 6 विकेट झटके थे**

# मैक्सवेल के शतक से ऑस्ट्रेलिया जीती

एडीलेड, एजेंसी

आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को दूसरे 20-20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद पर 8 छक्के और 12 चौके जमाए। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले 7 ओवर में 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पावेल (63 रन) और आंद्रे रसेल (37 रन) ने उम्मीद जगाई, लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर 3 और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद



**वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से बनाई बढ़त**

ऑस्ट्रेलिया का स्कोर भी 6.4 ओवर के बाद 3 विकेट पर 64 रन था। मैक्सवेल ने स्टोइनिस (16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े। आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ा जो ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतर्राष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने द. अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाए शतक को पीछे छोड़ा।

## खेल डायरी

### नागल और रामकुमार बेंगलुरु ओपन के पहले दौर में फ्रांस के प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगे



बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के पुरुष एकल मुख्य ड्रा में ज्योफ्रे ब्लांकानॉक्स से भिड़ेंगे जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले रामकुमार रामनाथन का सामना मैक्सिम जानवियर से होगा। विश्व रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज नागल फ्रांस के ब्लांकानॉक्स को तीन बार हरा चुके हैं, जिसमें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में उन्हें पराजित करना भी शामिल है। भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी रामकुमार का फ्रांस के जानवियर के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 1–1 की बराबरी का है और अगर वह पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो उनके इटली के शीर्ष वरीय लुका नार्डी से भिड़ने की उम्मीद है जिन्हें पहले दौर में क्वालीफायर से भिड़ना है। आस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को तीसरी वरीयता मिली है और वह अपने अभियान की शुरुआत भारतीय वाइल्ड कार्डधारी प्रज्वल देव के सामने होंगे। युगल के मुख्य ड्रा में नौ भारतीय हैं। एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमान का सामना जर्मनी के मार्क वॉल्नर और जैकब श्नेटर से होगा।

### मेस्सी के नहीं खेलने पर अर्जेंटीना का चीन दौरा रद

हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी क्लब मैच में नहीं खेलने से स्थानीय फुटबॉल अधिकारियों ने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के दोनों मैत्री मैच को रद कर दिए। बीजिंग फुटबॉल संघ ने कहा कि वह मार्च में बीजिंग में आइवरी कोस्ट के खिलाफ अर्जेंटीना का मैत्री मैच आयोजित नहीं करेगा। बीजिंग की इस समय वो मैच आयोजित कराने की योजना नहीं है जिसमें लियोनल मेस्सी को हिस्सा लेना था। वहीं एक दिन पहले चीन के खेल अधिकारियों ने नाईजीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना का प्रदर्शनी मैच रद्द कर दिया था। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतर्राष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था।

### करण-मुकुंद बेंगलुरु ओपन के क्वालीफायर में हारे

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए बेंगलुरु ओपन में दिन मुश्किल भरा रहा, जिसमें पांच घरेलू खिलाड़ी पुरुष एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले करण सिंह को पहले दौर में डान एडिड से हार मिली जबकि शशिकुमार मुकुंद इटली के एस विन्सेंट रूगेरी से पराजित हो गए। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी यूक्रेन के एरिक वाशेलबोइम से हार गए। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले निकी पूनाचा और आदिल कल्याणपुर भी बाहर हो गए। पूनाचा को आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टॉमिच से हार मिली। आदिल को कोरिया के आठवें वरीय युन सियोंग चुंग से शिकस्त मिली।

### तेजस्विन ने शुरुआती प्रतियोगिता में स्वर्ण जीता

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम के हेस्ट–ऑप–डेन–बर्ग में इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 2.23 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल अक्टूबर के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे 25 वर्षीय शंकर



शनिवार को विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर टूर्नामेंट में यूनान के एंटोनियोस मर्लोस (2.20 मीटर) से आगे रहे। शंकर के नाम पुरुषों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन दोनों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, लेकिन वह अपने 2.29 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर नहीं कर पाए। शंकर डेकाथलॉन पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में इस स्पर्धा का कांस्य पदक और एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें 2.33 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल करना होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीयों में जेसे संदेश 2.09 मीटर की कूद से संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। शंकर अब 20 फरवरी को चेक गणराज्य में होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे।

# अंडर-19 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया ने जीता, भारत को 79 रन से हराया

## चौथी बार बना विजेता, 253 रन का लक्ष्य, भारतीय टीम 174 पर सिमटी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को खेले गए फाइनल मैच में 79 रन से जीत दर्ज करके चौथी बार अंडर-19 विश्व कप जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 253 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम इसके जवाब में 43.5 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से हरजस सिंह (55 रन), हैरी डिक्सन (42), कप्तान ह्यू वीबगेन (48) और ओलिवर पीक (नाबाद 46) ने योगदान दिया। भारत के तेज गेंदबाज राज लिंबानी ने 3 विकेट जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 2 विकेट लिए। भारतीय बल्लेबाज परिस्थितियों से सामंजस्य नहीं बिठा पाए। भारत के केवल 4 बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिसमें सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाज मुरूगन अभिषेक (42) भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज माहलि बीयर्डमैन ने 3 विकेट जबकि कैलम विडलर ने 2 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर रैफ मैकमिलन ने 3 विकेट लेकर अच्छा योगदान दिया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज अर्शीन कुलकर्णी (3) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कैलम विडलर की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया। मुशीर खान (22 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। माहलि बीयर्डमैन की गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकटों में समा गई। आदर्श ने एक छोर संभाले रखा लेकिन दूसरी तरफ से विकेट गिरते रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमी फाइनल में जीत के नायक रहे कप्तान उदय सहारन (8) और सचिन धास (9) दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए जबकि प्रियांशु मोलिया (9) और विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेल्ली अवनीश (0) ने भी निराश किया जिससे भारत का स्कोर 6 विकेट पर 91 रन हो गया। बीयर्डमैन ने आदर्श को विकेट के पीछे कैच कराकर उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया और भारत की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। मुरुगन और नमन तिवारी (नाबाद 14) नौवें विकेट के लिए 46 रन जोड़े लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हो पाया। इससे पहले लिंबानी ने सलामी बल्लेबाज सैम कोन्स्टास (0) को अंदर आती गेंद पर बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को शुरू में झटका दिया। डिक्सन और वीबगेन ने दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी की। डिक्सन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी पर दो चौके और एक छक्का लगाया। डिक्सन और वीबगेन को लगातार ओवरों में आउट किया। वीबगेन ने प्वाइंट पर मुशीर खान को कैच दिया जबकि डिक्सन का कैच अभिषेक मुरूगन ने लपका।


# अजित के 5 विकेट के बावजूद कर्नाटक का पलड़ा भारी

**रणजी ट्राफी ग्रुप सी**

चेन्नई, एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर अजित राम के पांच विकेट की बदौलत तमिलनाडु ने रविवार को यहां कर्नाटक को दूसरी पारी में 139 रन पर आउट कर दिया, लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के इस मैच में अपना पलड़ा भारी रखा।

राम ने 61 रन देकर 5 और साइ किशोर में 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जिससे कर्नाटक की टीम 56.4 ओवर में आउट हो गई। उसने तमिलनाडु के सामने 355 रन का लक्ष्य रखा। कर्नाटक के 366 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में केवल 151 रन बनाने वाले तमिलनाडु में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 36 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 319 रन पीछे है। उधर मोहाली में मेजबान पंजाब पर हार का खतरा मंडरा रहा है। उसने गुजरात के खिलाफ 411 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 40 रन बनाए हैं। चंडीगढ़ में खेले



चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रणजी मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज।

जा रहे ग्रुप-सी के मैच में त्रिपुरा ने मणिसंकर मुरासिंघ (94), गणेश सतीश (88), कप्तान रिद्धिमान साहा (66) और बिमरनजीत देबनाथ (64) के अर्धशतकों की मदद से चंडीगढ़ के 356 रन की जवाब में पहली पारी में 438 रन बनाए। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 116 रन बनाए हैं। शिवम भांबरी 61 और अर्सलान खान 49 रन पर खेल रहे हैं। सूरत में गोवा ने रेलवे के खिलाफ 306 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 1 विकेट पर 93 रन बनाए हैं। उसकी टीम लक्ष्य से अभी 213 रन पीछे है।

# अफीफ की हैट्रिक से कतर ने जीता खिताब



**एशियाई कप**

लुसैल (कतर), एजेंसी। कतर ने अकरम अफीफ की पेनल्टी पर की गई हैट्रिक की बदौलत शनिवार को जोर्डन को 3–1 से हराकर लगातार एशियाई कप खिताब अपनी झोली में डाला। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और 8 गोल से शीर्ष स्कोररर अफीफ ने शनिवार को लुसेल स्टेडियम में तीनों स्पॉट किक को गोल में तब्दील करने में जरा भी गलती नहीं की। पिछले साल इसी स्टेडियम में विश्व कप का फाइनल खेला गया था, जिसमें लियोनल मेस्सी और किलियान एमबापे ने इसे रोमांचक बना दिया था। लेकिन शनिवार को अफीफ आकर्षण का केंद्र रहे और वह एशियाई कप फाइनल में हैट्रिक लगाने वाले पहले फुटबॉलर बने। जापान ने 2000 और 2004 में लगातार एशियाई कप खिताब जीता था। इसके बाद से कतर लगातार खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। स्टेडियम में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। अफीफ ने 22वें मिनट में पहली पेनल्टी को गोल में बदला, जिसके बाद यजान अल नेमत ने 67वें मिनट में गोल कर जोर्डन को बराबरी पर ला दिया। अफीफ ने फिर 73वें मिनट में स्पॉट किक से और 'स्टॉपेज टाइम' (95वें मिनट) मिनट में स्पॉट किक से गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं इन पेनल्टी को गोल में बदल सका क्योंकि मेरे साथियों को मुझ पर पूरा विश्वास था। यह तकनीक के बारे में नहीं बल्कि उस अहसास के बारे में है कि लोग यानी मेरी टीम मेरे पीछे समर्थन के लिए खड़ी है।

# भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से बाहर इंग्लैंड के स्पिनर लीच

लंदन, एजेंसी



इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से भारत के खिलाफ बचे तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ये घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में पहले टेस्ट दौरान बाएं पैर के घुटने में चोट लगी थी, जिससे वह विशाखापत्तनम के टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ईसीबी ने कहा कि वह 24 घंटे में अबुधाबी से घर रवाना होंगे, जहां इंग्लैंड की टीम राजकोट में होने वाले टेस्ट से पहले रुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

### शक्तिमान का किरदार निभा सकते हैं रणवीर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने शक्तिमान का किरदार निभाने में दिलचस्पी दिखाई है। निर्माताओं को लगता है कि वह शक्तिमान के किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकते हैं। सोनी पिक्चर्स और साजिद नाडियाडवाला मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। कहा जा रहा है कि जब एक बार रणवीर सिंह, डॉन 3 की शूटिंग खत्म कर देंगे उसके बाद शक्तिमान की शूटिंग शुरू होगी। बताया जा रहा है कि ये एक बिग बजट फिल्म होने वाली है। मेकर्स इसको बनाने में लगभग 300–350 करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं।

### वैलेंटाइन वीक पर 22 रोमांटिक फिल्में हुई री- रिलीज

मुंबई, एजेंसी। वैलेंटाइन वीक के अवसर पर 22 रोमांटिक फिल्में री– रिलीज की गई हैं। पीवीआर आईनॉक्स ने वेलेंटाइन वीक के अवसर पर कई रोमांटिक फिल्मों को री– रिलीज किया है। इन फिल्मों की लिस्ट में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'ये जवानी है दीवानी' 'जब वी मेट', 'मोहब्बतें', 'वीर जारा', 'प्यार का पंचनामा', 'दिल तो पागल है' और 'तू झूठी मैं मक्कार' समेत 22 फिल्में शामिल है। ये फिल्में मुंबई, दिल्ली और गोवा सहित 62 शहरों में री–रिलीज हुई हैं।

### 9 अरब कमाकर भी शांत नहीं होना वाला है 'एनिमल'



'एनिमल' से बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले रणबीर कपूर आगे कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। दिसंबर 2023 में 'एनिमल' के जरिए रणबीर कपूर ने इतिहास रच दिया। रिलीज के पहले दिन से ही फिल्म का दबदबा रहा और दुनियाभर में इस फिल्म ने 915 करोड़ यानी 9 अरब का कारोबार किया और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर हो गई। ये मामला यहीं पर रुकने वाला नहीं है। एनिमल के बाद रणबीर के खाते में और भी कई ऐसी फिल्में हैं, जो बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रखने का दम रखती हैं। **निमल पार्क :** एनिमल के साथ ही मेकर्स ने ये भी ऐलान कर दिया था कि इसका सीक्वल आएगा, जिसे 'एनिमल पार्क' के नाम से रिलीज किया जाएगा। 'एनिमल' के आखिरी सीन को देखकर इस बात का अंदाजा लग गया था कि दूसरे पार्ट में और भी ज्यादा खून खराबा होने वाला है। 'एनिमल' की दमदार कमाई देखकर ये अनुमान लगाया जा सकता है कि 'एनिमल पार्क' भी बॉक्स ऑफिस हिलाकर रख सकती है। **ब्रह्मास्त्र 2 :** रणबीर की अपकमिंग फिल्मों में 'ब्रह्मास्त्र 2' भी है। 2022 में इसका पहला पार्ट आया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। **रामायण :** इस लिस्ट में नितेश तिवेश तिवारी के डायरेक्शन में बनने जा रही 'रामायण' भी है। **लव एंड वॉर :** इस फिल्म को संजय लीला भंसाली बना रहे हैं। इसमें रणबीर के साथ उनकी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। साथ ही विक्की कौशल भी इस फिल्म में लीड रोल में हैं। यानी इस फिल्म में ये तीनों बड़े सितारे एक साथ दिखेंगे। ऐसे में हो सकता है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दे। पिछले कुछ समय से एक फिल्म की और चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि उस फिल्म को राजकुमार हिरानी बनाएंगे और रणबीर उसमें लीड रोल में होंगे। हालांकि अभी तक ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं है।

### रामचरण को लेकर फिल्म बनाएंगे संजय लीला भंसाली



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के फिल्मकार संजय लीला भंसाली दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण को लेकर फिल्म बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर तथा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। चर्चा है कि इसके साथ ही भंसाली एक नई पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली इस फिल्म में रामचरण को कास्ट करेंगे। फिल्म की कहानी अमीश त्रिपाठी की बुक, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव पर आधारित है। सुहेलदेव के रोल के लिए भंसाली की टीम ने कुछ समय पहले रामचरण से संपर्क किया है। रामचरण ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ ली है। यदि रामचरण के मन मुताबिक सबकुछ सही रहा तो वो इस फिल्म में राजपूत योद्धा सुहेलदेव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। अमीश त्रिपाठी द्वारा लिखित, द लीजेंड ऑफ सुहेलदेव महान राजा सुहेलदेव की बहादुरी की कहानी पर आधारित है। राजा सुहेलदेव ने बहराइच की लड़ाई में गाजी सैय्यद सालार मकसूद की सेना को हराया था।

### दबंगी - मुलगी आई रे आई' में लीप के बाद रचना मिस्त्री ने ली आर्या की जगह



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिलचस्प कहानी, 'दबंगी – मुलगी आई रे आई' में 14 फरवरी से 14 साल का लीप देखने को मिलेगा, जिसमें आर्या अपने बाबा अंकुश और अपनी आई छाया की मौत का बदला लेने के लिए वापस लौटेगी। जैसे–जैसे कहानी सामने आती है, दर्शक 14 साल का लीप देखेंगे, जो आर्या के प्रतिशोध से भरी कहानी को एक नई दिशा देगी। लीप के बाद बड़ी हो चुकी आर्या की भूमिका में प्रतिभाशाली अभिनेत्री रचना मिस्त्री कदम रखेंगी। ऐरा के वेश में और न्याय की चाहत से प्रेरित, आर्या, अभी भी अपनी दबंगी वाला हौसला रखती है, लेकिन नई परिपक्वता के साथ, अपनी आई, छाया और बाबा अंकुश की हत्याओं का प्रतिशोध चाहती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### दुकान में लगी आग से हजारों का सामान राख

चित्रकूट, अमृत विचार। नवीन गल्ला मंडी शंकर बाजार में एक बैग की दुकान में लगी आग से सामान राख हो गया। आग की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। शंकर बाजार में देवीचरण अग्रहरि की बालाजी बैग हाउस नाम से दुकान है। वह रोजाना की तरह शनिवार रात दुकान बंद कर घर गया था। रात में लगभग 11 बजे आग लग गई और लगभग 80 हजार का माल जल गया।

### पं. दीनदयाल को किया याद

चित्रकूट,अमृत विचार। दीनदयाल शोध संस्थान ने रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। दीनदयाल पार्क में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। अभय महाजन ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि व्यक्ति की समग्र जरूरतों का मूल्यांकन किए बिना कोई भी विचार भारत के विकास के अनुकूल नहीं होगा।

# रजिस्ट्री आफिस में आग लगाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**खुलासा**

- चोरी करने के इरादे से घुसे थे तीन आरोपियों की तलाश जारी
- दो लैपटॉप बरामद, तिजोरी न टूटने पर दफ्तर में लगा दी थी आग

चित्रकूट कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और जानकारी देते पुलिस अधीक्षक,व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** ...तो रजिस्ट्री आफिस में माल न मिलने पर ही चोरी के आरोपियों ने आग लगा दी थी। पुलिस की मानें तो, इसकी वजह जांच की दिशा मोड़ने की मंशा थी। रविवार को पुलिस ने धुस मैदान स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय में हुई आगजनी का खुलासा कर दिया।

एसपी अरुण कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्रकारवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीन की तलाश जारी है। इनसे दो लैपटॉप और अन्य सामान बरामद किया गया है।

बीती 23/24 जनवरी की रात धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में आगजनी की घटना हुई थी। सब-रजिस्ट्रार राजेश सिंह की तहरीर पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसपी ने कोतवाली कर्वी एवं एसओजी की संयुक्त टीम को गठित किया था। 11 फरवरी को पुलिस ने विवेचना से प्रकाश में आए चार आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर भैरोपागा डॉट पुल के पास से पकड़ा। इनसे चोरी चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनमें दीपक यादव, अजय यादव, अरमान और अर्पित निषाद शामिल हैं।

**पुलिस की संयुक्त टीम में ये रहे शामिल:** एसओजी की टीम में प्रभारी एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी नितेश, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा और पवन राजपूत रहे। कोतवाली कर्वी की टीम में प्रभारी अजीत कुमार पांडेय, एसआई अनिल कुमार गुप्ता, आरक्षी कुलदीप व राहुल देव शामिल रहे।

### कार्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया था

एसपी ने बताया कि आरोपियों ने यह भी बताया कि पहचान सीसीटीवी में कैद न हो, इसलिए सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया था। एसी के सामान एवं तीनों लैपटॉप को ले गए थे। दो लैपटॉप हमारे पास हैं। एक लैपटॉप उन तीन आरोपियों के पास है, जो अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।


रजिस्ट्री आफिस में आगजनी की घटना के बाद का दृश्य। (फाइल फोटो)

### शराब पीने के दौरान बनायी थी चोरी की योजना

एसपी के अनुसार, आरोपियों ने बताया कि घटना वाली रात वे कुल सात लोग रजिस्ट्री कार्यालय के पास शराब पी रहे थे कि चोरी करने की योजना बनी। इन लोगों ने हथौड़े से रजिस्ट्री कार्यालय की खिड़की में लगे एसी को तोड़ा और सामने के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे। तीन लैपटॉप चुराए। तिजोरी तोड़ने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने कुबूला है कि चोरी की घटना का दूसरा रुख देने के लिये बैनामा आदि के कागजात में आग लगा दी थी।

### बहुचर्चित रहा आगजनी का मामला

रजिस्ट्री आफिस में आगजनी की यह घटना चर्चा में रही। तब आशंका जताई गई थी कि जरूरी कागजातों को नष्ट करने की मंशा से चोरी की बात कही जा रही है और आग लगाई गई है। पुलिस के खुलासे ने इस बहुचर्चित मामले का पटाक्षेप तो किया पर अब भी लोगों की मानें तो कई सवाल अनुत्तरित हैं। हालांकि मामले के खुलासे में आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भूमिका अहम मानी जा रही है।

## दुराचार के आरोपी सहित 7 गिरफ्तार

**चित्रकूट कार्यालय, अमृत विचार।** पुलिस ने दुराचार के आरोपी सहित विभिन्न मामलों में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। निरीक्षक अपराध थाना राजापुर बलवान सिंह ने पाक्सो व आईटी एक्ट के वांछित अभियुक्त हरिओम को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के एसएसआई रामवीर सिंह ने आबकारी अधिनियम के वारंटी आकाश चौधरी को पकड़ा। कोतवाली कर्वी के एसआई राकेश सिंह ने वारंटी आशीष कुमार पांडेय, भरतकूप थाने के एसआई पवन कुमार त्रिपाठी ने वारंटी मूलचंद्र उर्फ मुरमुंडा को गिरफ्तार किया। पहाड़ी थाने के एसआई खलील अहमद ने वारंटी विजयपाल यादव गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मारकुंडी मनीष कुमार ने वारंटी नंदू कोल, बरगढ़ थाने के एसआई अनिल कुमार मिश्रा ने वारंटी सुनील कुमार आदिवासी निवासी महरजा बोझ को गिरफ्तार किया।

# 10 केंद्रों पर 4 हजार अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## जिले में शांतिपूर्ण माहौल में हुआ समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी का इम्तिहान

चित्रकूट कार्यालय


चित्रकूट इंटर कॉलेज में अभ्यर्थी के कागजातों की जांच करते प्रधानाचार्य।


पोद्दार इंटर कॉलेज में मुआयना करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में पहली बार हुई उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। 10 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा हुई। पंजीकृत 5558 में लगभग 4000 अभ्यर्थियों ने इसमें भाग्य आजमाया।

परीक्षा की नोडल अफसर एडीएम वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में नकलविहीन और शुचितापूर्वक परीक्षा कराई गई। सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ ही सह केंद्र व्यवस्थापकों के सहयोग से परीक्षा संपन्न हो गई। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में पंजीकृत 960 परीक्षार्थियों में 688 शामिल हुए। यहां ए ब्लाक में स्टेटिक मजिस्ट्रेट जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, केंद्र व्यवस्थापक डॉ. रणवीर सिंह चौहान, सह केंद्र व्यवस्थापक डॉ. सनत कुमार द्विवेदी नजर बनाए रखे। उप जिला मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार झा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ब्लॉक बी में स्टेटिक मजिस्ट्रेट जिला कृषि अधिकारी राजपति शुक्ला, केंद्र व्यवस्थापक श्रीनिवास त्रिपाठी, सह केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र मिश्रा की देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा विभाग के विवेक तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, रामगोपाल दुबे, डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, रामबचन सिंह, फूलचंद चंद्रवंशी, तीरथ पटेल, ॠषि कुमार शुक्ला, डॉ. रमेश सिंह चंदेल, शंकर प्रसाद यादव, शक्ति सिंह सेंगर, रामशरण, हरिश्चंद्र, ललक सिंह, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, प्रदीप शुक्ला, राकेश सिंह आदि का सहयोग रहा।

### डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का मुआयना

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को समीक्षा/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा.) परीक्षा के केंद्रों का मुआयना किया। उन्होंने इस दौरान सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा। दोनों अधिकारियों ने सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं चित्रकूट इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारी एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**निरीक्षण**

- कल से आयोजित किया जाएगा बुंदेलखंड गौरव महोत्सव

चित्रकूट कार्यालय


व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव कल से शुरू होगा। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ रविवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज में इस संबंध में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों से व्यवस्थाओं के संबंध में प्रमाणपत्र ले लिया जाए।

डीएम ने इस मौके पर कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम सीआईसी मैदान में होगा। दोनों अधिकारियों ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से मंच, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने उप जिलाधिकारी सौरभ यादव और क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय को निर्देश दिए कि पार्किंग स्थल की व्यवस्था दुरुस्त करें। अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव को कार्यक्रम स्थलों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित करने को कहा। निर्देश दिए कि सीएमओ से संपर्क कर मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की भी व्यवस्था कराएं। विद्युत व्यवस्था के संबंध में विद्युत विभाग और स्टेज, टेंट आदि के संबंध में लोक निर्माण विभाग से प्रमाणपत्र लें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को होर्डिंग व प्रचार वाहनों से महोत्सव का प्रचार-प्रसार कराने और डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा को राजकीय विद्यालयों के बच्चों के साथ निजी विद्यालयों को भी प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, प्रभारी निरीक्षक अजीत पांडेय आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्मलीन महंत सालिकराम की स्मृति में हुआ भंडारा

**सीतापुर (चित्रकूट), अमृत विचार।** महंत सालिकराम के ब्रह्मलीन होने के बाद रविवार को उनकी स्मृति में भंडारे का आयोजन किया गया। नामदेव दर्जी समाज बरहा हनुमानजी मंदिर खोही के अध्यक्ष अशोक नामदेव (पत्रकार) व प्रबंधक राकेश नामदेव (पूर्व क्षेत्रीय मंत्री कानपुर बुंदेलखंड भाजपा पिछड़ा मोर्चा) ने बताया कि करीब 96 वर्ष की आयु में महंत 22 जनवरी को ब्रह्मलीन हो गए। धर्मशाला समिति के संरक्षक डा. हरीशंकर नामदेव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार के सहयोग से अंतिम संस्कार किया गया। अमावस्या पर हवन पूजन कर कन्याओं तथा संत समाज को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में संतोष, राजेंद्र वर्मा, शिवशंकर, श्रीनिवास, सुरेंद्र नामदेव, कीरतराम, उर्मिला, बैजनाथ आदि थे।

# ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मां गंभीर

चित्रकूट कार्यालय


रोती-बिलखती परिवार की माहिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत हो गई। घटना में उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। युवक की पिछले वर्ष शादी हुई थी। पुलिस ने ट्रक बरामद कर लिया है।

हाईवे पर हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा। जानकारी के मुताबिक अतर्रा (बांदा) निवासी सूरज (24) को शनिवार की रात शिवरामपुर में चौहान ढाबे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। उसकी मां रेनू गंभीर रूप से घायल हो गई। पिता चुनबाद ने बताया कि सूरज अपनी मां के साथ कालूपुर पाही में निमंत्रण में गया था। रात में लौटते समय शिवरामपुर में चौहान ढाबे के पास सामने से आ रहे गिट्टी से भरे ट्रक की तेज लाइट देख उसने अपनी बाइक किनारे में कर ली। इसके बाद भी ट्रक चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। सूरज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रेनू भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सूरज की पिछले साल मई में शादी हुई थी और उसकी पत्नी गर्भवती है। हादसे से परिवार में रोना-पीटना मच गया।


चयनित टीम में शामिल सोनाली और रिंकी तथा साथी खिलाड़ी। अमृत विचार

### नेशनल क्रास कंट्री रेस में हिस्सा लेंगी सोनाली और रिंकी

**चित्रकूट कार्यालय, अमृत विचार।** जिले से दो होनहार छात्राएं सोनाली और रिंकी राष्ट्रीय स्तर की क्रास कंट्री रेस में हिस्सा लेंगी। यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र में होगी। दोनों ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में नौ फरवरी को हुई राज्यस्तरीय क्रास कंट्री में भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की है। नेशनल क्रास कंट्री रेस महाराष्ट्र में 15 फरवरी को होगी। सोनाली अतर्रा डिग्री कालेज में बीए की छात्रा है है। सोनाली ने सेना में भर्ती होने की इच्छा जताई है। रिंकी यादव गोस्वामी महाविद्यालय में बीए फाइनल की छात्रा है। इस सफलता के लिए दोनों ने अपने माता-पिता, क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार, एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव को श्रेय दिया है।

# पुराने साथियों ने साझा की यादें

**ग्रामोदय महोत्सव**

सीतापुर (चित्रकूट)


पुराने छात्र-छात्राओं से बातचीत करते कुलपति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्रामोदय महोत्सव के चौथे दिन महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का माहौल उस समय भावुक हो गया जब एलुमिनी मीट के दौरान पुराने छात्र-छात्राओं ने मिलकर यादें ताजा कीं। इन युवाओं ने कम एंड रिकनेक्ट अभियान से जुड़कर अपेक्षित सहयोग का संकल्प लिया।

कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने पुरा छात्र-छात्राओं से बातचीत की। कुलपति ने इनको आश्वासन दिया कि ग्रामोदय विवि पूर्व छात्र-छात्राओं से जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी उपयोग करेगा। इस मौके पर पूर्व छात्र डॉ. श्रीराम मिश्रा, डॉ. राधा मिश्रा, उत्तम कुमार त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार प्रजापति, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. विजय त्रिपाठी और अलका शर्मा आदि पुरा छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। उधर, खेल परिसर में प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विवेकानंद सभागार में गायन, नृत्य और अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजन डॉ. आरके पांडेय ने किया।

## सार-संक्षेप

### समाजसेविका ने जरूरतमंदों को वितरित किये वस्त्र


जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां वितरित करतीं पारसरानी। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार।** पारस जन कल्याण संस्थान की चेयरमैन पारसरानी शिवहरे ने रविवार को चकमाली में जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां वितरण कीं। पारसरानी ने बताया कि वह सामाजिक कार्यो के लिए समय निकालकर जरूरतमंदों के बीच पहुंचती है और मदद करती रहती हैं। बताया कि वह पिछले वर्षों में भी जिले के कई अलग अलग स्थानों में वस्त्र और खाद्य सामग्री का वितरण कर चुकी हैं।

### नियमित अभियान के तहत की परिक्रमा पथ की सफाई


परिक्रमा पथ की सफाई अभियान में योगदान करते युवा। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार।** नियमित स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा पथ पर रविवार को सफाई की। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को जागरूक भी किया गया। इस मौके पर समिति के कार्यकर्ताओं राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा आदि ने सफाई कार्य में अपना सहयोग दिया।

### सुंदरीकरण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं लोग : लवकुश दास


सुंदरीकरण के लिए ढहाई जा रहीं जर्जर दीवारें।

**भरतकूप (चित्रकूट), अमृत विचार।** श्री भरत मंदिर के महंत लवकुश दास ने कुछ लोगों पर मंदिर क्षेत्र के सुंदरीकरण में व्यवधान डालने का आरोप लगाया है। महंत ने थाना समाधान दिवस में इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है। महंत लवकुश दास ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर क्षेत्र में सुंदरीकरण का काम कराया जा रहा है। इसमें बाउंड्रीवाल, स्तंभ और द्वार का निर्माण शामिल है। आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा श्रमिकों को प्रभावित करके द्वार निर्माण में व्यवधान पैदा किया जा रहा है। ये लोग गेट की चौड़ाई कम करवा रहे हैं। इससे सुंदरीकरण की सार्थकता कम हो रही है। महंत ने आरोप लगाया कि ये लोग पूर्व में बनवाए गए कमरों, जो अब जर्जर हो चुके हैं, को भी नहीं गिरवाने दे रहे। जबकि ये यहां रुकने वाले तीर्थयात्रियों के लिए खतरा बन सकते हैं। महंत ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

**अधिवेशन** — पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई का चुनाव आयोजित, विनय को मिला कोषाध्यक्ष का पदभार

# विजय को अध्यक्ष, मिथलेश को महामंत्री पद की जिम्मेदारी

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)


जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जिला इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ साथी शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू. मा.) शिक्षक संघ की जिला इकाई का रविवार को भरतकूप मंदिर के हाल में अधिवेशन हुआ। इस दौरान निर्वाचन भी हुआ। तीसरी बार विजय कुमार पाण्डेय निर्विरोध जिलाध्यक्ष और मिथलेश कुमार यादव जिला महामंत्री चुने गए।

पर्यवेक्षक शैलेंद्र मिश्रा जिलाध्यक्ष बांदा व ओमप्रकाश दीक्षित संयोजक महोबा की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी व मांडलिक मंत्री सुरेश द्विवेदी व जिला संरक्षक जयप्रकाश मिश्रा भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि महंत लवकुश दास रहे। इस दौरान तीनों पदों पर एक-एक नामांकन होने की वजह से अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महामंत्री मिथलेश कुमार यादव और कोषाध्यक्ष विनय कुमार पांडेय निर्विरोध निर्वाचित हुए। इनको पर्यवेक्षक ने शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर संजीव श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र शिवहरे, श्रीनारायण पांडेय, राघवेंद्र तिवारी, शंकरदयाल सिंह, खेमराज सिंह, शिवबाबू शुक्ला, रामशंकर सिंह, ब्रह्मादीन मिश्रा, लवलेश मिश्रा, राधेश्याम सिंह, रामकृष्ण पांडेय, गौरव सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, नीलाभ गुप्ता, वंदना वर्मा, राहुल पाठक, रजनीश, बद्री नारायण दीक्षित, विनोद कुमार मिश्रा, शशिभूषण गुप्ता, मूरतध्वज पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने लापता किशोर को 24 घंटे में तलाशा

**चित्रकूट।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरगढ़ थाने के एसआई अनिल कुमार मिश्रा ने गुमशुदा बालक को 24 घण्टे के अंदर ढूंढ निकाला। इसके बाद उसे उसके परिजिनों को सौंप दिया। बीती 10 फरवरी को मिथलेश कुमार पुत्र शारदा प्रसाद यादव निवासी करौदी खुर्द ने थाने में सूचना दी कि उसका 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक घर से बिना बताए कहीं चला गया है।

एसआई अनिल कुमार ने अगले दिन सुबह अभिषेक को ढूंढ लिया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस की सक्रियता के लिए आभार जताया। पुलिस टीम में आरक्षी आशीष यादव और योगेश कुमार शामिल रहे।

# मोहब्बत का बाजार सज कर हुआ तैयार, युवाओं में जोश का संचार

- रोज-डे से शुरू वेलेंटाइन वीक के बीच गिफ्ट सेंटरों में उमड़ रही प्रेमी जोड़ों की भीड़
- बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के दबाव के बीच युवा कर रहे वेलेंटाइन-डे की तैयारियां

पवन तिवारी, बांदा


गिफ्ट सेंटर में उपहार देखती युवती। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के साथ यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के तनाव के बीच प्रेमी जोड़े आने वाली 14 फरवरी को प्रेम के पर्व 'वेलेंटाइन डे' मनाने को आतुर दिख रहे हैं। हालांकि पढ़ाई करने वाले युवा जोड़े बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में व्यस्त जरूर हैं, इसके साथ ही मोहब्बत के दीवाने इस पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्यार के पर्व को खास बनाने को लेकर बाजारों में भी तैयारियां चल रही हैं। युवाओं की पसंद का ख्याल रखते हुए गिफ्ट कार्नरों में आकर्षक उपहारों को करीने से सजाया गया है। वहीं, युवा भी अपने साथी की पसंद को देखकर उपहारों की खरीददारी करने में जुटे हैं।

बुधवार 14 फरवरी को युवाओं बीच पूरे उत्साह के साथ प्यार का महापर्व वेलेंटाइन-डे मनाया जाएगा। हालांकि इस बार भी मोहब्बत के महापर्व को विश्वविद्यालीय और बोर्ड परीक्षाओं से खासी टक्कर मिलती दिख रही है। ऐसे में युवा शक्ति के सामने वे लेंटाइन डे के बीच परीक्षाओं से पहले पढ़ाई का भी दबाव बना हुआ है, लेकिन परीक्षाओं में बेहतर रिजल्ट देने के साथ ही युवा अपने प्यार को पाने से भी वंचित नहीं रहना चाहते। ऐसे में इस दिन का बेसब्री से इंतजार करने वालों युवाओं के उत्साह में थोड़ी कमी जरूर दिख रही है। जबकि अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके प्रेमी जोड़े बेलेंटाइन-डे की तैयारियों में जोर शोर के साथ जुट गए हैं। वेलेंटाइन डे को लेकर शहर के बाजारों में युवक, युवतियों की खासी भीड़ उमड़ने लगी है। कहते हैं कि अपने प्रियतम को खुश करने और मनाने का सबसे आसान तरीका है तोहफा। प्रेमी पंडितों का मानना है कि रंग बिरंगे कागजों में लिपटे तोहफे हर किसी के मन को उत्साह और खुशी से भर देते है और यही तोहफा जब अपने किसी सबसे खास को देना हो तो इन उपहारों का महत्व भी बढ़ जाता है। शहर के विभिन्न गिफ्ट कार्नरों में इन दिनों प्यार का इजहार और अपने प्रेमी को खुश करने के लिए युवाओं की पसंद के अनुसार उपहार सज गए हैं। बाजारों में प्रेमी जोड़ों को उपहारों की खरीददारी करते हुए देखा जा सकता है। शहर में गिफ्ट कार्नर संचालक संदीप पुरवार का कहना है कि वैलेंटाइन-डे को लेकर उन्होंने युवाओं की पसंद का विशेष ख्याल रखा है और आकर्षक उपहारों से दुकान को सजाया है। बताया है कि उपहारों की खरीददारी में युवाओं की पहली पसंद टेडी बियर, फोटो फ्रेम और रंग बिरंगे फूलों से सजे कार्ड हैं।

### रोज-डे से शुरू वेलेंटाइन वीक का चढ़ रहा खुमार

वैसे तो फरवरी का पूरा माह ही प्यार भरा होता है। इसी माह में बसंत का पर्व भी मनाया जाता है। बसंत में प्रकृति प्रेमियों का मन प्रफुल्लित होता है। वहीं वेलेंटाइन-डे का पर्व पूरे सप्ताह मनाया जाता है। हालांकि 7 फरवरी से शुरू होने वाले वेलेंटाइन वीक में रोज-डे, प्रपोज-डे, चाकलेट-डे के बाद टेडी-डे के बहाने साथी को टेडी बियर आदि देकर अपने प्यार को गहरा किया। वहीं प्रेमी जोड़ों ने रविवार को प्रॉमिस-डे के रूप में सच्चे प्यार का प्रामिस कर जीवन भर साथ निभाने का वादा किया तो सोमवार को हग-डे के रूप में प्रेमी का आलिंगन कर प्यार को परवान चढ़ाएंगे। जबकि 13 फरवरी को किस-डे के रूप में प्रेमी को अपना बनाने के साथ ही प्रेमी जोड़े 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे पर अपनी मोहब्बत का ऐलान करेंगे।

### प्यार को बुरी नजर से बचाने की रहेगी कोशिश

वैसे तो 'प्यार करने वाले कभी डरते नहीं' गीत की लाइनों को दोहरा कर प्रेमी युगल अपने मन में उत्साह भर लेते हैं लेकिन सच यह भी है कि वैलेंटाइन-डे का विरोध करने वाली संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को युवाओं का इस तरह से खुलेआम प्यार का इजहार करना रास नहीं आता। धार्मिक संगठन और स्वयं सेवी संस्थाएं इसे पाश्चात्य सभ्यता नकल मानती हैं और इसका विरोध करतीं है। हालांकि देश और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद प्रेमियों के दुश्मन कहे जाने वाले हिंदू संगठनों की पकड़ अब काफी ढीली पड़ चुकी है, लेकिन एहतिहात के तौर प्रेमी युगल प्यार के दुश्मनों से नजर बचाकर मोहब्बत का इजहार करने के लिए शहर के विभिन्न पार्कों और भगवान के मंदिरों को अधिक सुरक्षित और महफूज मानते हैं।

### प्यार के महापर्व पर गुलाब के बढ़ जाते हैं भाव

जब प्यार के इजहार की बात हो तो मन में गुलाब के फूल की याद जरूर आती है लेकिन बात जब वेलेंटाइन-डे यानी प्यार के महापर्व की हो तो इन फूलों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। गुलाब के फूल को प्यार के इजहार का सबसे महत्वपूर्ण उपहार माना गया है। कई रंगों के गुलाब के फूल अलग-अलग संदेश देते हैं। सफेद गुलाब शुद्धता, मासूमियत और बिना शर्त प्यार को दर्शाने, पीला गुलाब दोस्ती और खुशी का इजहार करने, गुलाबी गुलाब कोमलता, नम्रता और कृतज्ञता का भाव और नारंगी रंग का गुलाब मन के मोह और उत्साह को प्रदर्शित करने का प्रतीक बताया गया है, जबकि लाल गुलाब सच्चे प्रेम के इजहार के लिए उत्तम माना गया है। वेलेंटाइन डे पर युवाओं को लुभाने के लिए रंग बिरंगे गुलाब के फूल की भी जमकर बिक्री होगी।

### संयोगवश 14 को वसंत पंचमी का भी पर्व

इसे संयोग ही कहा जाएगा कि इस बार वसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी वैलेंटाइन-डे को ही पड़ रहा है। एक तरफ जहां लोग वसंत पंचमी के अवसर पर मंदिरों में दर्शनों के साथ पूजन-अर्चन को जाएंगे वहीं प्रेमी जोड़े प्यार का इजहार करेंगे। वसंत पंचमी के दिन इस बार भी शहर में सामूहिक यज्ञोपवीत का भी आयोजन है, वहीं विद्यालयों में मां सरस्वती की विधिविधान से पूजा होगी। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत पुलिस विभाग को हो सकती है, क्योंकि वैलेंटाइन-डे पर प्यार के इजहार के चक्कर में अक्सर नौबत मारपीट तक पहुंच जाती है, वहीं मंदिरों के बाहर भी सुरक्षा को फोर्स लगानी पड़ती है।

# 4426 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

- परीक्षा के लिए बनाए गए 20 केंद्र, गेट पर ही पुलिस ने ली सघन तलाशी
- दूरदराज के इलाकों से आए परीक्षार्थी हलकान, पीने के पानी को तरसना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, बांदा


पं.जेएन कॉलेज में परीथार्थियों की तलाशी लेती पुलिस।

**अमृत विचार:** समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को कड़ी निगरानी में 20 केंद्रों पर कराई गईं। प्रथम पाली में 2202 व दूसरी पाली में 2224 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी के लिए सात सेक्टर और 20 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को लगाया गया था। परीक्षा के पूर्व मुख्य गेट पर पुलिस ने परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली, फिर अंदर जाने दिया। वहीं दूर-दराज जनपदों से आए परीक्षार्थियों को कई दुश्वारियों का भी सामना करना पड़ा।

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में कुल 8428 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। प्रथम पाली में 6226 परीक्षार्थियों में 2202 ने परीक्षा छोड़ दी। डीएवी इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 360 परीक्षार्थियों में 120 अनुपस्थित रहे, वहीं दूसरी पाली में 359 में 121 अनुपस्थित रहे। पं. जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में प्रथम पाली में पंजीकृत 382 परीक्षार्थियों में 101 व दूसरी पाली में 376 में 107 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में 371 में 109 व दूसरी पाली में 370 में 110 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 278 में 106 व दूसरी पाली में 277 में 107 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे। आर्यकन्या इंटर कालेज में प्रथम पाली में 366 में 114 व दूसरी पाली में 364 में 116 परीक्षार्थी नहीं आए। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 274 में 109 व दूसरी पाली में 270 में 113, राजीव गांधी डीएवी महाविद्यालय में प्रथम पाली में 284 में 100, दूसरी पाली में 286 में 98, राजा देवी डिग्री कालेज में प्रथम पाली में 361 में 119 व दूसरी पाली में 359 में 121, फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज में 355 में 125 व दूसरी पाली में 354 में 126, खानकाह इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 297 में 87 व दूसरी पाली में 296 में 88, भागवत प्रसाद में प्रथम पाली में 290 में 94 व दूसरी पाली में 290 में 94 अनुपस्थित रहे।

डीआर पब्लिक इंटर कॉलेज में पंजीकृत 285 में 98 व दूसरी पाली में 283 में 100, जीजीआईसी में प्रथम पाली में 286 में 98, दूसरी पाली में 286 में 98 उपस्थित रहे। सेंट मैरी में प्रथम पाली में 283 में 101 व दूसरी पाली में 281 में 103 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सत्य नारायण इंटर कॉलेज तिंदवारी में प्रथम पाली में 285 में 99 व दूसरी पाली में 286 में 98, इंटरमीडिएट कॉलेज तिंदवारा में प्रथम पाली में 279 में 105 व दूसरी पाली में 280 में 104, जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज गिरवां में प्रथम पाली में 264 में 120 व दूसरी पाली में 263 में 121, राजकुमार इंटर कॉलेज नरैनी में प्रथम पाली में 344 में 136 व दूसरी पाली में 342 में 138, विवेकानंद इंटर कॉलेज में प्रथम पाली में 274 में 110 व दूसरी पाली में 274 में 110 तथा श्री जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू में प्रथम पाली में 308 में 151 व दूसरी पाली में 308 में 151 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### 27 स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट ने की निगरानी

नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव को नोडल बनाया था। उन्हीं निगरानी में परीक्षाएं हुई। इसके अलावा प्रत्येक सेंटर में एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट को लगाया गया। जबकि तीन सेंटरों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को निगरानी का दायित्व सौंपा गया।

# तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग, बच्चे की मौत

- मटौंध थाने से चंद कदम की दूरी पर हुई घटना
- पुलिस ने युवक के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बांदा


लोकेन्द्र (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** मटौंध थाने से चंद कदम की दूरी पर चल रहे तिलक समारोह में तमंचे से की गई हर्ष फायरिंग में गोली मासूम के गले में जा धंसी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से समारोह स्थल पर अफरा तफरी मच गई। आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

मटौंध थाना क्षेत्र के बैवे थोक निवासी लोकेद्र पुत्र सुरेद्र सिंह का शनिवार की रात तिलक समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। तिलक में धर्मेंद्र शुक्ला भी अपने परिवार के साथ शामिल होने गया था। तिलक चढ़ने के दौरान पड़ोसी प्रत्यूष शुक्ला ने तमंचे से हर्ष फायरिंग कर दिया। गोली नजदीक खड़े शम्भू उर्फ शिवाय (4) पुत्र धर्मेंद्र शुक्ला के गले में जा धसी। जिससे वह लहूलूहान होकर गिर पड़ा। घटना से समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने तत्काल शम्भू को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां शम्भू की हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया।

मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पिता की इकलौती संतान था। अचानक हुई इस घटना से मां रूपा समेत परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि हर्ष फायरिंग में मासूम की मौत हुई है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** बीमारी और आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने आंगन में लगे लोहे के जाल में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के भदवारी गांव निवासी अवधेश (40) पुत्र जालिम प्रसाद अपनी पत्नी सतरूपा व बच्चों के साथ अपनी ससुराल शहर के धीरजनगर मोहल्ले में रहता था। वह बीमारी के चलते कुछ काम-काज नहीं कर पाता था। उसकी पत्नी सतरूपा लोगों के घरों में काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। शनिवार की शाम अवधेश ने अपनी पत्नी मंजू व सरहज सोनाली को कालूकुआ भंडारा खाने के लिए भेज दिया। सूना मौका देखा अवधेश ने आंगन में लगे लोहे के जाल में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को जब परिजन भंडारा से लौटे देखा तो दरवाजे बंद थे। कुंडी खटखटाई गई, लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई। पुत्री दीपाली ने पड़ोसी की छत से शव देखा तो वह चीख पड़ी। शोर सुनकर मोहल्ले-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। दरवाजा तोड़कर पहुंचे पड़ोसियों ने फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। मृतका के साले सुरेंद्र ने बताया कि अवधेश बीमार रहता था। उसकी आर्थिक स्थित ठीक नहीं थी। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।

### पति की पिटाई से क्षुब्ध युवती ने की आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** पति की पिटाई से क्षुब्ध युवती ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के बासी गांव निवासी पिंकी (25) पत्नी राजकुमार ने शनिवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सुबह बेटी ज्योति ने मां का शव लटकता देखा तो पिता को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे राजकुमार ने आनन फानन फंदा काट कर नीचे उतार लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भाई बबलू सिंह निवासी रमजीपुर पन्ना ने बताया कि उसकी बहन की शादी 2017 में हुई थी। बहनोई राजकुमार मुम्बई में रहकर काम करता है। वह दो दिन पहले मुम्बई से गांव आया है। शनिवार की रात वह शराब पीकर उत्पात मचा रहा था। पिंकी ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। राजकुमार ने पिंकी के साथ मारपीट की। पिंकी ने उसे फोन पर जानकारी दी। सुबह उसका शव फंदे पर लटकता पाया गया। बबलू का आरोप है कि राजकुमार ने उसकी बहन को मारपीट कर मार डाला और आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे पर लटका दिया। थानाध्यक्ष गिरवां राकेश तिवारी का कहना है कि मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### इलेक्ट्रॉनिक मथानी में उतरा करंट, युवती की मौत

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** इलेक्ट्रॉनिक मथानी से मट्ठा निकाल रही युवती करंट की चपेट में आ जाने से चिपक गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। खेत से घर लौटी दादी सास ने देखा तो वह मृत पड़ी थी। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी मंजू देवी (22) पत्नी दीपक शनिवार की सुबह इलेक्ट्रॉनिक मथानी से मट्ठा निकाल रही थी, तभी उसका हाथ मथानी की कटी हुई केबिल में छू गया। करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोपहर बाद खेत से घर लौटी दादी सास पुनिया ने दरवाजे कुड़ी खटखटाई, लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पड़ोसी की छत से झांककर देखा तो मंजू जीने के नीचे पड़ी थी। किसी तरह पड़ोसी दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे और देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता रामकिशोर निवासी छतैनी ने बताया कि उसने अपनी बेटी मंजू की शादी 6 फरवरी 2023 को किया था। घटना के समय मंजू का ससुर अम्बिका प्रसाद, सास तुलसा, पति दीपक चित्रकूट चले गए थे। दादी सास खेत चली गई थी। मट्ठा निकालते समय करंट लग जाने से मंजू की मौत हो गई।

### 15 दिवसीय जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** शहर के आज़ाद नगर में पिछले 15 दिनों से क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जा रहा था। इस टूर्नामेंट में शहर की तकरीबन बत्तीस टीमों ने भाग लिया। इन टीमों में कटरा क्लब, छावनी क्लब, अलीगंज, हुसैनगंज, रब्बानिया, कालूकुआं, ईदगाह, कच्चा तालाब, खाईंपार, आज़ाद नगर आदि कई अन्य मोहल्लों की टीमें शामिल हुईं। आठ ओवर के इस मैच में चार टीमें आज़ाद नगर सीनियर, छावनी क्लब, आज़ाद नगर जूनियर व आज़ाद नगर नियाज सेमी फाइनल में पहुंचीं और फाइनल मैच आज़ाद नगर जूनियर कैफ और आज़ाद नगर जूनियर नियाज़ के बीच खेला गया जिसमे आज़ाद नगर जूनियर नियाज़ ने 34 रन और 3 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैच के समापन में विजेता टीम को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति के अध्यक्ष इम्याालज़, वाजिद अली, नदीम, ज़ाकिर बाबू, औसाफ़, अकील खान, नफीस अहमद, जुबैर आदि खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सैकड़ों दर्शकों के साथ-साथ विशेष रूप से जावेद खान, इमरान, सेखु, कफील आदि शामिल रहे।

### राष्ट्रीय ग्रंथ बनाने के लिए होंगे सवा लाख सुंदरकांड पाठ

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ बनाए जाने की मांग को लेकर देश में वृहद अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जय बजरंग सेना की अगुवाई में बांदा और चित्रकूट जिलों में सवा लाख सुंदरकांड का पाठ कराने का संकल्प लिया गया है। जय बजरंग सेना राष्ट्रीय प्रभारी अर्चना उपाध्याय व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने छावनी स्थित होटल में मीडिया से बातचीत करते हुए आयोजन की रूपरेखा बताई। कहा कि वह इस बात को सशक्त तरीके से समाज और सरकार के सामने प्रस्तुत करें। उनका कहना है कि यदि रामचरित मानस यदि राष्ट्रीय ग्रंथ ही नहीं होगा तो राष्ट्र का एक धर्म कैसे होगा, जबकि देश सनातन धर्म को लेकर आगे बढ़ चुका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय ने कहा कि इससे पहले वह लखनऊ और आगरा में भी इस उद्देश्य को लेकर एक बड़ा सम्मेलन कर चुके हैं और अब देशभर के रामभक्त रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ बनाए जाने के लिए एक स्वर से आवाज देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष सत्यम मिश्रा सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं और वह 13 फरवरी को ग्राम पुंगरी के प्रसिद्ध सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेंगे।

### सभी ब्लॉक मुख्यालय में मनाया जाएगा समाधान दिवस

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** शिक्षक-शिक्षिकाओं की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सोमवार को जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालय में समस्या समाधान दिवस मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बैठक कर शिक्षकों से अपील की, कि शिक्षकों की जो भी समस्या हो उसके लिए संगठन को प्रार्थना पत्र उपलब्ध कराएं। समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की महिला पदाधिकारियों की बैठक टीचर्स सोसाइटी में जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा हुई।

# परमात्मा की भक्ति से ही मानव कल्याण संभव

- कथा व्यास ने तीसरे दिन भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** सच्ची श्रद्धा और समर्पण भाव से यदि परमात्मा की भक्ति की जाए तो कोई संदेह नहीं है कि भक्त को परमात्मा का सानिध्य प्राप्त न हो, क्योकि भगवान भक्त के स्वयं वशिभूत हो जाते हैं। भक्त को मन वांक्षित फल देने में भी नहीं हिचकते। मानव को परमात्मा की सच्ची श्रद्धा और पूरे समर्पण भाव के साथ उनकी आराधना करनी चाहिए।

खुटला राजघाट रोड स्थित मां पीतांबरा पीठ पंचानन महादेव मंदिर नागा बाबा आश्रम में चल रहीं श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथाव्यास पं.अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भक्त प्रहलाद और भगवान के वामन अवतार की कथा का रसपान कराते हुए भक्ति और ज्ञान की गंगा श्रोताभक्तों के बीच प्रवाहित की। उन्होंने कहा कि राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी प्रहलाद ने श्रीहरि की भक्ति को अपनाया और इस बालक ने अपने पिता हिरण्यकश्यप को भी यह सीख दी कि केवल परमात्मा ही एकमात्र भगवान हैं।

भक्त प्रहलाद को पहाड़ों से फेंका, नदियों में बहाया, यहां तक की अपनी बहन होलिका के माध्यम से उसे जलाने का भी प्रयास किया गया, लेकिन प्रभु के सच्चे भक्त प्रहलाद का कुछ भी बाल बांका नहीं हुआ। श्रीमद भागवत कथा प्रसंग में वामन अवतार कथा का भी रसपान कराया। इस अवसर पर कथा परीक्षित के रूप में रमेशचंद्र गुप्ता (रामनारायण) और उनकी पत्नी मीरा गुप्ता रहीं। अतुल गुप्ता, हेमंत गुप्ता, केशव गुप्ता समेत अनेक भक्त मौजूद रहे।

# जरैली कोठी दरगाह के उर्स में दिखा आपसी सौहार्द

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** पुलिस लाइन के पास स्थित जरैली कोठी की दरगाह में हर साल की तरह ही इस बार भी शनिवार को एक दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। इस उर्स में बड़ी संख्या में हिन्दू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए और आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की। उर्स की शुरुआत सुबह कुरआन ख्वानी से हुई। दोपहर में लंगर भंडारा किया गया। हिन्दू समुदाय के लोगों के लिए शुद्ध शाकाहारी भंडारे का आयोजन किया गया। दरगाह में पूरा दिन चादर चढ़ाने और फातेहा पढ़ने वालों का तांता लगा रहा। शाम को दरगाह परिसर में ख़ानकाही कव्वालियों के साथ चादर जुलूस उठाया गया। इसके बाद दरगाह में चादर चढ़ाई गई और फातेहा पढ़ी गई साथ ही मुल्क के अमन के लिए दुआ मांगी गई। चादरपोशी के बाद महफिले समा ख़ानकाही कव्वालियों की महफ़िल सजाई गई, जिसमें बांदा के अलावा बाहर से आये हुए कव्वाल पार्टियों ने अपने कलाम सुनाए। सुबह तीन बजे कुल की फातेहा हुई और प्रसाद वितरण किया गया।

# नाले पर अतिक्रमण करवाकर मानक विहीन सड़क बनवा रहा ठेकेदार

- मोहल्लेवासियों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र
- कार्रवाई न होने पर तहसील में विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

**अमृत विचार:** दबंग से मिलीभगत कर ठेकेदार मानक विहीन सड़क का निर्माण करवाने के साथ ही नाले पर अतिक्रमण कराकर सड़क निर्माण के साथ नई नाली का निर्माण करवाकर सड़क को छोटा करवाने में लगा है। ठेकेदार पर यह आरोप लगाते हुए मोहल्लेवासियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कार्रवाई न होने पर मोहल्ले के लोगों ने तहसील में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

कस्बे के सुभाष नगर वार्ड नंबर-25 नरैनी से लगी घासीराम मंदिर के बगल से पालिका ठेकेदार प्रमोद गुप्ता द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार की मनमानी का आलम यह है कि पहले से बड़े 10 फुट के पालिका प्रशासन के नाले को अतिक्रमण कार्यों का अतिक्रमण होने से उनका कब्जा करने के लिए सीधा छोड़ा जा रहा है।

नल को छोड़कर सड़क में दोनों तरफ नाली बनाने से मोहल्ले के लोगों ने एक ओर जहां सड़क को छोटा करने से आक्रोश दिख रहा है, वहीं मोहल्ले के लोगों ने सीधे ठेकेदार पर नाले पर अतिक्रमण कराने कर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी रावेंद्र सिंह को शिकायत पत्र भेज कर बताया है कि यह निर्माण पहले से ही नाले पर हुआ है, जिससे पूरे मोहल्ले का पानी निकलता है, लेकिन सड़क निर्माण के दौरान नल को छोड़कर सड़क के दोनों तरफ ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से नालियां बनवाई जा रही हैं, जिससे एक ओर जहां नल की जमीन अतिक्रमणकारियों के लिए स्वतंत्र हो जाएगी वहीं नई नाली बनने से सड़क भी सकरी होकर छोटी हो जाएगी। मोहल्ले के कमल नयन, रमाकांत, तीरथ प्रसाद, गोविंद समेत दर्जनों लोगों ने शिकायत पत्र देकर ठेकेदार पर मानक विहीन सड़क निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर उन्होंने धरना व प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

**बनायी रणनीति** — सैकड़ों लोगों ने थामा भगवा दामन, तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का लिया संकल्प

# गरीब के घर भोजन कर बूथ प्रवासियों ने किया बूथ समितियों का सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बांदा


गांव चलो अभियान में चुनावी रणनीति बनाते भाजपाई।

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सभी राजनीतिक दलों के लोग दिन रात एक किए हुए हैं। विपक्षी दलों के लोग जहां अभी तक गठबंधन की गांठों को ही सुलझाने की कवायद कर रहे हैं, वहीं सत्ताधारी भाजपा के कार्यकर्ता आलाकमान के निर्देश पर गांव चलो अभियान के जरिए संगठन के सभी पेंच दुरुस्त करने में जुटे हैं। 7 फरवरी से लेकर रविवार तक चले अभियान के तहत जिला प्रवासी, मंडल प्रवासी, बूथ प्रवासियों के साथ ही सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक समितियों का सत्यापन और नए लोगों को भाजपा से जोड़ने की कवायद चला रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान का समूचे जिले में खासा असर देखने को मिल रहा है। गांव-गांव भाजपा की भगवा टोपी लगाए कार्यकर्ताओं की टोलियां गलियों में घूम कर जनसंपर्क करती दिख रही हैं और लोगों के बीच सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां साझा कर रहे हैं। शनिवार की रात भाजपा जिला उपाध्यक्ष और बांदा उत्तरी के सर्वोदय नगर बूथ संख्या 15 के प्रवासी डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने 24 घंटे तक बूथ क्षेत्र की निवासी शकुंतला देवी के आवास पर भोज में हिस्सा लिया। इसके पहले डा.त्रिपाठी ने बूथ स्थित मंदिर में साफ-सफाई, बूथ की समीक्षा, मतदाता सूची का वाचन, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक करके बूथ समितियों का सत्यापन किया।

रात्रि प्रवास के बाद रविवार की सुबह नवल किशोर के आवास पर योगा, जलपान और पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करने के साथ प्रवास का समापन किया। जिला उपाध्यक्ष डा.त्रिपाठी ने बताया कि बूथ संख्या 15 की सभी टोलियां सक्रिय हैं, पन्ना प्रमुख गठित हैं। इस मौके पर प्रांजल मिश्रा, ज्ञान प्रताप, नरेश शुक्ला, शकुंतला देवी, नवलकिशोर, आशीष आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### पं.दीनदयाल उपाध्याय को अर्पित की श्रद्धांजलि

रविवार को प्रवास के अंतिम दिन एकात्म मानववाद के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम में उन्हें नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में जिले में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत जिलाध्यक्ष ने अतर्रा मंडल के बूथ नंबर 255 थनैल में प्रवास किया। भाजपा नेता रामकरण सिंह बच्चन ने बेंदा, राकेश सिंह चौहान ने जसपुरा के रामपुर, बड़ोखर ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ने त्रिवेणी, ब्लाक प्रमुख कमासिन रावेंद्र गर्ग ने कुचौली, सीताराम वर्मा ने कोर्रही, जिला मंत्री देवेंद्र भदोरिया ने नरैनी मंडल के जवाहर नगर, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय ने अतर्रा मंडल के अत्रि नगर, ब्लाक प्रमुख बबेरू रमाकांत पटेल मंडल के सिविल लाइन, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने बबेरू मंडल के सांतर, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने बांदा दक्षिणी मंडल के सुतरखाना, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बांदा उत्तरी मंडल के स्वराज कॉलोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश द्विवेदी तथा मंडल प्रभारी द्विवेदी ने ओरन मंडल के ओरन नगर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुदित शर्मा ने बांदा उत्तरी मंडल के अलीगंज में, गांव चलो अभियान के जिला संयोजक राजेश सेन ने हरदौल तलैया तथा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने तिंदवारी मंडल के बूथ नंबर 202 हनुमान नगर में प्रवास किया।

## एक नजर

### हजरत पीर सुर्खरू बाबा का सालाना उर्स 14 फरवरी से

**मौदहा, हमीरपुर।** सूफी संत हजरत पीर सुर्खरू बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स 14 फरवरी से मनाया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित हजरत पीर बाबा के उर्स में बाद नमाज़ इशा मज़ार पर शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। 15 फरवरी को बाद नमाज़ फजिर मज़ार पर कुरआन ख्वानी, बाद नमाज़ जोहर फातिहा और लंगर, बाद नमाज़ असर चादर पोशी और बाद नमाज़ इशा कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुईन चिश्ती उन्नाव, साहिल निजामी फिरोजाबाद, रहीस भारती कानपुर, मुईन निजामी, असलम निजामी सहित अन्य क्षेत्रीय कव्वालों द्वारा अपने शानदार कलाम पेश किए जाएंगे। वहीं 16 फरवरी शुक्रवार की सुबह कुल शरीफ की महफिल और बाद नमाज़ जुमा लंगर का आयोजन किया जाएगा।

### अलग-अलग हादसों में दो लोग घायल, रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र में हुए दो अलग अलग हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कस्बे निवासी चांदबाबू (35) पुत्र चुन्ना और गौरिहार के पहरा निवासी अभिषेक (18) पुत्र बच्चू सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### टीला धंसने से मजदूर घायल, हालत गंभीर

**मौदहा।** रेलवे का काम कर रहा मजदूर टीला धसकने से गंभीर रूप से घायल हो गया। ललितपुर जनपद के डोंगरा कला निवासी विशाल (25) पुत्र बबलू रेलवे का काम करते समय मिट्टी का टीला धंसने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे साथी मजदूरों ने इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायल मजदूर का इलाज किया जा रहा है।

# मौरंग लदे ट्रक ने युवक को कुचला, मौत

## अंबेडकर चौराहे से उरई रोड पर हुई घटना, वाहन में फंसने से काफी दूर तक घिसटता चला गया युवक

संवाददाता, राठ



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार की देर रात अंबेडकर चौराहे से उरई रोड़ पर मौरंग से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल टहलने जा रहे युवक को रौंद दिया। युवक के ट्रक में फंसने पर काफी दूर तक घिसटता चला गया। ट्रक में फंसे युवक के घिसटने से युवक के दोनों पैर कमर से अलग हो गए। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पिता ने कोतवाली में ट्रक चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जरिया थाने के करियारी गांव निवासी हाल मुकाम बुधौलियाना राठ महेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि उसका परिवार कस्बे के हीरो एजेंसी के सामने बुधौलियाना मोहल्ले में रहता है। बताया कि वह ललितपुर में चिकित्सक हैं। उसका बेटा शिवम और उसकी पत्नी राठ में रहती हैं। शनिवार की रात करीब 8:30 बजे शिवम खाना खाकर रोज की तरह टहलते हुए अंबेडकर चौराहा की ओर जा रही था। तभी पीछे से आ रहे मौरंग से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने शिवम (32) पुत्र महेंद्र कुमार को अपनी चपेट में ले लिया।

ट्रक की चपेट में आने से शिवम काफी दूर तक घिसटता हुआ चला गया। जिससे उसके दोनों पैर अलग हो गए और मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान लोगों की काफी भीड़ लग गई। ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक युवक की पत्नी साक्षी शर्मा कुम्हारिया गांव स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में टीचर है। शिवम एमबीए किए हुए था। उधर, घटना के बाद मौके पर स्थानीय एवं आसपास के लोगों की बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई।

इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## राम-केवट संवाद के साथ भरत चरित्र की सुंदर महिमा का किया गया बखान

**मौदहा, हमीरपुर।** बजरंगबली मंदिर में सुंदरकांड समिति की ओर से चल रहे मानस कथा प्रसंग के आठवें दिन कथावाचक ने राम केवट संवाद के बाद भरत चरित्र की सुंदर महिमा का प्रसंग मार्मिक ढंग से प्रस्तुत कर भक्तजनों को भाई-भाई के प्रेम से भावविभोर कर दिया।

गुड़ाही बाजार में चल रही मानस कथा प्रसंग में कथावाचक देवी गौरांगी गौरी ने राजा दशरथ के चार पुत्रों में भरत चरित्र का सुंदर प्रसंग प्रस्तुत किया। बताया राजा भरत का सिद्धांत लक्ष्य की प्राप्ति एवं अपने राम के प्रति अद्वैत प्रेम को दर्शाता है। मानव समाज में स्वार्थ के कारण भाई-भाई जहां दुश्मन जैसा व्यवहार कर रहे हैं। वहीं भरत चरित्र के त्याग संयम धैर्य और ईश्वर प्रेम भरत चरित्र का अद्वितीय उदाहरण है। भरत एक कुशल योद्धा और विचारशील हैं। जब कैकई ने राजा दशरथ से अपने दो वरदान राम को बनवास और भरत को कौशल के अगले सम्राट के रूप में नामित करने के लिए वचन लिया तो बेहद क्रोधित और नाराज हो जाते हैं। क्रोध में आकर माता को बुरा भला कहकर नंगे पैर ही जंगल की ओर चल पड़े। मानस कथा के बाद नौ बजे तक झांकियां के माध्यम से भगवान की लीलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। सुंरकांड समिति के सदस्य सुबोध गुप्ता, अनिल अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को कन्या भोज विशाल भंडारा होगा। दिनभर झांकियां के माध्यम से नवयुवकों को प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए जाएंगे।

# भाजपा धर्म के नाम पर करती है भ्रमित: लोधी



चौपाल में बोलते जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार



गांव में बाइक और साइकिल यात्रा निकालते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, राठ

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के चलाए जा रहे पीडीए पखवाड़े के तहत क्षेत्र के गहरौली गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पूर्व मंत्री रामाधार सिंह लोधी ने कहा कि पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों को अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है।

जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को न्याय की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। कहा कि बाबा साहब के दिए गए वोट के अधिकार के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। जब भी कोई बेरोजगारी, भुखमरी की बात करते है भाजपा सरकार हमें धर्म के नाम पर शोर मचाकर भ्रमित करती है। अब हम भ्रमित होने वाले नहीं है। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी का भी भला होने वाला नहीं है। इसके साथ ही चौपाल के दौरान ग्रामीणों को समाजवादी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई गई। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मेराज राइन, रमेश विश्वकर्मा, मनप्यारे निषाद, मानवेंद्र यादव, गोकुल राजपूत, जगदीश राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। सभा का संचालन राजेश प्रधान ने किया। अंत में साइकिल यात्रा निकाली गई।

# गांव-गांव पहुंच रहे भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गांव चलो अभियान के तहत जिले के जिला अध्यक्ष सुनील पाठक की अगुवाई में सभी मंडलों में भाजपा के पदाधिकारी गांव चलो अभियान में प्रवासी के रूप में पहुंचकर लोगों से सरकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।



गांव चलो अभियान के तहत ग्रामीण को भाजपा का पटका पहनाते जिलाध्यक्ष।


गोहांड मंडल के शक्ति केंद्र इटालिया बाजा में बूथ 80, 81, 82, 83, 122, 123 में बूथ समिति का सत्यापन, नमो ऐप, सरल ऐप डाउनलोड, वोटर लिस्ट का वाचन आदि कार्य किए गए। जिसमें प्रवासी के रूप में डॉ. आराधना राजपूत, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ. दीनदयाल, बूथ अध्यक्ष तिलक, कृष्ण कुमार, डॉ.अशोक, ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।

वहीं सुमेरपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में टेढ़ा, पचखुरा, बरुआ, भौंरा, अतरैया, मौहर में कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पचखुरा में प्रवासी सौरभ सिंह अरविंद श्रीवास्तव के साथ दुर्गेश सिंह, विनय सिंह परमार, शैलेंद्र सिंह, लाल चौहान, अनिल दीक्षित, महेंद्र सिंह, संतराम गुप्ता, अरविंद, अंकित, पवन सिंह परमार, शिव सिंह, आसाराम यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अखंड रामायण का पाठ भी किया।

# रोजगार मेले में 180 युवाओं का किया गया चयन

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के देवगांव मार्ग में संचालित केपी इंटर कालेज में रविवार को कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कराकर 180 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। मेले में दो दर्जन से ज्यादा कंपनियों ने प्रतिभाग किया।



चयनित युवक को प्रमाण देते चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे। अमृत विचार

युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर द्वितीय चरण का रोजगार मेला ब्लाकवार आयोजित कराया जा रहा है। रविवार को कस्बे के केपी इंटर कालेज में आयोजित रोजगार मेले में करीब 460 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराएं। इनमें 180 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

मेले में जेके सीमेंट, बीम प्रोडक्ट एंड सर्विसेज, रिमझिम इस्पात, अमित पैकेजिंग लिमिटेड जैसी दो दर्जन से ज्यादा कंपनियों ने प्रतिभाग किया। चयनित युवाओं को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने नियुक्त पत्र प्रदान किया। इस मौके पर कौशल विकास मिशन के मैनेजर प्रदीप गुप्ता, राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

# कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को राजस्थान के श्री गंगानगर में हेल्प इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित नेशनल ह्यूमैनिटी अवार्ड 2024 कार्यक्रम में देश विदेश के रक्तदाता सोशल वर्करों को सम्मानित किया। मानवता की सेवा में अग्रणी जिले की संस्था कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन को पिछले 10 वर्षों से सेवा करने पर राजस्थान के उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने संस्थापक/अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी को राष्ट्रीय सेवा अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

श्री गंगानगर में नेशनल ह्यूमैनिटी अवार्ड 2024 का आयोजन शुक्रवार को मोती पैलेस में हुआ।




जिरगाम सिद्दीकी को राष्ट्रीय सेवा अवार्ड से किया गया सम्मानित। अमृत विचार

इस नेशनल प्रोग्राम में देश-विदेश के लगभग 130 सोशल वर्कर सम्मानित हुए। कार्यक्रम में नेपाल, असम, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, केरल, हरियाणा, बिहार, उप्र, उत्तराखंड, हिमाचल, राजस्थान, मप्र, गुजरात दिल्ली सहित देश-विदेश से सोशल वर्कर पहुंचे। इस नेशनल आयोजन में मुख्य अतिथि राजस्थान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहानी, श्रीकरनपुर विधानसभा विधायक रूपेंद्र सिंह कूनर, समाजसेवी केसर सिंह मलेरकोटला, संजीव कुमार चौहान एससीएसटी सेल राजस्थान पुलिस, समाजसेवी राजकुमार जोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राजस्थान के मशहूर कॉमेडी कलाकार राकेश लोहरा के साथ बाल भारती के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। बताते चलें कि कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन को यह तीसरा नेशनल अवार्ड मिला है।

## सार-संक्षेप

### महारुद्र यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम स्वासा के शिव शक्ति आश्रम में आयोजित महारुद्र यज्ञ के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। स्वासा के शिव शक्ति आश्रम के महंत प्रेमनाथ भोला महाराज ने आश्रम में महा रूद्र यज्ञ का आयोजन संपन्न कराया था। रविवार को इस महायज्ञ के समापन पर आश्रम में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, ललपुरा, कुम्हऊपुर, कलौलीजार आदि गांव के सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान उधम अनुरागी, विक्रम सिंह, विजय कुमार तिवारी, बृजेंद्र प्रजापति आदि रहे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में नहीं पहुंच रहे मरीज



आरोग्य मेले में मरीज देखते चिकित्सक। अमृत विचार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्रचार प्रसार के अभाव में दम तोड़ रहा है। कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन बजे तक महज 55 मरीज देखे गए थे। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत इससे भी ज्यादा दयनीय है। रविवार को कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन कराया गया। कस्बे की पीएचसी में 3 बजे तक 55 मरीज देखे गए। ऐसा ही हाल ग्रामीण क्षेत्रों की पत्योरा में 32, पचखुरा बुजुर्ग में 35, मौहर में 42, विदोखर में 41 का इलाज किया गया।

### कर्म खोटे तो ईश्वर का भजन गाने से क्या फायदा



यज्ञ में आहुति देते आर्य समाज के लोग। अमृत विचार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के आर्य समाज सत्संग भवन में साप्ताहिक सत्संग में यज्ञ आदि का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें यज्ञ के ब्रह्मा श्रीराम आर्य, मुख्य यजमान सुयश उर्फ कृष्णा आर्य ने आहुतियां देकर हवन पूजन किया। यज्ञ के पश्चात भागवत प्रसाद आर्य ने देशभक्ति गीत, भजन प्रस्तुत किए। कृष्ण कुमार मिश्रा ने कर्म खोटे तो ईश्वर के भजन गाने से क्या फायदा, किया परहेज न तो, दवा खाने से क्या फायदा भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रेम कुमार श्रीवास्तव, डा .विवेक आर्य, लोटन प्रसाद आर्य, रूबी आर्या सुमेधा आर्या, गंगासागर आर्य, महेन्द्र आर्य, गजराज आर्य आदि रहे।



पुलिस परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते सीओ सदर राजेश कमल। अमृत विचार

### सीओ सदर ने पुलिस परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** 17 व 18 फरवरी को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कस्बे में बनने वाले परीक्षा केंद्र का सीओ सदर ने थानाध्यक्ष के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मां गीता महेश्वरी इंटर कॉलेज को पुलिस परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रविवार को सीओ सदर राजेश कमल ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार के साथ मिलकर केंद्र का बारीकी से साथ निरीक्षण करके मातहतों को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र के भवन को बारीकी के साथ देखकर कहा कि जहां से भी कुछ पहुंच सकता हो उन जगहों को चिन्हित करके पुलिस बल तैनात किया जाए ताकि कुछ भी बाहर से केंद्र में दाखिल न हो सके। निरीक्षण के दौरान कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी सहित प्रबंधक आलोक पालीवाल, प्रधानाचार्य भारत प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# 184 जोड़ों ने थामा एकदूजे का हाथ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 184 जोड़ों का सामूहिक विवाह राजकीय डिग्री कॉलेज कुछेछा में हुआ। अतिथियों ने नवविवाहित वर, वधु को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद दे उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीब एवं असहाय परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराया जा रहा है। सभी समुदाय एवं धर्मो के रीति रिवाजों के अनुसार व्यवस्था की गई है। पहले के समय में लड़कियों की शादी करना माता पिता के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी होती थी। गरीब परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था। जिससे उनकी आर्थिक स्थति कमजोर हो जाती थी।



वर-वधु को प्रमाणपत्र देतीं जिपं अध्यक्ष व कुरारा चेयरमैन आशा रानी कबीर।

जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने नवविवाहित वर वधूओं को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया आर्थिक रूप से कमजोर, निराश्रित, निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्याओं के लिए योजना संचालित है। जिन परिवारों की वार्षिक आय दो लाख रुपये से कम है वे लाभ लेने के लिए अनुमन्य हैं। बताया कि प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च करने का प्रावधान है।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि (राज्यसभा) अशोक तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, चेयरमैन कुलदीप निषाद, अध्यक्ष नगर पंचायत कुरारा आशा रानी कबीर, ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने विवाह कार्यक्रम में आए जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम, डीपीआरओ जितेंद्र मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मछुआ समाज के लोगों को भी मिलेंगे आवास

## तीन किस्त में लाभार्थियों को मिलेंगे 1.20 लाख, अब तक 166 ने किया आवेदन

**संवाददाता, हमीरपुर।** जिले में मत्स्य पालन से जुड़े मछुआ समाज लोगों को भी आवास मिलेंगे। मत्स्य विभाग की तरफ से इसके लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। अब तक 166 आवेदन आए हैं। जिसमें 140 का सत्यापन भी विभाग ने करा लिया है। इन्हें योजना के तहत तीन किस्तों में 1.20 लाख रुपये भेजे जाएंगे।

योजना के तहत समाज की 16 उपजातियों को लाभ दिया जाएगा। प्रदेश सरकार मछुआ कल्याण कोष योजना के तहत आवास उपलब्ध कराएगी। जनपद की चारों तहसीलों से कुल 166 आवेदन आए हैं। इनमें ग्राम पंचायत सचिव व मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम ने 140 आवेदनों का सत्यापन कर लिया है। पहली किस्त 70 हजार की होगी, जिसमें नींव व दीवार का काम करना है। दूसरी किस्त 40 हजार व तीसरी 10 हजार की होगी। मछुआ समाज के माझी, मल्लाह, बिंद, केवट, निषाद, ढ़ीमर, कहार समेत 16 उपजातियों को मछुआ आवास का लाभ मिलेगा। आवास 25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल जिसमें रसोईघर के लिए भी एक स्थान चिन्हित होगा। आवेदन करने वाले लाभार्थियों के खाते में सीधे धनराशि जाएगी।

**पात्रता के लिए शर्तें:** लाभार्थी आवासहीन हो या कच्चे व जर्जर मकान में रह रहे हों। पीएम आवास व सीएम आवास या अन्य किसी आवासीय योजना में लाभान्वित न हो। ऐसे लोग अपना जाति प्रमाण पत्र, आधार, घरौनी आदि कागजात लेकर पंचायत सचिवालय या मत्स्य विभाग में जाकर आवेदन कर सकते हैं। उधर, इस मामले में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मत्स्य कल्याण बोर्ड की पहल पर मछुआ आवास की व्यवस्था की गई है। अब तक 166 लोग आवास के लिए आवेदन कर चुके हैं।

### ये मानक करने होंगे पूरे

मोटर युक्त दोपहिया, तिपहिया, चैपहिया वाहन, मशीनी तिपहिया, चौपहिया कृषि उपकरण, 50 हजार या इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड धारक न हो। ऐसे परिवार, जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो, सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यमी परिवार, 10 हजार से अधिक प्रति माह कमाने वाले परिवार, आयकर देने वाले परिवार योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। इसी प्रकार व्यवसाय कर देने वाले परिवार, रेफ्रिजरेटर, लैंड लाइन फोन, 2 .5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि, सिंचाई उपकरण, दो या इससे अधिक फसल वाले मौसम के लिए पांच एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि, जिनके पास 7 .5 एकड़ या इससे अधिक भूमि हो और कम से कम एक सिंचाई का उपकरण हो।

# मूसानगर ने हमीरपुर को एक रन से हराया

**संवाददाता, कुरारा।** क्षेत्र के पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में मूसानगर ने 11 ओवर में 100 रन बनाकर हमीरपुर को एक रन से मात दी। पडुई गांव में हमीरपुर व मूसानगर के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें हमीरपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 99 रन बनाए। इसमें सद्दाम ने 42 रन बनाए तो सनी ने तीन विकेट लिए। वही मैदान में उतरी मूसानगर टीम ने 11 ओवर में 5 विकेट होकर 100 रन बनाकर जीत दर्ज की। जिसमें आलम ने 32 रन लिए। आकिब ने 15 रन बनाए। साथ ही तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच आकिब को दिया गया। दूसरी पारी में मूसानगर व मनकी के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें मूसानगर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 139 रन बनाए। जिसमें अरशद ने 33 रन बनाए। वहीं मैदान में उतरी मनकी टीम 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 79 रन पर ही सिमट गई और हार का मुंह देखना पड़ा। मूसानगर के खिलाड़ी अरशद को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस मौके पर अमित कुमार निषाद, राम सजीवन आदि रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 1632 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 05/02/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रामप्यारी पत्नी लल्लू | श्री तेजराम पुंत्र कालीचरन अनुरागी | सिकन्दरपुरा-2 | 04 | 585 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर**

## एक नजर

### बजरंग इंटर कॉलेज में 13 को लगेगा रोजगार मेला

**महोबा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत 13 फरवरी को सुबह दस बजे से बजरंग इंटर कालेज पनवाड़ी में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में गेट केयर, ग्लोरी स्टार मैनेजमेंट प्रा0लि0, क्वेस कॉर्पोरेशन लि0 टाटा मोटर्स, एलआईसी, सैमसंग, इंडिया प्राइवेट लि0, धूत ट्रांसमिशन, प्रास इंटरप्राइस, काल्विक मैनेजमेंट प्रा0लि0, एल्कान बंसु, फुरुकावा मिंडा इलेक्ट्रिक प्रा0 लि0 सहित तमाम प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिला समन्वयक/उपायुक्त उद्योग के डीपीएमयू महेशचंद्र सरोज ने इच्छुक अभ्यर्थियों से साक्षात्कार के लिए संबन्धित अभिलेख सहित मेला में प्रतिभाग कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को पकड़ा

**महोबा, अमृत विचार :** थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उपनिरीक्षक चंदशेखर सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त सुशील यादव पवुत्र छोटू यादव निवासी ग्राम रैवारा कबरई के गांव के बाहर से गिरफ्तार किया है।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**महोबा, अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी महोबा के जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एआईसीसी के लोसभा कोआर्डिनेटर मुकुट सिंह 12 फरवरी को दोपहर एक बजे शहर के कपूर गैरिज में पार्टी के पूर्व व वर्तमान पदाधिकार, कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करेंगे। बैठक में पार्टी को मजबूती प्रदान किए जाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# रंगारंग अतिशबाजी के साथ बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का हुआ समापन

## कलाकारों ने गीत-संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति देकर देर रात तक बांधा शमा, कई आयोजन हुए


अतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। फोटो : अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के ततवावधान में जिले में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का शनिवार की देर रात को समापन हो गया। दो दिन तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कलाकारों द्वारा प्रस्तुत दी गई लोक विधाओं का लोगों ने आनंद लिया। लोक कलाकारों को मंच मिलने से उन्हें भी अपनी कला को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करने के साथ साथ अपनी का को दिखाने का मौका मिला। महोत्सव के दूसरे दिन अल्तमश म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत संगीत के जरिए शमा बांध दिया। देर रात तक चले फिल्मी गीतों और नृत्य का दर्शकों ने आनंद लिया।

शनिवार की रात को बुंदेली कलाकरों द्वारा राई लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुंदेली लोक नृत्य देखकर जिले के लोग गदगद हो गए। बुंदेली विधाएं धीरी धीरे भूलते जा रहे लोगों को मंच के माध्यम से कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए लोक नृत्य ने एक बार फिर बुंदेली विधाओं को ताजा कर दिया। जिले के तमाम बुंदेली गीत और बुंदेली विधाओं में रमे लोगों ने इस कार्यक्रम का अपने अलग अंदाज में लुत्फ उठाया। बुंदेली कलाकारों ने भी बेहतर तरीके से दी गई प्रस्तुति से बुंदेलो का दिल जीत लिया। देर रात तक डाकबंगला मैदान में चलते रहे गीत संगीत के कार्यक्रमों और बुंदेली कार्यक्रमों और लोक नृत्य देखकर लोग तालिया बजाने को मजबूर हो गए। रंग बिरंगी लाइटों के बीच हरी और लाल साड़ियां पहनकर नृत्य कर रहे बुंदेली कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। समापन अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चैधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से कलाकारों को अपनी कलाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन भी होता है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर होते रहना चाहिए। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के जरिए पर्यटक स्थलों के बावत लोगों को रुबरू कराया गया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संतोष चैरसिया ने कहा कि पर्यटन विभाग ने दो दिन तक दूर-दराज के कलाकारों के अलावा बुंदेली कलाकारों को बुलाकर बुंदेली विधाओं और लोक विधाओं को प्रदर्शित करने का जो मौका दिया, उससे कलाकारों का उत्साह बढ़ा है।


गीत प्रस्तुत करते गायक। अमृत विचार

### अल्तमश म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने मचाई धूम

अल्तमश म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीत संगीत और नृत्य क जरिए कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कलाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत मेरे रशके कमर तूने पहली नजर, जब नजर से मिलाई मजा आ गया सुनाकर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस गीत को सुनने के बाद लोगों की भीड़ मंच की तरफ उमड़ पड़ी, जिससे पुलिस ने रोककर कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। इसके बाद तेरी दुनिया से बहुत दूर चला, हो के मजबूर चला गीत सुनाकर बुर्जुग और अधेड़ लोगों का दिल खुश कर दिया। गीत-संगीत का लोगों ने देर रात तक लुत्फ उठाया।

### गौरव महोत्सव के अंतिम दिन आतिशी का नजारा दिखा

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के अंतिम दिन फायर क्रैकर्स शो के जरिए अतिशबाजी और सतरंगी लेजर लाइटों का जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया गया। सतरंगी लाइटों की जहां एक तरह आकृति नजर आ रही थी, वहीं दूसरी तरफ साउड पर लाइटिंग और आतिशी नजरों के बीच एआर रहमान का मशहूर गीत जय हो की गूंज सुनाई पड़ रही थी। लोगों ने आतिशी नजरे के साथ साथ बज रहे गीत का भी आनंद लिया। इस मौके पर अधिकारियों के अलावा समाजसेवियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों के अलावा लोगों की भीड़ जीम हुई थी।


कलाकार को स्मृति चिन्ह भेंट करते डीएम। अमृत विचार


नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### राई और लोक नृत्य की प्रस्तुति ने जीता दिल

ललितपुर से आईं राई लोक नृत्य कलाकार मोहिनी ने अपनी टीम के साथ मंच पर आधा घंटे तक राई और लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर बुंदेली विधाओं की अलख जगाई। राई नृत्य देखने के लिए ग्रामीण अंचलों से भी लोग शाम से ही डाकबंगला मैदान पहुंच गए थे। हरी लाल साड़ियों के बीच राई नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों को एक बार फिर बुंदेली विधाओं के प्रति खींच लिया। मोहिनी द्वारा किया गया लोक नृत्य भी दर्शकों ने खासा सराहा। मंच पर लंबे समय के बाद बुंदेली और लोक नृत्य की बुंदेलों को प्रस्तुतियां देखने को मिली।


बड़ी संख्या मौजूद दर्शक करते रहे डांस। अमृत विचार

# तहसीलदार व नायाब तहसीलदार पद से रिटायर्ड होंगे लेखपाल


लेखपाल संघ के अधिवेशन में बोलते वक्ता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा महोबा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन तहसील सभागार में रविवार को अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस मौके पर वक्ताओं ने लेखपाल संवर्ग वेतन विसंगति को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने पर जोर दिया, जिससे पहले के लेखपालों की तरह अब लेखपाल पद से सेवानिवृत्त न होकर नायब तहसीलदार और तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त हो सकेंगे, इसके लिए शासन स्तर पर लड़ाई लड़ी जा रह ही है।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राममूरत यादव ने कहा कि 1996 से पहले भर्ती लेखपालों की स्थिति बेहद खराब थी। 30 से 35 साल की सेवा करने के बाद भी लेखपाल इसी पद पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। उसे कानूनगो और नायब तहसीलदार बनने का मौका नहीं मिलता था, लेकिन 14 साल की सेवा के बाद वेतनमान मिल जाता था। सातवां वेतन मान आने के बाद लेखपालों से यह व्यवस्था बिगड़ी और 2016 के बाद व्यवस्था में सुधार हुआ। दस सेवा के बाद 28 सौ का ग्रेड दिया जाना चाहिए, जिसकी लड़ाई लड़ी गई और लेखपाल संघ को कामयाबी भी मिली और अब वेतन उच्चीकरण की लड़ाई चल रही है। लेखपाल अब कानूनगो और नायब तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त होंगे। इस लड़ाई को शासन स्तर पर भी जोरदार तरीके से लड़ा जा रहा है साथ ही न्यायालय में भी अपने हक की लड़ाई लड़ी जा रही है। लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष शिवभान ने कहा कि अब कानूनगो के पदो की वृद्धि संगठन ने करा दी है। कानूनगो के पद बढ़ जाने से अबक जल्दी लेखपालों की पदोन्नित भी होगी। जिला सचिव लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि लेखपाल स ज्यादा कोई भी कर्मचारी काम नहीं करता है। एक एक लेखपाल कई कई गांव का चार्ज लिए हुए है, इसके बाद भी लेखपालों को न्याय नहीं मिल रहा है, जिसकी लड़ाई लड़ी जा रही है।

**उठाई मांग**

▸▸ वेतन विसंगति को लेकर लेखपाल संघ प्रदेश स्तर पर लड़ रहा है लड़ाई

# वेतन लेने के बाद भी गांव में नहीं आते सफाईकर्मी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार :** विकासखंड चरखारी के ग्राम सालट में हफ्तो सफाई न होने से सड़कों पर जगह जगह गंदगी के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणों का निकलना दुभर हो गया है। पंचायत घर के सामने पड़े कूड़े और गंदगी को सफाई कर्मचारियों द्वारा करीब एक माह से सफाई न करने के कारण दुर्गन्ध से आसपास के रहने वालों का जीना दुश्वार हो गया हैं। हालत यह है कि सुबह से शाम तक गांव के ही लोग घरों का कूड़ा पंचायत घर और सड़कों के किनारे फेंक देते हैं, लेकिन सफाई कर्मियों की मनमानी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।


गांव में फैली गंदगी।

शहर की तरह ग्रामीण अंचलों को साफ सुथरा रखने की गरज से तत्कालीन सरकार ने करीब डेढ़ दशक पहले सफाई कर्मियों की गांव गांव में नियुक्ति की थी, जिससे नियमित गांव की नालियां, सड़कें और गांव गांव की सफाई हो सके, लेकिन सफाई कर्मचारी सफाई के नाम पर महीने में एक दो बार ही झाड़ू लगाते हैं, नालियों की सफाई के लिए वह आज तक गांव में फावड़ा लेकर ही नहीं गए, जिससे नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्राम पंचायत राज अधिकारी से शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्राम पंचायत सालट के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर महीने में एकाध बार ही सफाई कर्मचारी सफाई करने आता है। जिससे गांव में सफाई जगह जगह पटी पड़ी गंदगी और कूडे के ढेर लगे हुए हैं। नालियों की सफाई न होने से ओवर फ्लो हो चुकी नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। पंचायत घर में होने वाले कार्यक्रमों के दौरान सफाई कर्मचारी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी गांव में ही करता है, जबकि कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सफाई कर्मचारी भी लंबे समय के लिए गायब हो जाता है। सफाई कर्मचारियों और अधिकारियों की सांठगांठ के चलते सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### खेत से मटर तोड़ने पर महिला को मारा डंडा

**महोबा. अमृत विचार :** शहर कोतवाली के ग्राम सूपा खुड़ा निवासी वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी भाभी प्रमोद कुमारी खेत की रखवाली कर रही थी, तभी वह पास के खेत से हरी मटन तोड़कर खाने लगी। खेत मालिक ने गाली-गलौज कर भाभी पर डंडे से प्रहार कर दिया। वीरेंद्र वहां पहुंच गया और बीच बचाव करने लगा, जिस पर देवेंद्र सिंह ने उसके साथ भी गाली गलौज शुरू कर दी। आसपास खेत पर काम कर रहे किसानों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। वीरेंद्र सिंह की तहरीर चैकी पुलिस को तहरीर दे दी है। सूपा चैकी प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया है कि तहरीर मिली है और जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# लोक कलाकार कर रहे जिले का नाम रोशन

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार :** जनपद महोबा के स्थापना दिवस का आयोजन जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद महोबा के तत्वाधान में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि जनपद महोबा का गौरवमयी इतिहास है। यहां के लोक कलाकार पूरे देश में जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं लोक कलाकारों के कल्याण के लिए वर्तमान में अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से कलाकारों का उत्साह वर्धन होता है कार्यक्रम में इतिहास एवं पर्यटन संगोष्ठी में लोक भूषण पन्नालाल असर झांसी द्वारा बुंदेलखंड के इतिहास एवं संस्कृति पर व्याख्यान दिया। संतोष पटेरिया एवं प्रोफेसर एल सी अनुरागी द्वारा बुंदेलखंड के पर्यटन की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किया गया, जगप्रसाद तिवारी ने बुंदेली संस्कृति और साहित्य पर अपना व्याख्यान दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंगलदीन कुशवाहा ने महोबा की शौर्य गाथा बुंदेली लोक गायन के माध्यम से सुनाई, नवरस समिति के जितेंद्र चौरसिया एवं शरद अनुरागी द्वारा लोग गायन प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा उमाशंकर सेन ने आल्हा गायन एवं गायत्री राय द्वारा बुंदेली लोक गायन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियत्री प्रिया श्रीवास्तव उरई, प्रदीप दिहुलिया, देवेंद्र चतुर्वेदी, जितेंद्र आदित्य, नरेंद्र पंडित, कृष्ण मोहन नायक, ओमप्रकाश तिवारी राजू पांडा, सुशील शर्मा, नितेंद्र चौबे, आयुष्मन चौबे ने अपना काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक संतोष जी, जिला अध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता, कोऑपरेटिव अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर पालिका डॉक्टर संतोष चौरसिया, नगर पंचायत अध्यक्ष कुलपहाड़ वैभव अर्जरिया सहित अन्य भी मौजूद रहे।


कार्यक्रम की शुरुआत करते सांसद।

## सार-संक्षेप

### अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन आज


फील्ड को तैयार करते श्रमिक।

**महोबा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय बुंदेलखंड टूर्नामेंट की सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। 12 फरवरी से शुरू होने वाले इस हाकी टूर्नामेंट का उद्घाटन हमीरपुर महोबा तिंदवारी संसदीय क्षेत्र के सांसद कुं0 पुष्पेंद्र सिंह चंदेल और पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा किया जाएगा। हॉकी टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष पूर्व फौजी कुलदीप भटनागर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 75वें अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत और विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर के प्रयास से किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को 2 बजे किया जाएगा। समिति के महासचिव सादिक इस्लाम ने बताया कि उद्घाटन मैच डीएचए भदौही और कोहनूर क्लब बरेली के बीच खेला जाएगा। आठ दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर, गाजीपुर, विवेक अकादमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सेलेंसी इंफाल मणिपुरा, एलबीएम झांसी, स्पोर्ट कालेज सैफाई, स्टेडियम बादा, रेलवे भुसावल, जीआरएस ग्रुप चरखारी आदि टीमे प्रतिभाग करेंगी।

### पूर्व विधायक सहित 11 लोगों को किया सम्मानित

**महोबा, अमृत विचार :** महोबा जिला गठन की वर्षगांठ पर शहर के अंबेडकर पार्क में रविवार को बुंदेली समाज की तरफ से महोबा की 11 विभूतियों को स्व. पुष्कल सिंह वीरभूमि सम्मान से नवाजा गया एवं जिले के जनक पूर्व विधायक नाना अरिमर्दन सिंह, सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल व संघ के जिला प्रचारक संतोष को उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए बुंदेली समाज सम्मान दिया गया। इस मौके पर सांसद ने जिले को खूबसूरत पर्यटन तीर्थ बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि 1995 में जब महोबा जिला बना तो उसमें सबसे प्रमुख भूमिका तत्कालीन विधायक अरिमर्दन सिंह व संघ के पूर्व जिला प्रचारक स्व. पुष्कल सिंह की रही। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, नगरपालिका अध्यक्ष डा. संतोष चौरसिया, कुलपहाड़ चैयरमैन वैभव अरजरिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डा. विभा पुरवार, लालता चौरसिया, नियाज मुहम्मद, डा. राजेश चौरसिया, प्रो. एलसी अनुरागी, नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार जाधव, दिलीप जैन, हरीओम निषाद, मनीष जैदका, गया प्रसाद, सुरेश बुंदेलखंडी, अंचल सोनी, नेहा चंसौरिया, रमाकांत नगायच व अमरचंद विश्वकर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### एक वोट की सौदेबाजी ने महोबा को बना दिया था जिला

**महोबा, अमृत विचार :** महोबा जिला बनाओ की लंबी लड़ाई के बाद भी जिले का गठन होता ना देख 29 साल पहले विधायक रहे अरिमर्दन सिंह ने जिले के खातिर जनता दल से बगावत कर मुलायम सिंह के पक्ष में वोट करके सपा सरकार बचा ली थी। सरकार बचाने पर मुलायम सिंह ने भी विधायक से किया गया वादा 11 फरवरी 1995 को महोबा को जिला बनाकर पूरा किया। इसलिए पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह महोबा जिला गठन के जनक माने जाते हैं। वर्ष 1995 में मुलायम सिंह के खिलाफ पेश किए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सपा मुखिया एक-एक वोट की जुगत लगा रहे थे सारे हथकंडे अपना लेने के बाद भी एक वोट की कमी पड़ रही थी। तभी मुलायम सिंह ने अपने नजदीकी बेनी वर्मा को अरिमर्दन सिंह के पास भेजा और उन्हें मंत्री पद व पहाड़ बालू के पट्टों का लालच दिया लेकिन अरि मर्दन सिंह तैयार नहीं हुए उन्होंने महोबा जिला बनाओ की शर्त पर वोट देने की बात कही। जिला बनाने का मामला काफी पेचीदा होने के कारण मुलायम सिंह ने उन्हें काफी मनाया और हर बात मानने के लिए तैयार हो गए लेकिन विधायक महोबा जिला बनाओ की जिद पर अड़े रहे।इधर सरकार गिरती देख मजबूरन सपा मुखिया ने विधायक अरिमर्दन सिंह की बात मान ली और महोबा जिला बनाने का आश्वासन दिया। इसके कुछ दिनों बाद मुलायम के खिलाफ पड़े अ विश्वास प्रस्ताव में अरि मर्दन सिंह के एक वोट से सपा मुखिया की सरकार बच गई इसके बाद मुलायम सिंह ने 11 फरवरी 1995 को महोबा आकर जिला बनाने की घोषणा की और साथ में लाये डीएम एसपी को जिले का चार्ज भी दे दिया था विधायक से जब सपा के पक्ष में वोट दिए जाने की बात चल रही थी उस समय सपा जिला अध्यक्ष नियाज मोहम्मद जफरुल्लाह और सपा नेत्री कमलेश पालीवाल भी मौजूद थी। इन नेताओं ने बताया विधायक ने मंत्री पद व अन्य बड़े बड़े गिफ्ट ठुकरा दिए थे।

### घर में घुसकर किया जानलेवा हमला, कलमकारों में गुस्सा

**महोबा, अमृत विचार :** कस्बा चरखारी के मोहल्ला धनुषधारी निवासी कानपुर से प्रकाशित एक दैनिक समाचार पत्र के कलमकार के घर में घुसकर बिच्छू गैंग के सदस्यों ने जानलेवा हमला किया। घायल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि वह शाम को करीब 5 बजे घर के दरवाजे पर बैठा था कि तभी बिच्छू गैंग के सदस्य परदेसी लोहार सहित कई लोग तमंचा और कुल्हाडी लेकर घर में घुस गया। आरोपियों ने जानलेवा हमला किया। आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर तमंचे लहराते हुए धमकी देकर भाग गए। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**अनदेखी** राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा अन्य मार्गों पर भी डंप करके बेचते हैं बालू-मौरंग और गिट्टी

# बिना भंडारण लाइसेंस के धड़ल्ले से बेच रहे निर्माण सामग्री

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार :** नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य मार्गों पर भी बालू, राखी के भंडारण का लाइसेंस लिए बिना धड़ल्ले से बालू के ढेर लगाकर बिक्री कर रहे हैं। हाईवे पर भी बड़े बड़े बालू, डस्ट के ढेर लगे होने से दुर्घटना का भी खतरा बढ़ गया है, कारण, सड़क किनारे बालू व अन्य सामग्री बड़ भूभाग में डंप किए जाने से मार्ग सकरे हो गए हैं, जिससे अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। यह सब देखने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।


हाईवे किनारे डंप की गई बालू और डस्ट। अमृत विचार

राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करना प्रतिबंधित है और ऐसा पाया जाता है तो अतिक्रमणकारी के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि शासन के ऐसे सभी निर्देश उन गरीब और बेरोजगार लोगों पर लागू होते हैं, जो सड़क किनारे पटरी पर अपना ठेला आदि खड़ाकर रोजी रोटी कमाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जबकि बालू का गोरखधंधा करने वाले झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खुलेआम बालू के बड़े-बड़े ढेर लगाकर शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे है। इस मार्ग से निकलने वाले प्रशासनिक अधिकारियों की नजर भी डंपों पर पड़ती है, लेकिन अधिकारी सबकुछ देखकर अनजान बने हुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े छोटे सभी प्रकार के वाहन दिन रात भर्राटे भरते है और इसी मार्ग पर बालू कारोबारियों द्वारा ट्रकों से बालू मंगवाकर डंप करने तथा ट्रेक्टर ट्रालियों में भरकर बिक्री करने का सिलसिला चलता रहता है। डंप के पास सड़क किनारे कभी ट्रक बालू उतारने के लिए खड़े रहते तो कभी ट्रैक्टर बालू लादने के लिए खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन में असुविधा होती है साथ ही आमने सामने से आने वाले वाहनों को भी डंपो के आसपास संतुलन बनाकर धीमी गति से निकलना पड़ता है। निर्माण सामग्री डंप करने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है लेकिन अधिकांश लोग बिना लाइसेंस के धड़ल्ले से बालू, गिट्टी और डस्ट सड़क किनारे डंप करके बिक्री कर रहे हैं। सड़क किनारे अतिक्रमण कर बालू का ढेर लगाकर विक्रय करने का गोरखधंधा विभागीय अधिकारी के मिलीभगत की ओर इशारा करता है। यही कारण है कि अधिकारी भी सब कुछ देखते हुए अनजान बने हुए हैं।

### विद्यार्थियों को वितरित किए गए स्मार्ट फोन

**महोबा. अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना अंतर्गत बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय श्रीनगर के बीए पास करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के तहत स्मार्ट मोबाइल वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि हर क्षेत्र में मोबाइल एक जरूरत का साधन है जिसके जरिए तमाम कार्य आसानी के साथ किए जा सकते हैं। कहा कि जिन्हें योजना के तहत मोबाइल मिल रहे हैं, वह इसका सदुपयोग करें। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ सिंह राघव, आशीष मिश्रा, राजेश नामदेव, पूजा यादव, सुरेंद्र तिवारी, राहुल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अनदेखी से मिट रहा सड़कों का अस्तित्व

## गड्ढा युक्त सड़कों पर चलना हो रहा है मुश्किल, कागज पर तो पूरी तरह से गड्ढा मुक्त हो गई हैं सड़कें

जामवंत सिंह, उरई

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही शहर की सड़कों की स्थिति भी बहुत ही खराब है। कागज पर तो हर सड़क गड्ढा मुक्त है, लेकिन हकीकत तो कुछ और ही है। उरई विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में आने वाली सड़कों की हालत भी किसी से छिपी नहीं है। इन सड़कों पर कदम-कदम पर गड्ढे हैं। सड़कें गड्ढा मुक्त हुईं या नहीं इसकी समीक्षा डीएम और मंडलायुक्त को भी करनी है लेकिन उनके द्वारा भी की जा रही समीक्षा का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। अधिकारी उन्हें गुमराह कर रहे हैं। सड़कें वास्तव में गड्ढा मुक्त हुईं या नहीं इसकी समीक्षा भी नहीं की जा रही है। अमृत विचार की पड़ताल में सड़कें बदहाल मिलीं।


उरई से रगेदा– जलालपुर मार्ग की स्थिति। अमृत विचार

### जलालपुर मार्ग की हालत बहुत ही खराब

उरई शहर में फोर लेन मार्ग से रगेदा होकर एक दर्जन गांवों से होते हुए जलालपुर तक जाने वाली सड़क की स्थिति तो बहुत ही खराब है। हर दिन 20 हजार से अधिक दो पहिया और चार पहिया वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि एक किलोमीटर का सफर तय करने में पांच से छह मिनट लग जाते हैं। इस मुख्य मार्ग का पैचवर्क कई सालों से नहीं किया गया। मरम्मत के अभाव में सड़क खत्म हो गई।


मेडिकल कॉलेज से चौरसी मार्ग पूरी तरह से टूटा। अमृत विचार

### इस मार्ग पर पैदल चलना भी दूभर

मेडिकल कॉलेज चौराहा से हड्डी मिल होकर चौरसी गांव की ओर जाने वाली सड़क पूरी तरह खत्म हो गई है। छह किलोमीटर लंबे इस मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब है। देखरेख के अभाव में यह सड़क पूरी तरह से टूट गई है। इससे हर दिन 80 हजार से अधिक लोग गुजरते हैं। आसपास के गांवों के लोगों ने कई बार डीएम, क्षेत्रीय विधायक से इस सड़क को बनाने की मांग की पर किसी ने नहीं सुना।


मिल्क बोर्ड जाने वाली सड़क पर गड्ढे। अमृत विचार

### मिल्क बोर्ड मार्ग भी दे रहा दर्द

फोर लेन से पड़ुली होकर चुरखी रोड मिल्क बोर्ड को जोड़ने वाली सड़क की लंबाई 10 किलोमीटर है। इस मार्ग से करीब 30 हजार लोग हर दिन गुजरते हैं। हालत यह है कि आए दिन इस पर हादसे होते हैं और लोग चुटहिल होते हैं। विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव उम्मीदवार सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने का दावा करते हैं पर इस सड़क पर किसी का ध्यान नहीं है।


टूटी पड़ी राठ रोड से अजनारी मार्ग की सड़क। अमृत विचार

### राठ रोड- अजनारी मार्ग भी बदहाल

राठ रोड से बाबूराम दादा पेट्रोल पंप होते हुए अजनारी रोड को जोड़ने वाली छह किलोमीटर लंबी सड़क को भी अनदेखी का शिकार होना पड़ा है। 80 हजार लोग तकरीबन हर दिन इस मार्ग से गुजरते हैं। कागज पर ही इस सड़क की मरम्मत कर धन को डकारा जा रहा है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी सबकुछ जानकर अनजान हैं। किसी के पास फुर्सत नहीं है कि वह इसकी मरम्मत कराए।


### बोली जनता


सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चलाया जाना चाहिए। ये सड़कें पूरी तरह से टूट गई हैं। मरम्मत का कार्य तेजी से कराए जाने की जरूरत है।

– मजहर खान, समाजसेवी


सड़कों का नए सिरे से निर्माण किया जाना चाहिए। टूटी सड़कों से गुजरना अब मुश्किल हो रहा है। अधिकारी जनता के दर्द को महसूस करें और सड़कों को बनाएं।

– पवन प्रजापति


सड़कों को कागज पर बनाकर अधिकारी जेब भर लेते हैं। जांच कराई जानी चाहिए। सरकार तो दावा कर रही है सड़कें पूरी तरह से बन गई हैं पर हकीकत हर सामने है।

– महेश चौधरी, बसपा नेता


सड़कों का निर्माण न होने से लोगों को बड़ी समस्याएं हो रही हैं। गड्ढों की वजह से हादसे हो रहे हैं दूसरे धूल उड़ने से सांस की बीमारी हो रही है। कमर दर्द की भी हो रहा है।

– करन


स्मार्ट फोन का वितरण करते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

# भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बांटे स्मार्टफोन

संवाददाता, कालपी, उरई

**अमृत विचार।** कालपी कॉलेज कालपी में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने स्मार्टफोन बांटे और कहा कि इस फोन का उपयोग हमें अपना जीवन संवारने के लिए करना है न कि रील बनाने के लिए। हमारी सरकार स्मार्ट फोन इसलिए दे रही है ताकि आप जरूरी जानकारियां हासिल कर सकें और अपनी शिक्षा संबंधी ज्ञान को बढ़ा सकें। इस दौरान होम साइंस की छात्राओं द्वारा लगाई गई मोटे पकवान की कार्यशाला के दौरान क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष प्रकाश पाल व जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व विधायक डॉक्टर अरुण मेहरोत्रा, पूर्व विधायक संतराम सिंह सेंगर, पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिल बहुगणा आदि रहे। छात्राओं द्वारा परोसे गए पकवान व व्यंजनों को चखा।

## ईवीएम के विरोध में हस्ताक्षर अभियान

**उरई (जालौन)।** आज रविवार को भारत मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में ने ईवीएम के विरोध में गांधी मार्केट के सामने पुरानी तहसील गेट पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान ईवीएम के विरोध सैकड़ा भर लोगों ने हस्ताक्षर कर ईवीएम से चुनाव न करवाये जाने की बात कही। इस मौके पर प्रमुख रूप से मोर्चा जिलाध्यक्ष भूपसिंह यादव, रामभरोसे कुशवाहा, आशाराम, धर्मेंद्र, वीरेन्द्र, हल्के मास्टर, वीरेन्द्र कुमार सिद्धार्थ नगर अध्यक्ष कदौरा एवं जालौन-गरौठा लोकसभा प्रत्याशी आरपीएम (वीएमपी) इजहारुल हसन, आर. एल. अटल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी रामपुरा को एक्सरे मशीन व हेल्थ एटीएम मिला

संवाददाता, रामपुरा, उरई

- अब मरीजों को नहीं काटने पड़ेंगे मुख्यालय के चक्कर

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा को शासन की ओर से डिजिटल एक्सरे मशीन व हेल्थ एटीएम की सौगात मिली हैं। जिससे मरीजों को अब जिला मुख्यालय तक नहीं भागना पड़ेगा।

जनपद के अति पिछड़े इलाके में शुमार विकासखण्ड रामपुरा की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शासन द्वारा रामपुरा नगर में निनावली रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डिजिटल एक्सरे मशीन व हेल्थ एटीएम मशीन उपलब्ध करा दी गई हैं। इसका लाभ जल्द ही इस बीहड़ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। अस्पताल पर आने वाले मरीजों को एक्सरे के लिए 60 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता था। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा के अंतर्गत 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरौल, जगम्मनपुर, नावर तथा पतराही आते हैं। ब्लॉक क्षेत्र की 44 ग्राम पंचायतों, दो नगर पंचायते तथा लगभग 90 गांव के लोगो को गंभीर बीमारी के चलते रामपुरा स्थित सीएचसी पर लाया जाता हैं।


कथा में रुक्मिणी– कृष्ण की मनोहारी झांकी। अमृत विचार

# पापियों का सर्वनाश करने के लिए ईश्वर लेते हैं अवतार

संवाददाता, माधौगढ़, उरई

**अमृत विचार।** माधौगढ़ मंडी में आयोजित भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन सुना। इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

कथा वाचक विष्णु स्वामी महाराज ने कहा कि जब-जब अधर्म, अनीति और पाप बढ़ जाता है तो इन सभी को मिटाने के लिए भगवान स्वयं धरा पर अवतार लेते हैं। भगवान ही राक्षसों का अंत करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। प्रभु राक्षसों का विनाश करते हुए भक्तों का मंगल कर उनका कल्याण करते हैं। कथा वाचक विष्णु महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण का मथुरा गमन की कथा सुनाई और कंस वध की कथा का वर्णन किया। उद्धव गोपी संवाद के साथ ही रुक्मिणी विवाह की कथा भी सुनाई। कहा कि जहां कथा होती है वहां भगवान का वास होता है। कथा श्रवण से समस्त पाप मिट जाते हैं। इस मौके पर परीक्षित बाबूराम शिवहरे, गनेशी देवी, मुन्ना शिवहरे, अनिल शिवहरे मनोज शिवहरे पत्रकार, राधाकृष्ण शिवहरे, संतोष शिवहरे, देवेंद्र शिवहरे, मनोज मिश्रा, कैलौर वाले, गोरे गुप्ता, संजीव शिवहरे, राकेश शिवहरे, ब्रजनन्दन गुप्ता, सत्यनारायण शिवहरे, कल्लू भगत, लल्ला भैया शिवहरे, मोहित शिवहरे, सीता राम शिवहरे, व्यवस्थापक संतोष शिवहरे, अखिलेश सविता रहे।



कथा कहते विष्णु स्वामी महाराज और उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

# रूक्मिणी विवाह की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर

संवाददाता, माधौगढ, उरई

- कामाच्छा देवी मंदिर परिसर में श्री मद्भागवत कथा

**अमृत विचार।** तहसील की ग्राम पंचायत गोरा भूपका में कामाच्छा देवी के परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रसपान भागवत प्रवक्ता सुशील शुक्ला जी महारा ने कराते हुए कहा कि जब-जब अधर्म अनीति पाप बढ जाता है तो इन सभी को मिटाने के लिए भगवान स्वयं धरा पर अवतार लेकर राक्षसों का विनाश करते हुए भक्तों का मंगल कर उनका कल्याण करते हैं।

कथा वाचक श्री शुक्ला जी ने श्रीकृष्ण का मथुरा गमन कंस वध उद्धव गोपी संवाद सहित रूक्मिणी विवाह की कथा को भी बड़ी रोचकता के साथ रसपान कराया । इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति प्रधान गोरा भूपका रामस्नेही गौरीशंकर श्याम नारायण दिनेश कुमार प्रजापति अजय कुमार प्रजापति विजय कुमार प्रजापति पवन कुमार तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जिला महामंत्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**उरई।** सिविल जज सीनियर डिवीजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गजेन्द्र सिंह ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद की दीवानी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को होगी। इसमें में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक, दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों का निस्तारण होगा। श्रम वाद, विद्युत एवं जल के बिल से संबंधित शमनीय दंड वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एनआई एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउंस के मामले निपटाए जाएंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल, टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे।

# दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के सस्थापक राष्ट्रवादी मानववाद के प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को जनपद के 943 बूथों पर उनकी जयंती को मनाया गया इस अवसर पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कालपी नगर के बूथ संख्या 287 गणेश गंज कालपी पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को मनाया क्षेत्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि उनका सपना था कि भारत के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार का लाभ मिलना चाहिए आज उनके सपने को भारतीय जनता पार्टी साकार कर रही है इसके उपरांत क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कालपी कॉलेज कालपी में 950 स्मार्टफोन छात्राओं को वितरित किए इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित अरुण मल्होत्रा रवि शंकर पांडे सूर्यनारायण नगर अध्यक्ष भारत सिंह बूथ अध्यक्ष मनीष द्विवेदी शक्ति केंद्र संयोजक अतुल गुप्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष।

**स्वास्थ्य** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 28 फरवरी तक चलेगा अभियान

# महेवा में आयुष्मान भव : मेले में 149 लोगों का उपचार

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए अभियान शुरू हो गया है। 28 फरवरी तक चलने वाले अभियान के लिए चिकित्सकों की ओर से जगह- जगह शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही फाइलेरिया की दवा का वितरण किया जा रहा है। रविवार को कालपी तथा महेवा के चिकित्सालयों में आयुष्मान भवः मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों का उपचार किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश वरतरिया की अध्यक्षता में आयुष्मान भवः मेले चिकित्सक डॉक्टर विशाल सचान, डॉ. रुबी सिंह तथा डॉक्टर गोपाल द्विवेदी के द्वारा 101 मरीजों का उपचार किया गया। तथा 18 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके जांच की गई। सीएचसी परिसर में आयोजित मेले में आए मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया गया। डॉक्टर दिनेश बरतरिया ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है । उन्होंने बताया कि मौसम से बचाव करने के पूरी तरह से कपड़े पहने किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई जाती है। मेले में मरीजों के मलेरिया , डेंगू, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर 18 लोगों की जांच की गई। इस मौके पर हरचरण सिंह, कुलदीप सचान, आकाश कुमार , रजनीश, जितेंद्र सोनी, अशोक कुमार, ममता, किरण राठौर, हरिओम तिवारी, राम संजीवन गुप्ता, राज कुमार मिश्रा आदि कर्मचारियों की मौजूदगी रही। इसी तरह नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी उदनपुरा में डा. अंजय कुमार की मौजूदगी में मेला लगाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महेवा में चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेख शहरयार की अध्यक्षता में भी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें टीम के द्वारा 48 रोगियों का इलाज किया गया। मेले में मौजूद नागरिकों तथा रोगियों को जागरूक करते हुए डॉक्टर शेख शहरयार ने कहा कि फाइलेरिया रोग से बचाव करने के लिए विभाग के द्वारा दवा खिलाई जा रही है। इसलिए सभी लोग दवा खा लें। ताकि फाइलेरिया के रोग से बचाव हो सके।


स्वास्थ्य का परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

## तेज रफ्तार ट्रक ने बच्चे को कुचला मौके पर हुई मौत

**माधौगढ़।** गोहन थाना क्षेत्र के कुर्सेला गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने छह वर्षीय बच्चे को कुचल दिया। जब तक लोग गंभीर रूप से जख्मी बच्चे को अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो गई। घटना से घर में कोहराम मच गया। लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज किया। कुर्सेला गांव के अनिल का छह साल का बेटा प्रिंस घर के बाहर खेल रहा था। तभी वह खेलते हुए सड़क पर आ गया। इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। गंभीर रूप से जख्मी प्रिंस को लेकर लोग असप्ताला के लिए चले पर उसकी मौत हो गई। गोहन थाना पुलिस ने वहां पहुंचकर बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेजा।


अस्पताल परिसर में मिले शिवलिंग को देखते लोग। अमृत विचार

## अस्पताल परिसर में मिला शिवलिंग

**कोंच।** पनयारा गांव स्थित पशु अस्पताल की खाली पड़ी भूमि पर खेल रहे बच्चों को पास स्थित नीबू के पेड़ के नीचे मिट्टी में दबा शिवलिंग मिला। बच्चों ने परिजनों को जानकारी दी तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने पूजन अर्चन शुरू कर दिया। अब ग्रामीण वहां मंदिर निर्माण की मांग करने लगे हैं। पनयारा गांव में पशु अस्पताल जर्जर हो गया है। ऐसे अब वहां उपचार नहीं होता है। खाली मैदान पर बच्चे खेलते हैं। दर्जनों बच्चे वहां खेल रहे थे। एक बच्चे खेलते- खेलते नीबू के पेड़ के पास गया तो उसका पैर मिट्टी में दबे शिवलिंग पर पड़ गया। बच्चे ने जानकारी अन्य साथियों को दी।

## लाखों की नकदी जेवर ले गए चोर

**उरई (जालौन)।** आटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कहटा के एक घर में चोरों ने नकदी सहित लाखों के आभूषण पार कर दिए। शनिवार की रात सुनील कुमार द्विवेदी अपने परिवार के साथ मकान के नीचे वाले हिस्से में सो रहा था। सुनील ने तहरीर में बताया कि देर रात चोर दीवार से चढ़कर उसके घर मे दाखिल हो गए। ऊपर वाले कमरे का ताला तोड़कर उसमे रखी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमे रखे 80 हजार रुपये नकद व जेवरात ले गए। सुबह जब वह जागा तो ऊपर वाले कमरे में समान विखरा देखा तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# अनुपम व भाइयों की दुकानें व मकान कुर्क

## एक अरब 58 करोड़ की हो चुकी अब तक कुर्की, दालमंडी का मकान कुर्क कर पीड़ित महिला को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- अनुपम और भाइयों ने महिला से जबरन करा लिया था बैनामा
- रविवार को कुर्क संपत्ति की कीमत 1.67 करोड़ आंकी गई



कुर्क दुकानें खाली कर रहे दुकानदार। अमृत विचार



कुर्की की कार्रवाई करतीं तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माफिया अनुपम दुबे व उनके भाई अनुराग दुबे के दाल मंडी स्थिति मकान को कुर्क कर मोहल्ले की ही एक महिला के सुपुर्द कर दिया गया। इस महिला से बीस साल पहले अनुपम दुबे व उनके भाइयो ने जबरिया बैनामा करा लिया था। अनुपम दुबे की 6 दुकानों को रविवार को तहसील श्रद्धा पांडे ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर कुर्क कर लिया। जिनकी कीमत 1 करोड़ 67 लाख रुपये आंकी गई है। अब तक अनुपम दुबे की एक अरब 58 करोड़ की सम्पति कुर्क की जा चुकी है।

तहसील श्रद्धा पांडे ने बताया कि फतेहगढ़ के मोहल्ला दाल मंडी में अनुपम दुबे उनके भाई अनुराग दुबे ने सोनकली पत्नी देश राज से आज से बीस साल पहले मकान का जबरिया बैनामा करा कर उसे मार पीट कर घर से निकाल कर कब्जा कर लिया था।इस मकान को जिलाधिकारी वीके सिंह के निर्देश पर 22 लाख रुपये में कुर्क करके पीड़ित महिला के सुपुर्द कर दिया गया है।यह महिला जब तक मुकदमे का फैसला नही आता तब तक किराया न्यायालय में जमा करेगी। इसके अलावा अनुपम की 6 दुकाने जिन्हें आरोपी ने गलत तरीके से धन अर्जित कर बनवाया था। जिनकी कीमत 1 करोड़ 67 लाख रुपये आंकी गई है । उन्हें भी कुर्क कर लिया गया है।इन दुकानों को लोग किराए पर लिए हुए हैं। उन्हें खाली करने के निर्देश दिए गए हैं।

तहसील दार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि अनुपम दुबे व उनके परिजनों की 113 करोड़ की सम्पत्ति पहले कुर्क की जा चुकी है।45 करोड़ 55 लाख की सपत्ति मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में गांव सहसपुर में कुर्क की जा चुकी है। रविवार को 1करोड़ 67 लाख की दुकानें 22 लाख का मकान कुल मिला कर अब तक एक अरब 58 करोड़ की सम्पति कुर्क की जा चुकी है। इस मौके पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह,सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार तथा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### बीस साल बाद सोनकली को मिला न्याय

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ कोतवाली के मोहल्ला दालमंडी की रहने वाली सोनकली पत्नी देशराज बीस साल बाद अपने मकान में पहुंचने पर गदगद हो गई। सोनकली ने बताया कि बीस साल पहले अनुपम दुबे उनके भाई अनुराग दुबे ,अमित दुबे ने उसके मकान का जबरिया बैनामा करा लिया था। इसके बाद उसकी पुत्र वधू व पौत्र को कमरे में बन्द कर उसे बुरी तरह जूतों से पीटा। वह जान बचा कर परिवार सहित दिल्ली चली गई। अनुराग दुबे ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया। मकान पर कब्जा करने की शिकायत उसने हर जगह की, लेकिन उसे कहीं न्याय नही मिला। आज बीस साल बाद उसे न्याय मिला है। अपने मकान में पहुंचने के बाद वह बेहद खुश है। सोनकली ने कहा कि आज उसे लगा कि दुनिया मे अभी इंसाफ करने वाले लोग मौजूद हैं। इतना कहते हुए उसकी आंखें भर आईं।



सोनकली।

# त्वचा का चित्र देख सॉफ्टवेयर बता देगा रोग

**तिर्वा, कन्नौज।** त्वचा पर होने वाले रोगों की पहचान के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसरों ने छात्रों के साथ शोध करके सॉफ्टवेटर तैयार किया है। इसके माध्यम से केवल त्वचा की फोटो देखकर रोग की पहचान कर ली जाएगा और फिर उसका इलाज किया जा सकेगा।

त्वचा रोग की समय पर पहचान न होने से समस्या धीरे-धीरे बढ़ जाती है। इससे इलाज करना मुश्किल हो जाता है। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर अभिषेक बाजपेयी, प्रोफेसर नवीन तिवारी, छात्र यश शर्मा, राज पटेल ने चर्म रोग की पहचान के लिए छह माह कड़ी मेहनत से एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है। यह त्वचा की फोटो देखकर रोग की पहचान कर लेगा। उसी हिसाब से उसका उपचार हो सकेगा। प्रोफेसर बाजपेयी ने बताया कि सॉफ्टवैयर त्वचा की फोटो देखकर रोग की पहचान कर लेगा। मुहांसा, जलस्फोटी, खुजली, पित्ती की फोटो देखकर पता चलेगा कि त्वचा में कौन सा रोग फैल रहा है।

# पूर्व सैनिक के बंद मकान से लाखों की संपत्ति चोरी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



फैला पड़ा सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में चोर बंद मकान का ताला तोड़ कर लाखों का माल चोरी कर ले गए। चोर घर मे लगे सीसीटीवी कैमरा की हार्ड डिस्क भी चुरा ले गये। घटना की सूचना पड़ोसियों ने गृह स्वामी को दी। गृह स्वामी परिवार समेत नासिक में रह रहे हैं। उनकी सूचना पर यहां पहुंचे जसेन्द्र पाल सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर के रहने वाले सत्यपाल सिंह चौहान और उनकी पत्नी ऊषा चौहान इस समय नासिक में रह रहे है। उनका बेटा विकास चौहान मुम्बई में किसी कम्पनी में इंजीनियर है। पुत्री पूना में मेडिकल विभाग में कार्यरत है। सत्यपाल सिंह पत्नी के साथ नासिक में रह रहे हैं। गृह स्वामी सत्यपाल सिंह के साले जसेन्द्र सोमवंशी ने बताया कि उन्हें सत्यपाल सिंह ने चांदपुर स्थित घर पर चोरी होने की सूचना फोन पर दी। उन्होंने बताया कि 15 से बीस लाख के जेवर घर मे रखे थे। जसेन्द्र ने बताया कि चोर मकान का ताला तोड़ कर घर मे घुस गए। उन्होंने सभी अलमारी व बक्सों के ताले तोड़ दिए। घटना की सूचना 112 डायल को दी। पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई।

### सिपाही की बाइक चोरी, चोर दिखा सीसीटीवी कैमरे में

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शनिवार को सीसीटीएनएस में तैनात कोतवाली के कास्टेबिल अंकुर गर्ग नगर के जटवारा रोड स्थित एक कैफे में खाना खाने गए थे। जब वह खाना खाकर वापस लौटा तो देखा उनकी बाइक गायब है। आसपास जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। जिसमें एक युवक उनकी बाइक ले जाते दिखा। पीड़ित सिपाही ने बताया मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी है। इधर पुलिस सिपाही की बाइक चोरी होने पर हडकंप मच गया। पुलिस बाइक चुराने वाली की खोजबीन में जुटी है।

# ससुरालीजनों ने विवाहिता को पीटा, हुआ गर्भपात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पांच लाख न देने पर दे रहे तलाक की धमकी

**अमृत विचार।** दहेज में पांच लाख रुपये व कार न मिलने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा, जिससे उसका गर्भपात हो गया। ब्लीडिंग होने से उसकी हालत खराब हो गई, जिस पर परिजन उसे मायके ले आए। पीड़िता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। दस माह पहले महिला की नोएडा निवासी व्यवसायी के साथ शादी हुई थी।

शहर के मोहल्ला हर्षवर्धन नगर निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 21 मई 2023 को नोएडा के सेक्टर 62सी/603 स्वागतम् अपार्टमेंट निवासी अक्षत गुप्ता के साथ हुई थी। उसके पिता ने शादी में 25 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें 11 लाख रुपये की नगदी, जेवर व कपड़े दिए गए थे। इसके बाद भी ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और पांच लाख रुपये व कार की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वाले तलाक व पति की दूसरी शादी करने की धमकी भी दे रहे हैं। कई बार ससुरालीजनों को समझाया, लेकिन वह लोग दहेज की मांग कर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। इस दौरान जब वह गर्भवती हो गई तो ससुरालीजन गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगे। कई बार पति ने उसके पेट में लात मारी, जिससे उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई और उसकी हालत खराब हो गई। पति अक्षत गुप्ता, सास पूनम गुप्ता, ससुर रमन गुप्ता, जेठ अर्पित, जेठानी नेहा गुप्ता ने बेरहमी से पिटाई की तथा उसके सारे जेवरात व कपड़े छीन लिए। जब उसने मायके में सूचना दी तो उसके पिता व भाई नोएडा पहुंचे और मायके ले आए। यहां ब्लीडिंग के कारण उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से शिकायत की। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मामले की विवेचना सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी को दी गई है।

### अतिरिक्त दहेज की खातिर विवाहिता को किया प्रताड़ित

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया के रूरा गांव निवासी सरिता पुत्री बेचेलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके परिजनों ने 11 मार्च 23 को औरैया के विधूना थाना क्षेत्र के कछपुरा गांव निवासी योगेंद्र प्रजापति के साथ शादी की थी। सामर्थ्य के हिसाब से दान-दहेज दिया था लेकिन ससुराली इससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ दिन बाद ही पति योगेंद्र, ससुर रामप्रताप, सास रूकमणी, जेठ मनोज, देवर सुशील, सुनीता, अनूप अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। पति ने उसे धमकी दी अगर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न हुई तो जिस तरह पहली पत्नी को छोड़ दिया और दहेज का माल हडप लिया, उसी तरह उसे भी घर से निकाल कर तीसरी शादी कर लेगा। 26 जून को अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उत्पीड़न कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# फतेहपुर : युवती के शव की हुई शिनाख्त

संवाददाता फतेहपुर

- सात फरवरी को सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में मिली थी लाश

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के हसनपुर कसार गांव स्थित कुएं सात फरवरी को हत्या कर फेंके युवती के शव की शनिवार को पहचान हुई है।युवती की पहचान केतकी देवी के रूप में पिता भज्जी पासवान ने की है। पहचान के बाद पुलिस की जांच की दिशा बदली है। जांच की जद में परिजन भी आए हैं।

मृतका हसनपुर कसार गांव के कल्लू बाबा का पुरवा की रहने वाली थी। परिजनों के मुताबिक एक माह पहले वह बड़ी बहन के घर गई थी। इसके बाद से लापता हो गई। वह लोग अपने स्तर से तलाश कर रहे थे। कोई पता नहीं लग रहा था। शव की हालत खराब होने की वजह से पहचान नहीं सके। पुलिस को कुएं से ईंट भरी बोरी मिली थी। बोरी में कुएं के पास बने पुराने टैंक की ईंट मिली थी। बोरी पुष्टाहार की थी। पुलिस को शव स्थानीय होने का शक हुआ। इसी आधार पर पुलिस ने हर गांव में अपने तंत्र सक्रिय किया। मृतका का गांव में एक सहेली है। शव मिलने के बाद उसने अपने घर में केतकी के कई दिनों से न दिखने की चर्चा की। कुछ दिन पहले ही उसके साथ केतकी कपड़े सिलवाने दौलतपुर गांव स्थित टेलर के पास गई थी। वह दोनों प्रतिदिन हैंडपंप में पानी भरने जाती थी। कई दिन से पानी भरने केतकी नहीं पहुंची थी। बहन की सुनी बातों को भाई ने चौकी के एक सिपाही को दी। पुलिस केतकी के घर पूछताछ को पहुंची। पुलिस ने केतकी के पिता, मां, दो बहनों, बहनोई, भांजा से अलग-अलग बयान लिए। परिवार के सदस्यों के बयानों में संदिग्धता प्रतीत होने पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया। गांव के एक दंपती को भी हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती का किसी से प्रेम प्रसंग था। गांव की एक महिला के मोबाइल से युवती बातचीत करती थी।

# धनपुरा में सपा की हुई पीडीए पंचायत

**हमीरपुर।** सपा के पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम धनपुरा में लोगों को एकत्रित कर पंचायत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि माया बाल्मीकि पूर्व चैयरमैन प्रभारी सदर विधान सभा उपस्थित रहीं। बैठक में उन्होंने लोगों से इस बार पीडीए पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक मुस्लिम की सरकार बनाने की बात कही। बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर और डा राममनोहर लोहिया के सिद्धांतो और मुलायम सिंह यादव के संघर्ष के रास्ते पर चलने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखती है। बैठक में जिलाध्यक्ष इदरीश खान, नीरज कश्यप, नीलेश श्रीवास आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं के साथ की टप्पेबाजी जेवर उड़ाए

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पीपल चौराहा के पास दो महिलाओं के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने टप्पेबाजी कर सोने के आभूषण उड़ा दिए। पीड़ित महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम हसनपुर सहनी निवासी कमलेश पत्नी सतीश ने बताया कि वह ग्राम लड़ैता निवासी सरिता पत्नी सर्वेश के साथ रविवार को नगर में अल्ट्रासाउंड के लिए आई थी। यहां से वापस जाते समय नगर के पीपल चौराहा के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ टप्पेबाजी करते हुए कानों के झाले व मंगलसूत्र ले लिए। महिला जब तक कुछ समझ पाती तब तक टप्पेबाज मौके से फरार हो चुका था। कोतवाली पहुंची महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# इंद्र का अहंकार तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण ने उठाया गोवर्धन पर्वत

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- इंद्र का अहंकार तोड़ने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने उठाया गोवर्धन पर्वत

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के पारा गांव में समाधि आश्रम मंदिर यज्ञशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक ने गोवर्धन पर्वत की कथा का बखान किया। जिसे सुनकर श्रोताजन मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक हितेश नन्दन (सत्यम दीक्षित) ने गोवर्धन पर्वत की कथा का बखान करते हुए कहा कि देवताओं के राजा इंद्र का अहंकार तोड़ने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोकुल वासियों से गोवर्धन पूजा करने के लिए कहा। उनकी बात मानकर ब्रज के लोग गोवर्धन पूजा करने की तैयारी करने लगे। जब यह बात राजा इंद्र को पता चली तो नाराज होकर मेघों के साथ प्रलयकारी वर्षा शुरू कर दी। जिससे गोकुल वासी भगवान कृष्ण के शरण में गए। तब वह सभी को गोवर्धन पर्वत पर ले गए। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर अपनी उंगली में धारण कर लिया और सब गोकुल वासियों को सुरक्षित करने से इंद्रदेव को और गुस्सा आया फिर इन्होंने और जोर से पलयकारी बरसात की मगर गोकुल वासी भगवान के शरण मे होने से उनका बाल बांका नहीं हो पाया। जिससे इंद्र का अहंकार चूर हो गया और फिर भगवान कृष्ण से माफी मांगी। श्रीमद् भागवत कथा में प्रकाश भारती, सत्यम भारती, कल्लू तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, मोहन भदौरिया, विशाल सिंह, रणधीर सिंह, भूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# राठ ने पांच विकेट से मैनपुरी को हराया

**सरीला (हमीरपुर)।** महाराजा महिपाल सिंह सामाधि क्रीड़ा स्थल में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरा सेमी फाइनल मैच राठ और मैनपुरी के बीच खेला गया। राठ की टीम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया। रविवार को कस्बे के महिपाल सिंह क्रीड़ा स्थल में राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबले में मैनपुरी की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में राठ की टीम के सामने 112 रनों का लक्ष्य रखा। मैनपुरी टीम के बल्लेबाज शांतनु ने 24 रन, वरुण ने 17 रन व जयसिंह ने 14 रन बनाए। राठ टीम के गेंदबाज हर्षित यादव ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट व वरुण ने दो विकेट लिए। जबाब में राठ की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर 2 गेंदों में 5 विकेट खोकर 113 रन बनाकर मैच जीत लिया। राठ टीम के बल्लेबाजो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिव्यांश ने नाबाद 19 गेंदों में 39 रन व शार्दुल ने 19 गेंदों में 25 रन बनाए। राठ टीम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया। मैनपुरी टीम के गेंदबाज सूर्यकांत ने दो ओवर मे 9 रन देकर 3 विकेट लिए। एक विकेट अंशुल व एक अज्जू ने लिया।

सियासत | लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही कन्नौज में बढ़ने लगा राजनीतिक पारा

# टूटी उम्मीदों से कैसे पार होगी चुनावी 'वैतरणी'

इरा अवस्थी, कन्नौज

- इससे पहले तीन बार ही चुने गए थे स्थानीय सांसद
- सवाल यह कि चुने गए जनप्रतिनिधियों ने किया क्या



**अमृत विचार।** इस साल 18वें लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जैसे-जैसे दिन खिसक रहे हैं वातावरण के साथ ही राजनीतिक पारा भी चढ़ना शुरू हो चुका है। जनता भी हिसाब किताब लगाने लगी है कि मौजूदा जनप्रतिनिधि जिनको इतनी उम्मीदों से चुना उन्होंने आखिर धरातल पर क्या किया? कारण उनके कराए कार्य तमाम प्रयास के बाद भी लोगों को खुली आंखों से नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में टूटी उम्मीदें चुनावी वैतरणी पार करा सकेंगी इसको लेकर संशय है। हालांकि मोदी-योगी का नाम और काम संजीवनी का काम कर सकता है।

बता दें कि कन्नौज संसदीय सीट वर्ष 1967 से ही वीआईपी की श्रेणी में रही है। तब सोशलिस्ट पार्टी से डॉ. राममनोहर लोहिया यहां के सांसद चुने गए थे। वर्ष 1984 में कांग्रेस से शीला दीक्षित और फिर 1999 में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव यहां से लड़े और जीते।

फिर 2000 के उपचुनाव में उनके द्वारा खाली की गई इस सीट से पुत्र अखिलेश यादव ने राजनीतिक सफर प्रारंभ किया। तबसे लगातार 2019 तक यह सीट वीआईपी कुर्सी पर डटी रही। इन तीनों ने कन्नौज के विकास के लिए भरपूर काम किए जो अब तक दिखते हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में अखिलेश की पत्नी व दो बार की सांसद डिंपल यादव को कड़ी टक्कर देते हुए स्थानीय निवासी सुब्रत पाठक ने यह सीट अपने नाम की। उनके जीतने से यहां की जनता को उम्मीद बंधी थी कि स्थानीय होने से यहां सैफई की तरह ही विकास के काम होंगे लेकिन समय बीतने के साथ यह उम्मीदें धराशायी होती नजर आईं।

बड़ी बात यह है कि स्थानीय के नाम पर साल 1977 में लोकदल से राम प्रकाश त्रिपाठी, 1989 व 1991 में जनता दल से छोटे सिंह यादव के बाद यह चौथा मौका था जब कन्नौज के युवा को सांसद चुना गया। बीती तीन फरवरी को बोर्डिंग मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने मंच से मौजूदा सांसद को मजबूत करने का आह्वान किया। ऐसे में कहीं न कहीं इस बात को बल मिल रहा है कि वे दोबारा यहां की जनता की अदालत में होंगे। ऐसे में जनता भी चर्चा करने लगी है कि बेशक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश व प्रदेश की जनता के लिए खूब काम किया।

राम मंदिर का बरसों पुराना इंतजार भी खत्म किया लेकिन कन्नौज की जनता के लिए खासतौर पर जनप्रतिनिधि द्वारा कराए गए काम नहीं दिखाई दे रहे। पूछने पर लोग सपा द्वारा कराए विकास के काम गिना देते हैं और भाजपा के नाम पर 'राम' का नाम लेकर आगे बढ़ जाते हैं। एक सवाल – तो फिर जीतेंगे कैसे ? पर लोग कहते हैं राम ही जिताएंगे। लगता है कि मोदी और योगी के नाम-काम के सहारे चुनावी नैया पार लगी तो लगी।

# किशोरी और दो युवतियों के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दुष्कर्म की तीन घटनाओं का पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया है।

हुसैनगंज थाना के एक गांव के किसान ने बताया कि 21 अक्टूबर 2023 को उसकी नाबालिग पुत्री घर में सो रही थी। देर रात गांव का गुड्डू घर में घुस आया। किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। घर वालों के जग जाने पर आरोपी भाग गया। किशोरी के परिजन आरोपी के घर उलाहना देने पहुंचे तो गुड्डू उसके पिता धीरेन्द्र, रिश्तेदार प्रकाश और मुकेश गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर भगा दिया। वहीं थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने एफ आई आर में बताया कि 29 दिसम्बर 2023 को सुबह छह बजे वह खेत में सेम तोड़ने जा रही थी। रास्ते में गांव का सूरज सिंह उसे घसीटकर अरहर के खेत में ले गया। उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। हथगाम थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ओरमा निवासी अजीत कुमार से उसकी मुलाक़ात हुई थी। आरोपी 13 अक्टूबर 2022 की शाम को उसे गांव के बाहर बुलाया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ दिन बाद शादी के लिए दबाव बनाने पर शादी से इंकार कर दिया। कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने मामलों की शिकायत थाना पुलिस से की कोई कार्यवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल जिसका रोल नं0– 0879001 एंव इण्टरमीडियट रोल नं0– 0457232 की मार्कशीट एंव सर्टिफिकेट वास्तव में खो गये हैं। जिसे भी मिले कृपया मो.नं. 9044510744 पर सम्पर्क करे। **मो इमरान अंसारी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र मुन्डैवर अली निवासी– 11/31 गिरधारी लाल का हाता, शूटरगंज कानपुर नगर।**

### सूचना

सूचित हो मैं **सरला पत्नी लल्ली, निवासिनी 312, तरहिया, तहसील– बख्शी का तालाब, लखनऊ,** मेरे मतदाता पहचान पत्र संख्या FPP5879929 पर मेरा नाम सरला अंकित है, जो सत्य व सही है। जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 7544 8709 0243 में मेरा नाम त्रुटिवश राम दुलारी अंकित हो गया है। अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम राम दुलारी के स्थान पर सरला अंकित किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **संतोष कुमार प्रसाद पुत्र श्री गंगा विष्णु प्रसाद, वर्तमान पता– 561/541, न्यू सिंधु मानस नगर, कृष्णा नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी पुत्री का बैंक पास बुक व अन्य राजस्व अभिलेखो में शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर अंकित है, जो कि सत्य है। जबकि उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश कुमारी संध्या अंकित हो गया है। जिसे संशोधित कर शुद्ध व सही नाम संध्या ठाकुर (SANDHYA THAKUR) अंकित किया जाय।

### NOTICE

All common people are informed. The name of the applicant was Alok Mishara, now according to the records it has become Alok Kumar Mishra, hence now in future the applicant Should be known and known as Alok Kumar Mishra. Applicant-**Alok Kumar Mishra son of Anil Kumar Mishra Village Karanpur Post Babhnan Sugar Mill District Gonda**

### कार्यालय ग्राम पंचायत – रिबई, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12–02–2024 से 19–02–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | बकरी शैड निर्माण कार्य राकेश पुत्र बृजलाल के बाड़े में | 1.59 लाख | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, चद्दर पाइप एंगिल आदि | – | 3 माह |

**शर्त** – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एक ही आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत–रिबई
विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,**
ग्राम पंचायत–रिबई
विकास खण्ड –(पनवाड़ी),महोबा

### कार्यालय ग्राम पंचायत – भटेवरा कलॉ, विकास खण्ड चरखारी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/आई0सी0डी0एस0/पंद्रहवा वित्त आयोग/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12–02–2024 से 19–02–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा/सी0सी0 डी0एस0/पंद्रहवा वित्त आयोग | ऑगनबाडी भवन निर्माण कार्य भटेवरा कलॉ में | 9.99007 | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, सरिया आदि | – | 6 माह |

**शर्त** – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एक ही आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत–भटेवरा कलॉ
विकास खण्ड –(चरखारी),महोबा

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,**
ग्राम पंचायत–भटेवरा कलॉ
विकास खण्ड –(चरखारी),महोबा

### कार्यालय ग्राम पंचायत – गौरहरि, विकास खण्ड चरखारी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/आई0सी0डी0एस0/पंद्रहवा वित्त आयोग/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12–02–2024 से 19–02–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ऑगनबाडी भवन निर्माण कार्य | 9.99007 | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, सरिया आदि | – | 6 माह |

**शर्त** – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एक ही आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत–गौरहरि
विकास खण्ड –(चरखारी),महोबा

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी,**
ग्राम पंचायत–गौरहरि
विकास खण्ड –(चरखारी),महोबा

# 8891 ने छोड़ी लोकसेवा आयोग की परीक्षा

## कड़ी निगरानी के बीच हुई समीक्षा अधिकारी की परीक्षा, गहन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को दिया प्रवेश

- उप्र लोकसेवा आयोग ने आयोजित की है परीक्षा, सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षाएं कड़ी चौकसी के बीच सम्पन्न हो गईं। दो पालियों में होने वाली परीक्षा में पंजीकृत 13296 परीक्षार्थियों के सापेक्ष प्रथम पाली में 4431 तो द्वितीय पाली में 4478 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि शेष परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही। शुचिता के लिए प्रशासनिक अफसर केन्द्रों का भ्रमण करते रहे।

परीक्षा के लिए जिले में महर्षि विद्या मंदिर इंटर कालेज, सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज रघुवंशपुरम, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड, बुदवन इंटर कालेज, बाबू राधेश्याम इंटर कालेज समेत 30 परीक्षा केन्द्रों में सुबह की पाली सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया गया। सभी केन्द्रों में परीक्षार्थियों की गेट में गहन तलाशी के साथ केन्द्र में प्रवेश दिया गया। इस बीच किसी परीक्षार्थियों के बीच अफरा-तफरी दिखी। कोई फोटो लाना भूल गया तो कोई आधार कार्ड के लिए परेशान नजर आया। इसी तरह से द्वितीय पाली अपरान्ह 2.30 बजे से 3.30 बजे तक आयोजित हुई। जिसमें परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा की शुचिता जांचने के लिए इस केन्द्र से उस केन्द्र का निरीक्षण करते रहे।


केन्द्र में प्रवेश के लिए लाइन में खड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

### लगे रहे 10 सेक्टर एवं 30 स्टैटिक मजिस्ट्रेट

समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा का सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में 30 परीक्षा केंद्रों में 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 30 स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केन्द्र व्यवस्थापक मुस्तैद रहे।

### यह सामग्री रही प्रतिबंधित

परीक्षा कक्ष में किसी भी हाल में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर आदि पूर्णतया प्रतिबंधित रहा। परीक्षा सम्पन्न होने के बाद आयोग द्वारा निर्धारित नियमानुसार परीक्षा केंद्रों से बंडल को निर्धारित स्थान पर जमा कराया गया। परीक्षार्थियों को मात्र ब्लैक बाल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग करने दिया गया।

### एक केन्द्र पर लगे आरोप

समीक्षा अधिकारी की परीक्षा में शहर के चंद्रा बालिका इंटर कॉलेज चंद्र नगर पीरनपुर के खिलाफ कुछ परीक्षार्थियों ने आरोप लगाए। इनका कहना रहा कि दो फोटो की वजह से 10-15 बच्चों को बाहर किया गया है, जबकि उनके पास एक-एक फोटो मौजूद थी। वहीं जान पहचान वाले अभ्यिर्थयों के पास कोई फोटो नहीं थी, फिर भी उनको अंदर परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। आरोप लगाया कि हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### परीक्षार्थियों पर एक नजर

प्रथम पाली में पंजीकृत 13296 परीक्षार्थियों में 4431 की अनुपस्थिति दर्ज की गई। जबकि 8865 ने परीक्षा दी। इसी तरह से द्वितीय पाली में पंजीकृत 13296 परीक्षार्थियों में 8818 ने परीक्षा दी और 4478 ने परीक्षा छोड़ दी।

# सहकारी समिति का भवन हुआ खंडहर

- बजट न आने का हवाला दे रहे अध्यक्ष, भवन में लगता है डर
- दस साल से जर्जर भवन की नहीं हुई मरम्मत

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत एकडला में बनी साधन सहकारी समिति पूरी तरीके से खंडहर में तब्दील हो गई है। समिति के इर्द-गिर्द गंदगी का अंबार लगा हुआ है। लेकिन शासन के तहत निरंतर हर बार यहां अध्यक्ष पद का चुनाव होता रहता है और हर बार नया अध्यक्ष भी मिलता है। लेकिन जर्जर भवन की मरम्मत को लेकर कोई संजीदा नहीं होता।

हाल ही में अभी तीन दिन पूर्व इसी समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ था। जिस पर भानु प्रताप सिंह दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। लेकिन समिति के हालात बद से बदतर हो गई है। दूर से देखने में यह समिति किसी भूत बंगला से कम नहीं लगती है। समिति के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। करीब दस साल से यह समिति जस की तस पड़ी हुई है। न तो इस समिति पर कभी साफ सफाई होती है और न ही शासन द्वारा इसे दुरुस्त करने के लिए बजट उपलब्ध हो पता है। विभागीय अफसर की अनदेखी के चलते यह समिति पूरी तरीके से धड़ाम पड़ी है। लेकिन हर बार यहां पर अध्यक्ष पद का चुनाव जरूर होता है।

समिति पर इस समय अन्ना जानवरों का कब्जा है, अन्ना जानवरों ने इस समिति को अपना बैठका बना लिया है। समिति पर किसानों को समय से खाद भी उपलब्ध नहीं हो पाती है। लाखों रुपए की लागत से बनी है समिति शोपीस बनकर रह गई है। समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि समिति को दुरुस्त कराने के लिए बजट मांगा गया। लेकिन बजट नहीं मिला जिसके अभाव से समिति पूरी तरीके से जर्जर हालत में पड़ी है। फिर भी शासन से लगातार समिति को दुरुस्त करने के लिए मांग की जा रही है।


जर्जर स्थिति में खड़ा समिति का भवन। अमृत विचार

# किसानों ने कहा बनवाएं गन्ना मील

- अन्ना मवेशी सहित अन्य मुद्दों को लेकर हो रहा प्रदर्शन
- भाकियू से जुड़े किसानों ने किया धरना- प्रदर्शन

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दोआबा में गन्ना मिल की मांग सहित अन्ना मवेशियों के द्वारा खेत में लगी फसल को बर्बाद करना सहित किसानों के अन्य मुद्दों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मद आजम के नेतृत्व में किसानों की एक बैठक सम्पन्न हुई। किसानों ने कहा कि गन्ना मील की मांग को लेकर तीन माह पहले लखनऊ में महापंचायत किया गया था। जहां किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी से मिला था।

जिले में गन्ना मील सहित अन्य मुद्दों पर सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले मांग पूरी करने का भरोसा दिया था। लेकिन न तो गन्ना मील के लिए जगह उपलब्ध हो सकी और न ही अन्ना मवेशियों से निजात मिल सकी है। किसान नेता बच्चा सिंह, विवेक राजू, राम नरेश मौर्या, रामबाबू यादव, रजोल सिंह ने कहा कि जिले में गन्ना मील बन जाने से बुंदेलखंड सहित आस पास के जिलों के किसानों को गन्ना कही ओर बेचने नहीं जाना होगा। किसानों ने कहा कि गौशालाओं में अन्ना मवेशी को चारा पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे मवेशी खेत में लगी फसलों को चर कर बर्बाद कर रहे हैं। बिजली समय से नही मिलने पर खेत में पानी नहीं लगा पा रहे हैं। किसानों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लाक के अधिकारियों को ज्ञापन दिया। किसानों ने मांग किया कि सरकार झूठा वादा कर किसानों के साथ धोखा कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर किसानों को धोखा दिया। सरकार ने किसानों को मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सरकार का कोई भी वादा पूरा नही हुआ है। लोकसभा चुनाव में किसान सरकार को सबक सिखाएंगे।


प्रदर्शन करते भाकियू अराजनैतिक दल के लोग। अमृत विचार

# सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में हुई कार्रवाई

- सीट बेल्ट न लगाने पर तीन सौ वाहनों पर लगाया जुर्माना

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत बिना नबंर प्लेट,हेलमेट न पहनें होना और कार सवार के द्वारा सीट बेल्ट न लगाने पर करीब तीन सौ वाहन पर जुर्माना लगाया है।

डीएसपी ट्रैफिक होरीलाल के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शहर के पटेल नगर,वर्मा चौराहा,ज्वालागंज बस स्टैंड,जिला अस्पताल,लोधीगंज सहित जिले के सभी थाना क्षेत्र में बाइक सवार के द्वारा बिना हेलमेट पहने और तीन सवारी होने पर करीब 180 बाइक सवार का चालान किया गया। डीएसपी होरीलाल ने बताया कि चार पहिया वाहनों पर काली फिल्म एवं दो पहिया वाहन पर लगे मोडिफाइड साइलेंसर,बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों एवं तीन सवारी तथा चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आमजनमानस को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किये जाने के लिए प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण किया गया। अभियान के तहत 45 ई-रिक्शा, 25 ट्रैक्टर ट्राली, 50 अन्य वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। नियम तोड़ने वाले किसी भी वाहन चालक को छोड़ा नही जायेगा। जिले में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। ई रिक्शा चालकों के द्वारा लापरवाही से ई रिक्शा चलाने पर कहा कि इन लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जायेगा।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई दुष्कर्म की रिपोर्ट

**जहानाबाद।** थाना जहानाबाद में रविवार को कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि चंदागली निवासी सोनू गुप्ता पुत्र महेश गुप्ता ने प्रेम जाल में फंसा कर उससे अश्लील बातें करने के साथ-साथ 15 नवंबर 2023 को घर पर आकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने बताया आरोपी सोनू गुप्ता द्वारा उसे शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ समय-समय पर मोबाइल पर फोटो व वीडियो वायरल करने के नाम पर लगातार पैसे की मांग कर रहा था। पीड़िता द्वारा बताया गया थाना जहानाबाद तथा पुलिस अधीक्षक फतेहपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण ली। थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बताया कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन। अमृत विचार

### एमरॉन मोबिल आयल की दुकान का हुआ उद्घाटन

**फतेहपुर।** शहर के जीटी रोड शांति नगर स्थित एसएसजी ट्रेडर्स एमरॉन मोबिल आयल का उद्घाटन रविवार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। दुकान के संरक्षक अनीस अहमद गुलशन बैटरी सर्विस एमरॉन कंपनी के मैनेजर सोनू रावत, राजेश शुक्ला मार्केटिंग डिस्ट्रीब्यूटर नितिन जायसवाल, संचालक मोहम्मद अजहर खान ने बताया की एमरॉन मोबिल आयल इंजन की सालों साल सुरक्षा करता है। इस मौके पर सोहनलाल वर्मा, पप्पू चांद, रिजवान, आशु विनोद मिस्त्री, राजेश कुमार शुक्ला, लुकमान, अनिल, इरफान मिस्त्री, शिबू मिस्त्री समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


पार्टी से प्रत्याशी उतारने की कांग्रेसियों ने की मांग। अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने अपने प्रत्याशी उतारने की पार्टी से रखी मांग

**खागा।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के खागा विधानसभा कार्यकर्ताओं ने आलाकमान से मांग की है। चुनाव में पार्टी अपने सिंबल के साथ प्रत्याशियों को मैदान में उतारें। युवा नेता मोबीन अहमद पूर्व खागा प्रभारी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मांग करते हुए कहा कांग्रेस पूरे प्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारे और खास कर उत्तर प्रदेश में, कांग्रेस अपने दमखम से लड़ेगी और जीतेगी। युवा नेता मोबीन अहमद, ने कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आम जनमानस किसान मजदूर युवा बेरोजगारी की लड़ाई सदैव लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी। आम जनमानस की राय देखी जाए तो कांग्रेस एक जमीनी स्तर की पार्टी है जो इस देश के प्रति हमेशा एक अच्छा योगदान रहा और आने वाले कल के लिए हमेशा रहेगा हर एक जनमानस चाहे वह पदाधिकारी रहा हो या कर्मचारी, या फिर बेरोजगार, यह सभी कांग्रेस में ही एक बेहतर भविष्य ढूंढ रहे हैं। मोबीन अहमद ने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारे। इस मांग के लिए मोबीन अहमद द्वारा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से भी इस पर मांग की गई है। जिस पर आला कमान ने अपनी सहमति जताई है।

### 40 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 40 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं छह लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। अन्य लोगों पर भी ऐसी कार्रवाई होगी।

# भूमिधरी पट्टा की जमीन का दावा जांच में हुआ खारिज

अमृत विचार फालोअप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना खखरेरु क्षेत्र के हकीमपुर खंतवां गांव निवासी राम कली पत्नी स्वर्गीय वासुदेव ने बीते मंगलवार को सरकारी भूमिधरी पट्टा को लेकर गांव के ही फारुख अहमद पुत्र अजमत अली के खिलाफ कई तरह के आरोप मढ़े थे। जिसको लेकर महिला ने स्थानीय थाना समेत उपजिलाधिकारी के चौखट तक शिकयती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। महिला की शिकायत पर राजस्व विभाग मौके पर पहुंचकर जमीन की जांच पड़ताल की तथा भूमिधरी पट्टा की पैमाइश कराई गई तो पता चला की निर्माणधीन ज़मीन के इर्द गिर्द ऐसी कोई भूमि नहीं जिस पर अवैध कब्जा बताया जा रहा था।

महिला ने अपने बयान में कहा कि गांव के किनारे बनी पानी की टंकी पास मेरे नाम सरकारी पट्टा पहले से एलाट था पर जमीन की सही जानकारी आज तक उन्हें नहीं थी। जमीन का हिस्सा किस कोने है जिसको लेकर मै परेशान थी। इसी को लेकर स्थानीय थाना में शिकायती पत्र दिया गया था। इस बीच क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ज़ब भूमिधरी ज़मीन की पैमाइस की गई तब सही जानकारी उन्हें प्राप्त हुई।

# छत से गिरकर महिला जख्मी

**फतेहपुर।** अस्ती गांव निवासी मोहम्मद अली की पुत्री कमर जहां रविवार सुबह अपने घर के आंगन में लगे फोल्डिंग लोहे के जाल को खोल कर साफ कर रहीं थी। तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दिया। परिजन कानपुर न ले जाकर किसी प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने लेकर चले गए।

कमर जहां के साथ आये परिजनों ने बताया कि पीड़ित की शादी औंग थाना क्षेत्र के सुजावल गांव में हुई थी। वह अपने मायके अस्ती में रह रही है।

# सुनहरी यादों को छात्रों ने किया साझा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के चिल्ड्रेन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने सीनियर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा से पूर्व विदाई दी। कार्यक्रम में छात्रों ने सुनहरी व अविस्मरणीय यादों के पलों को जीवंत कर दिया।

कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विद्यालय की डायरेक्टर इंजी. प्राची श्रीवास्तव व प्रधानाचार्या डॉ. पद्मालया दास चौधुरी ने आपने आशीर्वाद वक्तव्य में जीवन के संघर्षों से न घबराने और सफलता के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पार कर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या ने बच्चों से कहा कि बच्चे विद्यालय से जुड़ने के बाद उस विद्यालय का खास हिस्सा बन जाते हैं, वह हमेशा शिक्षकों और विद्यालय से जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम में जहां बारहवीं के छात्रों के चहरे पर ख़ुशी दिखी तो वहीं स्कूल से साथियों से अलग होने का भाव भी साफ दिखाई दिया। इस मौके पर संजय श्रीवस्ताव, रेखा श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, हेड मिस्ट्रेस रीना शुक्ला, लालजी श्रीवस्तव आदि की मौजूदगी में पुरस्कार,सम्मान का भी सिलसिला चला।


आशीर्वाद समारोह में जुटे छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

बढ़ी बेचैनी | अपना दल (एस) व निषाद पार्टी की ओर से की जा सकती है दावेदारी

# चुनाव में कौन बनेगा चेहरा, भाजपा में शुरु हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में संगठनविहीन अपना दल (एस) व निषाद पार्टी लोकसभा चुनाव में दावेदारी करके भाजपा में बेचैनी बढ़ा दी है। वहीं विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जनता के बीच जा रही भाजपा ने प्रत्याशी चयन के लिए भी माथापच्ची शुरू कर दी है।

फतेहपुर लोकसभा सीट को इस बार भाजपा ने बेहद गंभीरता से लिया है। भाजपा चाहती है कि फतेहपुर लोकसभा सीट पर हैट्रिक लगाये लेकिन भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) व निषाद पार्टी दावा कर सकती है, जिससे भगवा कार्यकर्ताओं में बेचैनी बढ़ा दी है। बीते चार फरवरी को अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन करके जनपदवासियों की नब्ज टटोली है। हालांकि इन दोनों दलो का संगठन जिले में हासियें में होने से जनाधार भी कमजोर है लेकिन भाजपा की हिन्दुत्व साख पर मजबूती से दावेदारी कर सकती है। अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा करके भाजपा ने एक बार फिर माहौल बनाया है। इस बार भाजपा ने 400 के पार का जो जीत का माइल स्टोन सेट किया है उससे दावेदारों के हौसलों को पंख लग गया है। यही वजह है कि पार्टी में टिकट के कई दावेदार सामने आ रहे हैं।

### अंदरखाने खेल शुरू

राजनीतिक सूत्र बताते हैं कि निषाद पार्टी एवं अपना दल (एस) का टिकटों का खेल अंदर खाने शुरू हो गया है। निषाद पार्टी एवं अपना दल (एस) भी फतेहपुर लोकसभा के लिए अपना दावा कर सकती है। अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जिला सम्मेलन में शिरकत से भी यही कयास लगाए जा रहे हैं कि जिले में अपनी ताकत का एहसास पार्टी कराना चाहती थी। पार्टी के एक विधायक को लेकर उनके समर्थकों ने अपना सांसद कैसा हो के जोरदार नारे भी लगाए। वह क्षेत्र बदल जिले को अपना नया ठिकाना बना सकती हैं।

### एक पूर्व विधायक भी प्रयासरत

भाजपा के एक पूर्व विधायक ने जिले के अलावा समीपस्थ लोकसभा से भी अपना दावा कर रखा है। भाजपा ना सही तो निषाद पार्टी से वह अपना टिकट लेने की जगह जुगाड़ में हैं। लेकिन मौजूदा सांसद साध्वी निरंजन ज्योति को किनारे लगा उनका टिकट कटवाना फिलहाल जिले के नेताओं की वश की बात तो नजर नहीं आती।

### बाहरियों पर जताते आ रहे विश्वास

पिछड़े जनपदों में शुमार रहे जिले के मतदाताओं ने बाहरियों को खूब गले लगाया है। दावे और वायदे बड़े-बड़े होते रहें हैं लेकिन जमीनी हकीकत में उन दावों की पोल सदा ही खुलती रही है। एक बार फिर 18वीं लोकसभा चुनाव की बिसात बिछनी शुरू हो गई है। सपा, बसपा एवं कांग्रेस अभी साइलेंट मुद्रा में हैं। भाजपा द्वार पूर्व में प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों को चुनाव मैदान में उतारने एवं कई मौजूदा सांसदों के टिकट काटने की हवा ने यहां का माहौल गर्म कर दिया है।

### बड़े संत के विश्वास पात्र ने भी किया दावा

श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चुनावी सरगर्मी के बीच फतेहपुर लोकसभा के लिए दावेदारों ने धूम मचा रखी है। दो पूर्व मंत्री सहित दो पूर्व विधायक एवं देश दुनिया में ख्याति प्राप्त एक बड़े संत के विश्वास पात्र ने भी अपना दावा मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है। जनपद से लगी एक अन्य लोकसभा सीट के लिए निषाद पार्टी से भी बड़ी डील की अंदर खाने चर्चा है। अपना दल एस द्वारा फतेहपुर लोकसभा को अपने कोटे में लेने की चर्चा तेज है लेकिन मौजूदा दो बार की सांसद केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के टिकट को किनारे लगाने की क्षमता आखिर इन दावेदारों में कितनी है यह तो समय बताएगा। लेकिन पूरे देश में स्टार प्रचारक के रूप में जानी जाने वाली साध्वी अपनी बिरादरी की भी बड़ी नेता हैं।

# केन्द्र व्यवस्थापकों को बांटी परीक्षा सामग्री

- यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में आई तेजी
- डीआईओएस कार्यालय में दिनभर रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 15 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। ऐसे में परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डीआईओएस कार्यालय से केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया।

बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटियां लगाई जा रही हैं। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी शामिल किया जाएगा और उनकी भी ड्यूटी लगाई जा रही है। जिले में हाईस्कूल व इंटर के 67631 परीक्षार्थियों के लिए 115 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस बीच बोर्ड परीक्षा कराए जाने के लिए कापियां जिला मुख्यालय पर पहुंच चुकी हैं और अब इन कापियों को परीक्षा केन्द्रों में भेजा जा रहा है। बोर्ड की ओर से कोडेड कापियों पर परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया गया है और कोडेड कापियां भी भेजी गई हैं। इसके साथ ही कक्ष निरीक्षकों को भी पहचान पत्र दिए जाएंगे। खास बात यह है कि इस साल कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड वाले पहचान पत्र दिए जाएंगे।

शिक्षकों की कक्ष निरीक्षकों के रूप में ड्यूटी लगाए जाने के बाद यह क्यूआर कोड वाले पहचान पत्र उन्हें दे दिए जाएंगे। पिछले सालो की तरह इस साल में भी बेसिक शिक्षा विभाग के करीब एक हजार शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाई। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी की देखरेख में केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया।


डीआईओएस कार्यालय से परीक्षा सामग्री प्राप्त करते केन्द्र कर्मी। अमृत विचार

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्च : सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया ॥

भाई अपने भाई से कभी द्वेष नहीं करें, बहन अपनी बहन से द्वेष नहीं करें, समान गति से एक दूसरे का आदर-सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

## संपादकीय

# चुनाव परिणाम के मायने

पाकिस्तान में अंततः रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए। अंतिम परिणामों ने लोगों को चौंका दिया है। किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलने से सरकार बनाने की स्थिति साफ नहीं हो पाई है। फिलहाल जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीट मिलीं, जबकि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिलीं हैं। पाकिस्तान की असल कमान हमेशा सेना के हाथ में रही है। पाकिस्तान बनने के बाद से ही वहां की सत्ता पर आधे से अधिक समय सेना का कब्जा रहा है। सत्ता में जो भी रहा वह सेना का मोहरा बनकर ही रहा। सेना समय-समय पर अपने फायदे के लिहाज से राजनीतिक मोहरे चुनती आई है। पिछले चुनाव में वह इमरान खान के पीछे खड़ी थी और तब इमरान पहली बार प्रधानमंत्री बनने में सफल भी हुए। फिर इमरान के साथ अनबन हुई तो विरोधी दलों को एक मंच पर लाकर सेना ने उनकी गठबंधन सरकार गठित करा दी। चुनाव नतीजे संकेत कर रहे हैं कि देश पर सेना की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इस बार भी चुनाव में सेना ने खेल खेला फिर भी अपने इरादों मे सफल नहीं हो सकी। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सेना को नवाज शरीफ का समर्थन करते हुए देखा गया था। परंतु अब जनता सेना के राजनीतिक हस्तक्षेप और पारंपरिक राजनीतिक दलों के रवैये से निराश हो चुकी है। जनता में सेना का डर कम हो गया है। वह अपने पड़ोस में भारत को तरक्की करते हुए और विश्व की एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होते देख रही है। कई विश्लेषक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा में यह कहते हैं कि वह अपने देश को सही दिशा में ले जा रहे हैं।

इस समय पाकिस्तान कई समस्याओं से जूझ रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसका असर अन्य मोर्चों पर भी पड़ रहा है। स्थिति ऐसी हो गई है कि तालिबान भी उसे आंखें दिखा रहा है। ईरान ने तो कुछ दिन पहले एक प्रकार का हवाई हमला कर दिया। ऐसे में सरकार किसी की भी बने परंतु उसके सामने चुनौतियां कम नहीं होंगी। भारत चाहेगा कि वहां स्थायी सरकार बने। पाकिस्तान को यदि मौजूदा चुनौतियों से निपटना है तो उन सुधारों का सूत्रपात करना होगा, जो उसे आवश्यक स्थायित्व एवं संतुलन प्रदान करने की ओर ले जाएं।

# पानी की समस्या से जूझता बुंदेलखंड



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है।

बुंदेलखंड में एक कहावत है कि 'एक टक सूप -सवा टक मटकी, आग लगे रुखमा ददरी, भौरा तेरा पानी ग़ज़ब करी जाए, गगरी न फूटै, चाहै खसम मर जाय"। अर्थात इस क्षेत्र में पानी इतना दुर्लभ या महत्वपूर्ण है कि महिलाएं बड़ी मुश्किल से मीलों पैदल चलकर पानी भरी गगरी सिर पर रखकर लाती है। ऐसे में महिलाएं आपस में कहती हैं कि कुछ भी हो जाए लेकिन पानी भरी गगरी ना फूटे, भले ही उसका पति मर जाए परंतु पानी बचा रहे। जाहिर है इस क्षेत्र में महिलाएं पानी को अपने खसम यानि पति से भी ज्यादा मूल्यवान समझती हैं, जो उनके परिवार का आधार है। यह बुंदेलखंड में जल संकट के संबंध में बड़ी गंभीरता से सोचने को विवश करता है। यहां गर्मियों में कुएं, तालाब, हैण्डपंप इत्यादि सभी पेयजल स्रोतों का जलस्तर नीचे चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन में 55 लीटर पानी उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार यहां प्रति व्यक्ति प्रति दिन केवल 29 लीटर पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जो अनुशंसित न्यूनतम मात्रा का लगभग आधा है। पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण यहां के ज्यादातर पुरुष दैनिक मजदूरी या खेतिहर मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं या काम की तलाश में दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों की ओर चले जाते हैं। शेष परिवार महिलाओं के भरोसे रह जाता है जिन्हें इस पानी की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है। खाना पकाना, पानी पीना, सफाई करना और कपड़े धोना और यहां तक भैंसों या जानवरों को नहलाने के लिए भी पानी उन्हें ही लाना पड़ता है। अनुमान है कि चित्रकूट जनपद के मानिकपुर क्षेत्र में, जिसे पाठा क्षेत्र भी कहते हैं, लगभग सत्तर प्रतिशत महिलाएं पानी की किल्लत से प्रभावित हैं। पाठा क्षेत्र में लगभग साठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिन गांवों में कोई अपनी बेटियों की शादी नहीं करना चाहता है। कोई भला कैसे चाहेगा कि उनकी बेटियां ऐसे दुष्कर जगहों में जाए।

बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले

> बुंदेलखंड की भूमि पहाड़ी, पठारी, ढालू, ऊंची-नीची, पथरीली, कंकरीली एवं शुष्क वनों से भरपूर है। इस भूमि पर वर्षा का पानी ठहरता ही नहीं है। सालों भर पानी भरे रहने वाले नदियों के अभाव में यहां का जनजीवन आठवीं सदी से पहले घुमंतू पशुपालकों का ही था।

घुमंतू पशुपालकों का ही था। केवल बरसात के महीनों में ही यहां की भूमि संतृप्त हो पाती थी। चन्देल राजाओं ने राज्य की पहाड़ी, पठारी, जंगली, पथरीली, ढालू, रांकड़ भूमि के विकास की योजना सुनिश्चित कर बरसाती धरातलीय जल नीची ढालू भूमि पर, पहाड़ों, टौरियों की पटारों में, खंदकों, खंदियों, दर्रों में, पत्थर मिट्टी के लंबे, चौड़े, ऊंचे सुदृढ़ बांध बनवाकर तालाबों में वर्षा जल को संचित करना शुरू किया। चंदेलों के बाद बुंदेलों ,गौंड़ों ,मराठों और अंग्रेजों ने इस जल अभाव ग्रस्त बुन्देलखंड क्षेत्र में कुल मिलाकर 4000 से अधिक तालाबों का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे लोग यहां स्थायी बसने लगे थे। चंदेल राजाओं ने तो गुफा मंदिरों में भी जल कुंड कटवा दिए थे। ऐसे गुफा मंदिरों में पहाड़ों का जल धीरे-धीरे निरंतर झिरता हुआ गुफा कुंडों को भरता रहता रहा है, जिसका उपयोग लोग आदिकाल से करते रहे हैं। इस कारण से यहां मवेशियों, वन्य प्राणियों एवं मनुष्यों को गर्मी की ऋतु में भी जलाभाव नहीं होता था। परन्तु स्वतंत्रता पश्चात अनियंत्रित विकास,निरंतर जनसंख्या वृद्धि पश्चात पानी का खर्च तो बढ़ गया परंतु संरक्षण, संचयन और वर्षा घटती चली गई। भूवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो बुन्देलखंड में भूमि के अन्दर ग्रेनाइट पत्थर की चट्टानें चादर की तरह अथवा आड़ी-तिरछी खड़ी-बिछी पड़ी हुई हैं, जिनमें भूगर्भीय जलस्रोत होते ही नहीं हैं। जल भराव के दबाव में पानी बाहर निकल जाता है और तालाब पानी से खाली हो जाते हैं। असल में पथरीली, पहाड़ी, ढालू भूमि, जल प्रबंधन के लिए कुओं एवं तालाबों के निर्माण तक ही उपयुक्त है, न कि बोरवेल खनन के लिए। बोरवेल 100 से 500 फुट गहराई तक खोदे जा रहे हैं, जिससे धरती के ऊपरी तल का पानी गहरे बोरवेलों में जा पहुंचता है। पठारी नदियों में हर साल बारिश के मौसम में इलाके की छोटी बड़ी नदियां उफान पर आ जाती है। इसका जल संचयन बेहतर विकल्प हो सकता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के चलते बुंदेलखंड में वर्षा की मात्रा में कमी आ रही है। सन् 2013 से 2018 के बीच, इस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा में 60 प्रतिशत की कमी आई है। अनियंत्रित एवं अवैध खनन के चलते वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाने वाले रास्ते बाधित हो जाते हैं। पथरीली भूमि के कारण बारिश का पानी बह जाता है और भूजल रिचार्ज नहीं हो पाता है। वर्ष 2008 की सामरा कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 'क्षेत्र में अर्ध-शुष्क जलवायु की स्थिति के कारण कम वर्षा सतही जल उपलब्धता को प्रभावित करती है और कठोर चट्टानी भू-भाग भूजल उपलब्धता को सीमित करता है। बुंदेलखंड क्षेत्र को 18वीं-19वीं शताब्दी मे प्रत्येक 16 वर्ष में बार-बार सूखे का सामना करना पड़ा था, जो 1968 से 1992 की अवधि के दौरान लगभग तीन गुना बढ़ गया है। हालांकि चित्रकूट जनपद के पाठा इलाके में वर्ष 1973 में पाठा पेयजल परियोजना शुरू की गई थी जिसके तहत यहां पानी की टंकियां बनवाई गईं और लोगों को पाइपलाइन से घर-घर पानी पहुंचाने का वादा किया गया था लेकिन जल संकट बरकरार रहा। योजना आयोग की रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2009-10 से भारत सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज को लागू करना शुरू किया था। इस पैकेज का उद्देश्य सिंचाई, पेयजल, कृषि, पशुपालन, वन, आजीविका के साधन समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कर पूरे क्षेत्र का समग्र विकास करना था। जल-संबंधी योजनाओं के तहत बड़ी एवं छोटी सिंचाई परियोजनाओं का क्रियान्वयन, नए कुओं का निर्माण, पुराने कुओं, टैंक एवं तालाबों का गहरीकरण, कुओं से पानी निकालने के लिए एडीपीई पाइप का वितरण, ट्यूबवैल, चेकडैम का निर्माण तथा मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य किए गए हैं। बुंदेलखंड पैकेज के तहत उत्तर प्रदेश को साल 2009 से 2019 के बीच तीन चरणों में 3107.87 करोड़ रुपये दिए गए। इसके लगभग 66 प्रतिशत का उपयोग पानी के संकट के समाधान के लिए किया गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश में करीब 92 करोड़ रुपये खर्च कर 2725 हैंडपंप लगाए गए और 12 पाइप योजनाओं के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने के प्रोजेक्ट को लागू किया गया था। भूजल का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से यहां स्पेशल बुंदेलखंड पैकेज और अन्य सरकारी योजनाओं के जरिए चेकडैम और खेतों में तालाब बनाए गए लेकिन तालाब निर्माण से पूर्व भूजल स्तर, मृदा परीक्षण आदि नहीं किए जाने और वर्षा कम होने के कारण तालाब सूखे रह गए। चेकडैम जल्द टूट जाने से नदियों में गाद भर गया और पानी रुक नहीं पाता है। जून 2020 में 'हर घर जल' योजना प्रारंभ कर बुंदेलखंड के हर घर तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया। यह योजना केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन का हिस्सा है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की "हर घर नल और हर नल में जल" योजनासे बुंदेलखंड क्षेत्र में एक नई कहानी लिखी जा रही है। बुंदेलखंड के अधिकतर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी जानी है। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल संचयन की वृहद कार्ययोजना को तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड क्षेत्र के जल संकट को हल करने के लिए इज़राइल सरकार के साथ समझौता किया है।

वस्तुत बुंदेलखंड में पानी के संकट से निवारण हेतु एक जनांदोलन की आवश्यकता है। बिना खेती के पैटर्न बदले और भूजल और धरातलीय जल के दुरुपयोग को रोका नहीं जा सकता। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारत में करीब 90 प्रतिशत पानी का इस्तेमाल कृषि में होता है। बुंदेलखंड में कृषि सिंचाई का लगभग 65 प्रतिशत भूजल से किया जा रहा है। अल्प पानी वाले इन क्षेत्रों में दलहन- तिलहन, ज्वार बाजरा जैसे मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। हाल के वर्षों में यहां ज्यादा पानी की खपत वाले फसल धान और गेंहू की बुवाई बढ़ गई है। तालाबों में जल संचयन के साथ साथ भूजल रिचार्ज करना ही बेहतर उपाय है। खेती में जल संरक्षण के लिए ड्रिप इरिगेशन तथा स्प्रिंकलर सिंचाई बेहतर विकल्प है।

## व्यंग्य

# बाबू होता है चुंबक

बाबू वो सम्मान जनक पद है जिस पर प्रायः लड़कियां ही विराजती हैं। बाबू होता है चुंबक। और लड़कों में लौह तत्व की प्रधानता पाई जाती है। ऐसे में किसी कन्या को बाबू मान लेने भर से लड़के ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन जैसी मनोदशा को प्राप्त होते है। दिमाग़ वन वे ट्रैफ़िक हो जाता है। बाबू ने क्या खाया? क्या पहना? कहां है? किससे मिला? क्यों मिला? मुझसे कब मिलेगा? जैसे विचारों से ही संचालित होता है वो। वो बस बाबू के बारे मे सोचता है, और कुछ सोच ही नहीं सकता। सोचता है तो बाबू को पता चल जाता है। बाबू बुरा मान जाता है ऐसे में और फिर बाबू को राजी करना बहुत महंगा सौदा होता है।

भक्त को हमेशा घुटनों पर होना होता है अपने। बाबू क्या करता है ऐसे में? बाबू मजे लेता है उसके। वीआईपी जैसा बर्ताव करता है। चार लोगों के बीच पहचानता ही नहीं उसे। और पहचानता भी है तो औपचारिक हो जाता है। बाबू होना मंत्री पद की शपथ ले लेना है। वो बस वायदे करता है, लंबी-लंबी छोड़ता है और मुद्दे को टालता है। लड़के उससे निरीह जनता की तरह पेश आते है और उम्मीदों पर टिके रहते है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बाबू भगवान होता है और ऐसे में सामने वाली पार्टी को भक्त होना पड़ता है। भक्त से बस श्रद्धा और सब्र की अपेक्षा की जाती है। भगवान के दरवाज़े पर जाते वक्त दिमाग़ दरवाज़े पर छोड़कर जाना पड़ता है भक्त को। भीड़ के बीच भक्त की आंखें मिल भी जाएं भगवान से, तब भी वो तटस्थ भाव से देखता है उसे। आप को बस अंदाज़ा लगाना पड़ता है कि वो आपसे राजी है और आप पर कृपा करने की सोच रहा है।

भगवान कब दर्शन देगें? इस जन्म में देगें कि नहीं ये भगवान की मर्ज़ी है? पर भक्त को पूरी निष्ठा से मंदिर की घंटी बजाना ही होता है। प्रसाद ले जाना भी ज़रूरी है वरना भगवान बुरा मान सकता है। बाबू के रिश्तेदार उसकी अम्मा, उसके बिगडेल भाई सब पुजारी की भूमिका में होते हैं। ये ध्यान रखते हैं कि भक्त उन्हें अनदेखा तक सीधे भगवान तक पहुंच ना बना ले। बाबू राज़ी ही तभी होता है जब आप उसके इन रिश्तेदारों को साध लें। उनसे व्यवहार बनाए बिना बाबू तक पहुंचना मुश्किल ही होता है ऐसे में भक्त का निरीह पर्स उधड़ जाता है। कुपोषण का शिकार होता है वो और बहुत बार मर ही जाता है। गरीब भक्तों से भगवान अनमने होते हैं और अमीर भक्तों को वीआईपी दर्शन दे बैठने में संकोच नहीं करते।

बाबू तमाम सवालों से परे होता है। तानाशाह टाईप की चीज। आप चाहें तो उससे सवाल पूछ लें पर जवाब देना या ना देना उसकी मर्ज़ी पर निर्भर है। पर यदि बाबू आपसे कुछ जानना चाहें तो उसे फ़ौरन जवाब चाहिए होता है। बाबू, बाबू होते ही अफ़सर हो जाता है। एक विशिष्ट बोध है बाबू होना। उसका रथ ज़मीन से एक हाथ ऊपर चलता है। बाबू होना अंग्रेज हो जाना है जिसे सामने वाला काला गुलाम लगता है। बाबू हमेशा शासक की भूमिका में होता है जो ना सुनना ही नहीं चाहता। वो बस मन की बात करता है। यदि आप अपने बाबू को खोना नहीं चाहते तो आपको हमेशा सुनना और हां कहना सीखना ही होता है।

बाबू की एक ख़ासियत यह भी कि वो अहसान नहीं मानता। आप जो भी करते हैं वो आपका कर्तव्य और उसका अधिकार होता है। वो आपके हर काम में नुक्ता चीनी कर सकता है। और आप चूं भी नहीं कर सकते। उसे खुश कर पाना आमतौर पर नामुमकिन होता है। मिसाल के लिए आप अपनी गरदन भी काट कर उसे पेश करें तो वो इस बात पर अनमना हो सकता है कि गरदन सलीके से नहीं काटी गई है और दो इंच नीचे से काटी जाती तो बेहतर होता।

लड़कों को आमतौर पर बाबू होने का मौक़ा मिलता नहीं। लड़कों का बाबू होना हैली पुच्छल तारे के निकलने जैसी अनहोनी है। पर बहुत से लड़के इस मामले में स्पेशल क़िस्मत लिखवा कर पैदा होते हैं। एक बार बाबू का पद हासिल करते ही वो भी वही सब करते हैं जो बाबू को शोभा देता है। हालांकि बाबू हुए लड़के ज्यादा उदार होते हैं। उन्हें राज़ी करना अपेक्षाकृत सरल होता है। कैसे राज़ी किया जा सकता है उन्हें इस बाबत यहां लिखना मुनासिब नहीं।

बाबू इंतज़ार नहीं करता। जो इंतज़ार करता है वो बाबू नहीं होता। बाबू भाव खाता है वो आपका वक्त और दिमाग़ी सुकून खा सकता है। बाबू बात नहीं मानता, वह बात मनवाता है अपनी। आप केवल इसी सूत्र से अपने संबंधों की जांच पड़ताल कर सकते हैं कि आप बाबू के है या भक्तों की गिनती में हैं। पता कर लें तो मुझे भी बताइएगा।

# कोचिंग संस्थान लील रहे युवाओं का जीवन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

> कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है।

भारत युवाओं का देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को सबसे युवा देश माना है। देश की कुल आबादी में से तकरीबन 50 प्रतिशत आबादी 25 वर्ष आयु और 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष आयु तक के नागरिकों की है। देश के इन भावी कर्णाधारों को कुशल नागरिक बनाने की गरज से शिक्षा, कौशल और तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बढ़ते वैश्वीकरण और निजीकरण के दौर में कॅरियर और 'सैलेरी पैकेज' जैसे शब्द भी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं में जुड़ गए हैं।

एक शिक्षित युवा अपने कॅरियर के माध्यम से स्वयं एवं परिवार की महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति तथा परिवार, समाज और देश के विकास में अपने योगदान की उत्कृष्ट भूमिका देखना चाहता है। इस लक्ष्य के साथ ही उसके जीवन में परिश्रम और संघर्ष का दौर शुरू हो जाता है। लक्ष्य पाने के लिए युवाओं के अंदर समर्पण, परिश्रम और संघर्ष संतुलित रूप में तो वांछनीय हैं, लेकिन महत्वाकांक्षाओं का अतिरेक अगर जीवन को ही लीलने लगे तो वह अभिशाप बन जाता है।

पिछले कुछ वर्षों से युवाओं के बीच कॅरियर, पारिवारिक महत्वाकांक्षाओं, अकेलेपन एवं कोचिंग इंस्टीट्यूट्स की बेतहाशा फीस एवं घरेलू आर्थिक दबाव के कारण हो रही आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं इसी कटु यथार्थ को उजागर करती हैं। वैसे तो युवा कॅरियर आकांक्षियों द्वारा आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं देश के तकरीबन सभी स्थानों पर देखी जा रही हैं, लेकिन राजस्थान के कोटा के साथ ये ख़ास तौर अधिक जुड़ी हुई हैं। बीते वर्ष इस कोचिंग के गढ़ में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 26 मामले प्रकाश में आए थे, जोकि एक साल में सबसे अधिक मामले हैं। कोटा को पूरे देश में मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रशासनिक उच्च पदों में चयन एवं दूसरी उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग का हब माना जाता है। वहां कुकुरमुत्ते की तरह उग आए तकरीबन सभी कोचिंग इंस्टीट्यूट्स प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लंबे-चौड़े दावे करते हैं। कहा जाए तो कोटा में कोचिंग व्यवसाय के कारखाने खुल गए हैं। देश के तकरीबन हर प्रांत, खास तौर पर उत्तरी भारत के हज़ारों युवा अपनी और परिवार की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की आस में इन इंस्टीट्यूट्स के जाल में फंस कर कोचिंग की पढ़ायी करने के लिए प्रवेश लेते हैं।

एडमिशन लेते समय तो उनके अंदर काफी उत्साह होता है, लेकिन जैसे-जैसे प्रतिस्पर्धात्मक पढ़ाई एवं मोटी फीस आदि खर्चों का बोझ बढ़ता है, उन्हें हताशा और कई तरह के दबाव घेरने लगते हैं। होता यह है कि अधिकांश कोचिंग इंस्टीट्यूट्स विद्यार्थियों से भारी-भरकम फीस वसूलते हैं, जिसकी पूर्ति के लिए कई विद्यार्थियों के निर्धन या मध्यम परिवारों को न केवल कर्ज़ लेना पड़ता है, बल्कि कई स्थितियों में जमीन जायदाद भी बेचनी पड़ती है। यह दोहरा बोझ विद्यार्थियों के मन को लगातार कांटे की तरह चुभता रहता है। वे कड़ी मेहनत करते हुए किसी भी हाल में स्वयं और परिवार के अरमानों को पूरा करने के संघर्ष में जूझते रहते हैं और बार-बार परीक्षाओं में बैठने के प्रयास करते हैं। यह बहुआयमी दबाव उन्हें तनाव से भर देता है, और सफलता नहीं मिल पाने पर इस तनाव की परिणति कई बार आत्महत्या के रूप में होती है।

माता-पिता इस तथ्य को समझ नहीं पाते कि हर विद्यार्थी बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। अगर वे स्वयं उच्च पदों पर नहीं रहे हों तो इस अधूरी महत्वाकांक्षा की पूर्ति की अपेक्षा बच्चों से करने लगते हैं। कई परिवार कोचिंग में अधिक व्यय और सफल नहीं हो पाने के लिए बच्चों को ताने देने से भी गुरेज नहीं करते। उन्हें समझना होगा कि घर से दूर रात दिन सफलता के लिए जूझ रहे बच्चों में से सभी को सफलता मिल ही जाए, यह ज़रूरी नहीं है।

इधर केंद्र सरकार ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के लिए जो नयी गाइडलाइन जारी की है, उसमें बेतहाशा फीस वसूलने पर पंजीकरण निरस्त किए जाने की चेतावनी दी है। विद्यार्थियों को भी समझना होगा कि जीवन अमूल्य है, महत्वकांक्षाएं और कॅरियर उसके बाद है। एक रास्ता बंद हो जाने का यह अर्थ नहीं कि आगे बढ़ने के लिए दूसरे दरवाज़े नहीं हैं। अपनी बौद्धिक एवं पारिवरिक क्षमता को परखते हुए महत्वाकांक्षाओं को समायोजित करना होगा। याद रहे, जिंदगी है तो संसार है, और संसार है तो कॅरियर के रास्तों की भी कमी नहीं।

## सोशल फोरम

# प्राण प्रतिष्ठा

सनातन धर्म की मान्यता अनुसार 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। आइए देंखे की सिख धर्म, जिसे अक्सर सनातन की ही शाखा कहा जाता है, इस संबंध में क्या कहता है। सिखों के पहले गुरु नानक जी द्वारा लिखित जपुजी साहिब के मूल मंतर में बहुत स्पष्ट रूप से ईश्वर के बारे में बताया गया है। गुरु नानक के बाद आये नौ अन्य गुरुओं ने भी ईश्वर की इसी कल्पना के आधार पर अपने विचारों को आगे रखा है। ईश्वर की ये कल्पना पूरे सिख धर्म की आधारशिला है। मेरा यहां किसी धर्म की किसी मान्यता से कोई विरोध नहीं। मेरा मकसद सिर्फ सिख धर्म के अनुसार ईश्वर की कल्पना को सामने रखना है। सिख धर्म के मूल मंत्र का हिंदी अनुवाद। मूलमंतर-'इक ओंकार, सतनाम, करता पुरुख, निरभौ, निरवैर, अकाल मूरत, अजुनी सैभंग, गुरु प्रशाद, जप आदि सच, जुगादि सच, नानक होसी भी सच।'

अनुवाद- 'ईश्वर एक है, वही सत्य है, वही इस सृष्टि का रचयिता यानी सब कुछ करने वाला है। ईश्वर भय से रहित है, किसी से बैर रखने वाला नहीं, ईश्वर राग द्वेष से दूर है। ईश्वर काल से परे है यानी ईश्वर अविनाशी है। उसका अस्तित्व सदैव बना रहता है। ईश्वर किसी योनि को धारण नहीं करता यानी ईश्वर जन्म मरण के चक्र से परे है। ईश्वर स्वयंभू है यानी वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। ये बात आदि काल में भी सही थी, आज भी सही है और भविष्य में भी सही होंगी।' 'थापिया न जाई कीता न होई। आपे आप निरंजन सोई।।' ईश्वर की इसी कल्पना को आगे थोड़ा और स्पष्ट करते हुए गुरु जी कहते हैं कि ईश्वर को मूर्त रूप में स्थापित नहीं किया जा सकता है और न ही उसे बनाया जा सकता है। वह स्वयं से ही प्रकाशवान है। इस पाउडी के अंत में गुरु की महिमा बखान करते हुए कहते हैं कि गुरु के शब्द ही वेद हैं, गुरु ही शिव है, गुरु ही ब्रह्मा है और गुरु ही पारबती माई है। इस गुरु ने ही एक बात समझाई है कि इस संसार में समस्त प्राणी जगत का एक ही परमात्मा है। सबके भीतर एक, सबका मालिक एक, सबका साहिब एक। बस इसका विस्मरण न हो।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

-फेसबुक वॉल से

# ना जाने कहां खो गया हमारा वो सुकून

सिनेमा हॉल में देखिए, फिल्म का आखिरी सीन चल रहा है लगता है कि अब दो-चार मिनट में फिल्म खत्म हो जाएगी, लोग एग्जिट के पास जाकर खड़े हो जाते हैं, फिल्म ख़त्म होते ही ऐसे भागते हैं जैसे अब तक जेल में थे। ट्रेन अगर अपने गंतव्य पर पहुंचने वाली हो तो लोग पंद्रह मिनट पहले सामान लेकर खानदान सहित दरवाजे पर ऐसे लद जाते हैं कि ट्रेन क्या पता रुके न रुके, धीमी होते ही बीवी बच्चों समेत कूद जाना है।



शाश्वत तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

अभी कुछ दिन पहले मैंने देखा, ओपन एयर थिएटर में क्लासिकल म्यूजिक का प्रोग्राम था। लोगों को पता चल गया था कि ये आखिरी परफोर्मेंस है तो दस मिनट पहले कुछ कद्रदान ये कहते हुए निकल गए कि बाद में पार्किंग में भीड़ हो गई तो गाडी फंस जायेगी, निकल लेते हैं। हमारे जीवन से धैर्य, तसल्ली, पेशेंस कहां चला गया? रील्स का जो ये ज्वालामुखी फटा है ये यही तो बता रहा है कि हम तीन मिनट का वीडियो भी शांति से नहीं देख सकते। हमें जानने की जल्दी तो है, सब कुछ जानना है लेकिन उसे समझने का धैर्य नहीं है।

आप माने ना माने आज हमने अपनी जिंदगी से ठहराव खो दिया है। अब हम रुक कर नहीं सोचते, थम कर उस गाने को पूरा नहीं सुनते जो हमारी आत्मा तक पहुंचने की कुव्वत रखता है। 'साहिब बीवी और गुलाम' जैसी क्लासिक फिल्म हमें स्लो लगती है। हम एक पांच सौ पेज की किताब नहीं पढ़ना चाहते इसलिए फेसबुक पर मैगी लेखकों का उदय हो रहा है जो आपको मोटी-मोटी किताबों में से कुछ उत्तेजक हिस्से निकाल कर पेश कर देते हैं और आपको लगता है हमने सब कुछ जान लिया। कहते हैं भगवान डिटेल्स में है लेकिन भगवान को भी कहां पता था कि डिटेल्स जानने की फुर्सत लोगों के पास रहेगी नहीं। किताबें तो बहुत दूर की बात रही लोगों के पास इतना धैर्य नहीं बचेगा कि सोशल मीडिया पर वो एक तीन पेज की फेसबुक पोस्ट पढ़ पाएं। वैसे तो ढाई पेज की चेखव की 'वांका' पढ़ना ही काफी है अगर हम वांका के दर्द को महसूस कर पाएं तो।

तसल्ली से एक बार थम कर, रुक कर, ठहर कर सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप समय बचा रहे हैं इसका आप क्या उपयोग करने वाले हैं? ज़रा सोचिए कि ये जो जल्दी दिखा कर आप खो रहे हैं उसकी कीमत क्या है? सूचनाओं का ये अंबार जो हमारे दिमाग में सतत खलल मचाए हुए है वो हमें कहीं रुकने नहीं दे रहा है। एक तीन पेज की कविता पढ़कर उसको अपनी आत्मा तक पहुंचने देना और फिर उससे एक बेहतर संवेदनशील इंसान बनकर निकलने का वक्त नहीं है हमारे पास।

आपको और मुझे रुकने की ज़रूरत है। सब कुछ जानना हमारे लिए ज़रूरी नहीं है। हमारे पास वक्त की कोई कमी नहीं है। हमने जो ये शिगूफा छेड़ रखा है ना कि टाइम नहीं है। ये बकवास बात है। बहुत वक्त है हमारे पास, इसलिए रुकिए, ठहरिए और बैठ जाइए। सिनेमा हॉल से भागने की ज़रूरत नहीं है, ट्रेन से कूद कर कहीं नहीं जाना है, रिमोट को एक तरफ रखकर फिल्म को देखना है और किसी अच्छी किताब के दो पेज पढ़कर रूककर सोचना है कि क्या पढ़ा। क्षणों को अपने अन्दर आत्मसात नहीं किया तो रोबोट बन जाएंगे। बन क्या जाएंगे बन ही रहे हैं, आज आप का अपने ऊपर से कंट्रोल खत्म हो गया है। कोई और ही है जो आप को कंट्रोल कर रहा है है। आप पूरी तरह टीवी, मोबाइल, लैपटॉप के कहने पर ही काम कर रहे है। एक मिनट भी मोबाइल के बिना जीना मुश्किल है।

# पुलिस सुधार

सर्वोच्च न्यायालय ने प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार एवं अन्य मामले में, 22 सितंबर 2006 को पुलिस सुधार के संबंध में ऐतिहासिक महत्व का फैसला दिया था। इस आदेश के कार्यकारी बिंदू निम्नलिखित हैं: राज्य सुरक्षा आयोग का गठन।, पुलिस महानिदेशक का चयन एवं न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल। आईजी जोन, डीआईजी. रेंज, जिला पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को न्यूनतम दो वर्ष का कार्यकाल सुनिश्चित करना।, शांति व्यवस्था एवं अपराध विवेचना को अलग-अलग करना। पुलिस स्थापना बोर्डों का गठन।, पुलिस शिकायत प्राधिकरण का गठन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग का गठन।



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

फैसले को आए हुए 17 साल से अधिक समय बीत चुका है। अभी तक सिर्फ पुलिस महानिदेशक के कार्यकाल एवं नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में कुछ राज्य कार्यवाही कर रहे हैं और वह भी आधी अधूरी। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी चल रहा है परंतु राज्य और केंद्र सरकार कोई परवाह नहीं कर रहे।

दरअसल सरकारों और नौकरशाही को नाजायज काम करवाने के लिए पुलिस पर पूरा शिकंजा चाहिए। पुलिस सुधर गई तो सरकार और नौकरशाही की गुंडागर्दी कैसे चलेगी? विरोधियों को ग़लत आरोप लगाकर जेल भेजना और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं की दबंगई एवं गुंडागर्दी को संरक्षण कैसे होगा? नौकरशाही अपनी सनक में डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षाधिकारियो, पत्रकारों और अन्य किसी को पुलिस से कैसे पकड़वाएंगे? याद रहे कि नौकरशाही थानाध्यक्षों को सीधे जुबानी हुक्म देती है और थानाध्यक्ष अपने स्तर से फर्जी मामला बनाता है। जनता अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों से पुलिस सुधार के लिए नहीं कहती। नेता वोट के अलावा किसी और बात से चिंतित नहीं होते हैं।

## एक नजर

### बाल प्रतिभाओं को मिला सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम विकास जन सेवा समिति ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में रविवार को कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली बाल प्रतिभाओं को बाल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। पिज्जा डाइन, ख़ुशी विहार, कनौसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव जीतू, विशिष्ट अतिथि सुरभि कल्चरल ग्रुप के संयोजक शैलेंद्र सक्सेना मौजूद रहे।

### निरीक्षण के दौरान पीएचसी से गायब मिले कर्मचारी

**अमृत विचार, बीकेटी :** बख्शी का तालाब स्थित कठवारा में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का रविवार की सुबह करीब 10 :30 बजे डिप्टी सीएमओ डॉ. गोपीलाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कर्मचारी मौके पर उपस्थित न मिलने पर कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया। डिप्टी सीएमओ ने कॉल कर उन्हें फटकार लगाई। दरअसल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे से टीकाकरण किया जाना था। लेकिन 11 बजे तक न ही वैक्सीन पहुंची थी और न ही सभी कर्मचारी मौजूद थे। इतना ही नहीं डिप्टी सीएमओ ने सभी कर्मचारियों को केंद्र समय से खोलने और निर्धारित समय पर ही बंद करने के आदेश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा लापरवाही मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने मौजूद डॉ.ममता से फाईलेरिया की दवाओं से सम्बंधित जानकारी ली।

# विधान परिषद में गूंजा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति का मामला गहरा गया है। अमृत विचार की ओर से उठाई गई खबरों का संज्ञान लेते हुए विधान परिषद में तमाम से सवाल खड़े किये गए हैं। गहराती जांच के बीच जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

बता दें कि कानपुर, हमीरपुर, हाथरस और संतकबीरनगर के महाविद्यालयों में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 16 पदों पर बीएड प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई थी। नियुक्तियों को लेकर अमृत विचार ने सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन कर सवाल खड़े किये थे। हमीरपुर जनपद के प्रवक्ता डॉ. सलिल तिवारी की ओर से उठाए गए बिन्दुओं को खबर का प्रमुख आधार बनाया था। जिसको लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज की ओर से एक कमेटी गठित कर जांच शुरू की गई। हाल फिलहाल जांच का निष्कर्ष अभी बाकी है। सपा कार्यकाल में हुई नियुक्तियों को लेकर बीते दिन विधान परिषद में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल द्वारा प्रवक्ताओं की नियुक्ति से जुड़े दो बिन्दुओं से जुड़े सवाल खड़े किये। जिस पर बिन्दुवार सार निकलते दिखाई दिये। जिस तरह से जांच ने तूल पकड़ा है, ऐसे में जिम्मेदारों पर गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

**जांच कमेटी में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित :** फर्जीवाड़े का दावा करने वाले प्रवक्ता के आरोपों को खंगालने के लिए त्रिस्तरीय जांच में निदेशालय के तीन अधिकारी सम्मिलित किये गए हैं। डॉ. केसी वर्मा, डॉ. बीए शर्मा और डॉ. जय सिंह संबंधित विश्वविद्यालयों और बेसिक शिक्षा विभाग से लगातार संपर्क बनाते हुए जानकारी इकट्ठा करने में लगे हुए हैं।


शिक्षा निदेशक के रडार पर आए 14 बीएड प्रवक्ता
प्रबंधकों की भूमिका पर भी सवाल, जांच शुरू, कामचलाऊ व्यवस्था दिखा कर किया गया था विनियमितीकरण

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

**खबर का असर**

- अमृत विचार ने उठाया था बिन्दुवार मामला, चल रही है उच्च शिक्षा निदेशालय में जांच

### त्रिस्तरीय हो रही है जांच

नियुक्तियों को लेकर उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के निदेशक प्रोफेसर ब्रम्हदेव द्वारा त्रिस्तरीय जांच कराई जा रही है। निदेशक बताते हैं कि पहली और दूसरी जांच का क्रम 16 और फिर 17 जनवरी से आरंभ हुआ। जबकि तीसरी जांच 7 फरवरी से शुरू की गई है। इसमें नियुक्ताएं पाए प्रवक्ताओं के बयान दर्ज कराये गए हैं। उनकी पत्रावलियों को खंगाला जा रहा है, ताकि साक्ष्यों का मिलान कराया जा सके।

# मार्कशीट में फंसी छात्रों की पढ़ाई की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- ऑनलाइन परिणाम और मार्कशीट के नंबरों के मिलान न होने से छात्रों को आ रही बाधा
- लखनऊ विश्वविद्यालय में कई छात्रों के पास तीसरे सेमेस्टर की मार्कशीट

**अमृत विचार : लखनऊ** विश्वविद्यालय में छात्रों के हाथ थमाई गई मार्कशीट राहत कम मुसीबत ज्यादा साबित हो रही है। कारण, मार्कशीट पर पड़े रोल नंबर और ऑनलाइन रिकॉर्ड मेल नहीं खा रहे। ऐसे में रोजाना छात्रों को प्रशासनिक भवन के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

नंबरों का खेल किसी एक सेमेस्टर के लिए नहीं बल्कि बीए, बीएससी और बीकॉम के कई छात्रों को देखना पड़ा है। बताते हैं कि मार्कशीट पर दूसरा नंबर अंकित हो गया है। वहीं ऑनलाइन नंबरों का क्रम मार्कशीट से अलग है। ऐसे में समस्याएं बढ़ चली हैं। आर्यन, अमन और सुधांशु कहते हैं कि मार्कशीट में पड़े नंबर और ऑनलाइन नंबर एक दूसरे से मेल नहीं खा रहे थे। प्रशासनिक भवन जाकर समस्याओं का निस्तारण कराया गया। कई और छात्रों की इस तरह की समस्याएं रही हैं।

छात्र नेता विंध्यवासिनी शुक्ला का कहना है कि कई छात्र उनके पास भी आए थे। हो सकता है फार्म भरने के दौरान कोई त्रुटि आ गई हो। कई छात्रों की समस्याओं का निस्तारण उन्होंने स्वयं जाकर प्रशासनिक भवन में कराया है। उधर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि अभी तक उनकी जानकारी में ऐसा कोई भी मामला नहीं आया है। यदि किसी भी तरह की कोई समस्या आती है, तो संज्ञान होते ही उसका निस्तारण भी कराया जाता है।

## सरकार और संगठन के प्रतिनिधि करेंगे गांवों में रात्रि प्रवास

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकार और संगठन के प्रतिनिधि भाजपा के गांव चलो अभियान का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्षों सहित अन्य जनप्रतिनिधि गांवों में प्रवास करेंगे। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को बताया कि, वह खुद और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी अभियान के तहत गांवों में प्रवास करेंगे। भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी मुख्यालय पर कहा कि 7 फरवरी से शुरू हुए गांव चलो अभियान के तहत 10 फरवरी तक राज्य के 47,500 गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रानीमऊ गांव (अयोध्या) और ब्रजेश पाठक बघौरा गांव (बाराबंकी) में रविवार को प्रवास कर रहे हैं।

## आपदा प्रबंधन से निपटने के गुर सीखने गुजरात गए अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आपदा (बाढ़, सूखा, भूकंप, आकाशीय बिजली) के दौरान जल्द से जल्द राहत पहुंचाने एवं जनहानि को रोकने के लिए राहत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए गुजरात भेजा गया है। सोमवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण में चार सदस्यीय अधिकारी त्वरित प्रबंधन के गुर सिखेंगे। आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट में 12 व 13 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि आपदाओं से होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने पर खासा फोकस है। इसी क्रम में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा के उचित प्रबंधन के गुर सीखने और प्रशिक्षण दिलाने के लिए विभिन्न चरण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तीन नई राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) का गठन किया गया, जबकि प्रदेश की 11 आपदाओं को राज्य आपदा में शामिल किया गया। इसमें नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वन्द, नदी में डूबना समेत 11 आपदाएं शामिल हैं।


अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाने से पूर्व जय घोष करते विधायक। अमृत विचार

# वाराणसी में खुलेगा दूसरा मेडिकल कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वाराणसी में चिकित्सीय सेवाएं और सुदृढ़ होंगी, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के अलावा एक नया मेडिकल कॉलेज बनेगा। इसके लिए न केवल अस्पताल व जगह चिन्हित कर ली गई है बल्कि शासन ने अगले वित्तीय वर्ष में 400 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया है। मेडिकल कॉलेज शुरू होने के बाद प्रदेश में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 28 हो जाएगी।

वाराणसी में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बीएचयू के अलावा जिला अस्पताल पं.दीन दयाल उपाध्याय को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद यहां भी इलाज के साथ ही एमबीबीएस की पढ़ाई भी होगी। ये मेडिकल कॉलेज स्वशासी कॉलेज होगा। नए मेडिकल कॉलेज में मानक के अनुसार, 112 पद असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रोफेसर व फिजिस्ट आदि के होंगे।

इस नए मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग शुरू होने से शहर में इमरजेंसी सेवाएं दुरूस्त होने के साथ ही मरीजों को विभिन्न बीमारियों का अत्याधुनिक इलाज मिलना आसान हो जाएगा। मालूम हो कि प्रदेश में संचालित 35 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 3828 सीटों पर पढ़ाई हो रही है। इनमें से 13 मेडिकल कॉलेज स्वशासी हैं। इसके अलावा 14 नए स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रक्रियाधीन है, संभवतः नए सत्र में एमबीबीएस की 1400 सीटें और बढ़ जाएंगी, और वाराणसी में एमबीबीएस की 100 सीटों वाले नए मेडिकल कॉलेज के शुरू होने के बाद स्वशासी कॉलेजों की संख्या 28 हो जाएगी।

> वाराणसी में एक मेडिकल कॉलेज की जरूरत है, इसके लिए 100 बेडेड मेडिकल कॉलेज का प्रस्ताव तैयार कर बजट के लिए शासन में भेजा गया था, बजट भी स्वीकृत हो चुका है। अब प्रस्ताव को कैबिनेट में भेजा जाएगा, मंजूरी मिलने के बाद रूपरेखा को मूर्तरूप दिया जाएगा। कब तक शुरू हो जाएगा, कहना जल्दबाजी हो जाएगी।
>
> –किंजल सिंह, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र.

## बुलंद शहर के डिबाई सीएचसी बनेगा 100 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम उत्तर प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए बुलंदशहर के डिबाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र( सीएचसी) को उच्चीकृत करके 100 बेड का संयुक्त चिकित्सालय बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने 14 .39 करोड़ रुपये स्वीकृत कर पहली किस्त भी स्वास्थ्य विभाग को भेज दी है। बुलंदशहर के डिबाई सीएचसी में मरीजों को अधिकता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक नया संयुक्त चिकित्सालय बनाने का प्रस्ताव शासन में गया था। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने शनिवार को स्वास्थ्य महानिदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिए हैं।

## एमजे अस्पताल पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड खदरा स्थित एमजे अस्पताल का संचालन स्वास्थ्य विभाग की जांच में अवैध पाया गया। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि भी अस्पताल प्रशासन द्वारा कोषागार में जमा करा दी गई है। हालांकि, अभी तक अस्पताल का पंजीकरण नहीं कराया जा सका है।

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गत जनवरी माह में खदरा स्थित एमजे अस्पताल पर छापा मारा था। इस दौरान वहां पर तीन मरीज भर्ती मिले थे। अस्पताल का पंजीकरण नहीं था। मरीजों का इलाज करता केजीएमयू का छात्र मिला था। सीएमओ ऑफिस से अस्पताल को नोटिस दी गई थी। उसमें लिखा था कि निरीक्षण में तीन गंभीर मरीज भर्ती मिले थे। अस्पताल में कोई भी कुशल चिकित्सक नहीं था। यह नोटिस सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी। फजीहत होने पर विभाग ने 50 हजार रुपए जुर्माना लगाने के लिए फाइल डीएम को भेजी थी। डीएम से संस्तुति मिलने के बाद जुर्माने की राशि कोषागार में जमा करवाई गई है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, अस्पताल पर लगे जुर्माने की राशि कोषागार में जमा करा दी गई है। अस्पताल का संचालन अभी नहीं हो रहा है।

**समस्या** 40 दिनों की ठंड ने 30 से 40 फीसद फसल को पहुंचाया नुकसान

# आलू की फसलों पर झुलसा रोग का ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 40 दिन की ठंड ने आलू की फसल को ऐसा नुकसान पहुंचाया कि झुलसा रोग पनप गया। ऐसे में किसानों की मुश्किलें बढ़ चली हैं। घटती उपज बाजार में आलू के भाव बढ़ने का संकेत दे रही है।

लखनऊ के आठ ब्लॉक क्षेत्रों में सबसे अधिक आलू की फसल उगाई जाती रही है। इस बार 40 दिन की ठंड और बारिश ने इन फसलों पर असर डाला है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि लखनऊ और आसपास 12 हजार हेक्टेयर से अधिक आलू की फसल बोई जाती रही है। लेकिन इस बार बदलते मौसम का असर फसल पर पड़ा है, जिससे आलू में झुलसा रोग लग गया है। इन 40 दिनों के भीतर उपज भी कम हुई है। 30 से 40 फीसद फसलों को नुकसान पहुंचा है। कम उपज निश्चित तौर पर बाजार में आलू के भाव बढ़ा देंगे।

**दाग आने के कारण कम होगी मांग :** मुंशी खेड़ा गांव के राजेंद्र सिंह कहते हैं कि आलू 90 दिन का हो गया है। मौसम के असर के कारण प्रति बीघा एक बोरी नटराजन की आवश्यकता है। खराब हो रही फसल की बाजार में मांग कम रहेगी। रुखारा वासी मकरंद सिंह ने बताया कि इस बार मौसम में आए परिवर्तन के कारण मटियारी भूमि में मौसम का प्रभाव पड़ा है। आढ़ती तो जांच परखकर उनसे कम पैसे में आलू खरीद लेंगे लेकिन फुटकर दामों में बड़ा असर देखने को मिलेगा।

**चना, मसूर, मटर भी हुई है प्रभावित :** कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि चना, मसूर, मटर में इस समय पुष्पन अवस्था होती है। जायद में प्रमुख रूप से खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा की बोआई किसान प्रारंभ कर देते हैं, ऐसे में बेमौसम परिवर्तन और आद्रता अधिक होने से यह भी फसले प्रभावित हुई हैं।


बदलते मौसम के प्रभाव की किसान को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

### ऐसे करें फसलों का बचाव

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह कहते हैं कि रबी फसलों के पकने का समय है और जायद की बोआई का समय प्रारंभ हो चुका है। आलू को झुलसा रोग से बचाने के लिए प्रति बीघा 10 किग्रा यूरिया का प्रयोग करें, इससे आलू का साइज और चमक बढ़ेगी। सरसों पछेती आलू, खरबूजा, तरबूज, खीरा एवं ककड़ी में बीमारी तेजी से फैल रही है। यदि पत्तियों पर कवक दिखाई पड़े, तो मौसम सही होने पर फफूंदी नाशक में कोजेब 75% डब्लूजी की 3 ग्राम मात्रा को एक लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। सरसों, खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा पर मांहू कीट तेजी से बढ़ेगा। इसके लिए इमिडाक्लोप्रिड नामक कीटनाशक की 0 .5 एमएल मात्रा को एक लीटर पानी के दर से घोल बनाकर छिड़काव करने से कीटों से मुक्ति मिलेगी।

## वर्ग पहेली-340

**बाएं से दाएं**

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार–पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल–बूटों का उभार।

**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव, विस्तार, प्रसार 2. उतनी लंबाई–चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 4 | ■ | | ■ |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 8 | | |

### वर्ग पहेली - 339 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | ■ | ■ | 2 जं |
| प | ■ | ■ | 3 अ | ■ | भ |
| ती | ■ | 4 अ | कृ | प | ण |
| ■ | ■ | ■ | षि | ■ | ■ |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | ■ | 7 डा |
| ■ | रा | ■ | ■ | ■ | ब |
| 8 सं | वा | द | ■ | ■ | र |

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 फरवरी, सोमवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–तृतीया 17 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग

श. चं. 11 | बु. | 9 | रा. 12 | मं. सू.शु. | 8 | 10 | गु. 1 | 7 | 4 | के. | 2 | 6 | 3 | 5

दिशाशूल– पूर्व। ऋतु–शिशिर।
चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–पूर्व भाद्रपद 14 .56 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** – आज नौकरी पेशा लोग अपनी जॉब को लेकर थोड़े तनाव में रहेंगे। आपसे अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। बेवजह के मामलों में आपको फंसने से बचना चाहिए। छोटी–छोटी बातों पर गुस्सा न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**वृष** – आज नई जॉब की शुरुआत हो सकती है। नई संपति खरीदने के योग बन रहे हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन बहुत सुखमय रहेगा। लवमेट्स प्रेम विवाह की योजना बना सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आप बड़ा प्रयोग करना चाहते हैं। लेकिन उसे करने में आपको कठिनाई महसूस होगी। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। अधिकारी वर्ग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। आप अपने काम को लेकर दूसरों पर निर्भर रहेंगे।

**कर्क** – आज किसी जरूरी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ परिणाम मिल सकते हैं। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। व्यवसाय में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार रखना चाहिए।

**सिंह** – आज सहकर्मियों के साथ झगड़ा हो सकता है। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। पुरानी बातें दोबारा सामने उभर के आ सकती हैं। छात्रों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपकी छोटी–छोटी गलतियों को लोग बड़ा करके दिखायेंगे।

**कन्या** – आज आपको व्यवसाय में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। आज सुबह से आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अपने मन की इच्छाओं को शेयर करना हितकर होगा।

**तुला** – आज दूसरों की मदद करने से आत्मिक सन्तोष की अनुभूति होगी। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रुके हुए काम को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी जिम्मेदारियाँ प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज किसी नई विधा का प्रयोग आप सीख सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। किन्तु दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** – आज बच्चों की गलत गतिविधियों को नजरअन्दाज न करें। विरोधी आपकी आलोचना करेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। कारोबार में मनोनुकूल परिणाम मिलने की सम्भावना कम हैं। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट गड़बड़ा सकता है।

**मकर** – आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

**कुंभ** – आज आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जो भी काम करें पहले उसकी योजना बना लें। अनुचित खानपान के कारण पाचन खराब होने की आशंका है। शरीर में थकावट और कमजोरी महसूस हो सकती है।

**मीन** – आज प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आज व्यवसाय में तेजी रहेगी। पहले हुए नुकसान की आज भरपायी हो सकती है। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा ज़ोर पकड़ेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पहचान – दोपहर : 12 .00
राम लखन – शाम : 06 .00

SONY MAX
ब्लैक चोर – सुबह : 09 .00
न तुम जानो न हम – रात : 09 .00

Utsav Gold
मेरी जंग – सुबह : 11 .45
लम्हे – शाम : 06 .15

ZEE CINEMA
अकेले हम अकेले तुम – सुबह : 08 .40
सलामे इश्क – रात : 07 .00

colors CINEPLEX
क्या कहना – दोपहर : 12 .18
चेन्नई एक्सप्रेस – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात–07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बेटी– मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..
बाप – थैंक गॉड... मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..
बेटी – पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, ...जो मम्मी रखकर गई है...
बापबेहोश...

टीचर– तुम पंछी के बारे में सब जानते हो? टप्पू– हां टीचर
टीचर– अच्छा ये बताओ कौन सा पंछी उड़ नहीं सकता?
टप्पू– मरा हुआ पंछी, दे थप्पड़.... दे थप्पड़.
टप्पू की बात सुनकर टीचर ने उसे भरी क्लास में मुर्गा बना दिया..

# 5777 ने छोड़ी आरओ व एआरओ परीक्षा

## जिले में 32 केन्द्रों पर दो पालियों में कराई गई परीक्षा, शांतिपूर्ण ढंग से हुई संपंन

कार्यालय संवाददाता, इटावा


एसडी कालेज में परीक्षा देने जाते अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समीक्षा अधिकारी तथा सहायक समीक्षा अधिकारी आरओ, एआरओ की परीक्षा जिले के 32 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से कराई गई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्रों पर डटे रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य अधिकारी भी लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करते रहे। इस परीक्षा के लिए 14,188 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इनमें से 5777 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली की तुलना में दूसरी पाली में ज्यादा संख्या में परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

जिले में आरओ तथा एआरओ की परीक्षा कराने के लिए पिछले दिनों से तैयारियां की जा रही थी। इसके लिए 32 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के साथ ही 32 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी बनाए गए थे जो परीक्षा के समय परीक्षा केन्द्रों पर मौजूद रहकर व्यवस्था संभाले रहे। परीक्षा की पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू कराई गई लेकिन परीक्षार्थियों के सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों की ओर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके कारण सड़कों पर भी काफी भीड़ भाड़ दिखाई दी। तमाम छात्र छात्राएं निर्धारित समय से पहले ही अपने केन्द्रों पर पहुंच गए थे और चेकिंग के बाद परीक्षा कक्ष में पहुंच गए। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर ढाई बजे से साढ़े तीन बजे तक कराई गई। परीक्षा के दौरान अधिकारी लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करते रहे ताकि कहीं कोई कठिनाई न आए। इस परीक्षा के लिए दस अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जो लगातार अपने केन्द्रों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहे। एक दिन पहले भी इन सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने अपने केन्द्रों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। परीक्षा केन्द्रों के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था जो परीक्षा के दौरान मुस्तैद रहा। आसपास की फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहीं।

आरओ एआरओ परीक्षा के दौरान रोडवेज बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशन पर आम दिनों की तुलना में ज्यादा भीड़ रही। वैसे रविवार के दिन इन स्थानों पर ज्यादा भीड़ नहीं रहती लेकिन परीक्षार्थियों के आने जाने के कारण बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़ रही।

### इस तरह रही हाजिरी

प्रथम पाली

| | |
|---|---|
| पंजीकृत | 14188 |
| उपस्थित | 8461 |
| अनुपस्थित | 5727 |

दूसरी पाली

| | |
|---|---|
| पंजीकृत | 14188 |
| उपस्थित | 8411 |
| अनुपस्थित | 5777 |

# जल निगम ने खोद डाला फुटपाथ लोग कर रहे दुरुस्त

**बकेवर, इटावा।** पानी की पाइप लाइन डालने के लिये खोदी गई फुटपाथ को अब लोगों को खुद ही दुरुस्त करना पड़ रहा है। जल निगम के ठेकदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। दुकानदार खुद ही अपनी दुकानों के सामने इंटरलॉकिंग ईंटों को रखकर रास्ता बना रहे हैं।

बकेवर नगर में पानी की नई टंकी करीब सात करोड़ की लागत से बन रही है। टंकी का निर्माण जल निगम करा रही है। पानी की टंकी व उसकी दो नलकूप नगर पंचायत कार्यालय के पीछे पक्का तालाब के पास बन रहा है। पानी की सप्लाई के लिए नगर के चारों मुख्य मार्गों लखना रोड, इटावा रोड, औरैया रोड, व भरथना रोड पर पाइप लाइन सड़क के किनारे एक मीटर खुदाई की गई। लखना रोडपर दोनों साइड में पाइप लाइन डाली जा चुकी है। पा इप लाइन डालने के लिए खोदी एक तो खुदाई में तमाम लोगों के घरों को पानी की सप्लाई की पहले से पड़ी पानी की छोटी पाइप लाइन तोड़ दी। चेयरमैन बकेवर विवेक यादव ने बताया कि ठेकदार को खोदी जा रही जगह को तत्काल सही करने को कहा गया है।

# ताखा पहुंचे स्पेनिश पर्यटकों ने किया गावों का भ्रमण

संवाददाता ताखा, इटावा

- ग्रामीणों से जय श्रीराम करते नजर आये विदेशी मेहमान
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया विश्व का सर्वश्रेष्ठ नेता


ताखा में ग्रामीणों के साथ फोटो खिंचवाते स्पेनिश पर्यटक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्पेनिश पर्यटकों ने यहां के कई गावों का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीण परिवेश को नजदीक से देखा ,जाना और उसे समझने की कोशिश की। यहां के लोगों का आध्यात्म के प्रति जुड़ाव के बारे में बातचीत की, खेतों को देख कहा हरियाली बहुत अच्छी है।

भारत के आध्यात्म और परिवेश को जानने की ललक स्पेन के कुछ लोगों को भारत खींच लायी। स्पेन से आए पर्यटक शनिवार को उत्तर प्रदेश के इटावा जिला पहुंचे। यहां उन्होंने गांव का भ्रमण किया। इस मौके पर लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

हिंदू रीति रिवाज को देखने 29 दिन के भ्रमण पर भारत आए।

स्पेन से भारत आये जेसुस, बेलेन, मारियान व मगाली बनारस से सीधे ताखा के रिदौली गांव पहुंचे। यहां उन्होंने गांव को देखा और खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों, आलू की फसलों को देखकर काफी खुश नजर आये, यहां बाजार में खरीदारी की। इसके बाद वह लोग किशनी थाना पहुंचे। मारियान ने बताया कि वह परिवार व मित्र के साथ भारत के हिंदुस्तानी रीति रिवाज को देखने आई हैं। 33 वर्ष पहले जब वह पहली बार भारत आयीं थी तो वह बनारस गई थी। जहां गंगा नदी के पानी में बदबू आती थी। इस बार उन्होंने गंगा नदी को देखा तो बिल्कुल अलग मिली। पानी में कोई बदबू नहीं मिली। उसके पानी को पिया भी और स्नान भी किया। जेसुस ने बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वह अन्य राजनेताओं की तरह समझते थे, लेकिन उन्होंने देश का बहुत विकास कराया।

### ग्रामीण परंपराओं को करीब से जाना

उन्होंने बताया कि वह लोग भारत भ्रमण के दौरान गांवों में गये और ग्रामीण परंपराओं को करीब से जाना। स्पेनिश पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने दिल्ली, मंडावा राजस्थान, चित्रकूट, बनारस जगहों का भ्रमण किया यहां पर उन्हें प्रेम से मिले। संस्कृति के बारे में जानने का प्रयास किया। पर्यटकों ने कई फोटो भी खींचे और रविवार को दिल्ली पहुंचेंगे और सोमवार को अपने देश के लिए रवाना होंगे।

# कुलपति ने किया कृषि इंजी. कॉलेज का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- क्रिकेट खेल रहे छात्रों से भी किया संवाद

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज इटावा के प्रशासनिक, अकादमिक भवन एवं स्पोर्ट्स ग्राउंड परिसर में साफ सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की व्यवस्थाओं में पहले से काफी सुधार हुआ है।

कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने खेल के मैदान पर जाकर वहां पर खेल रहे महाविद्यालय के छात्रों का हाल-चाल जानने के साथ ही उनके साथ स्वयं भी क्रिकेट खेलकर सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया। उपस्थित छात्रों ने उन्हें अवगत कराया कि, हम सभी नियमित रूप से इस ग्राउंड पर खेलने आते रहते हैं। इसके बाद कुलपति ने भी उनकी खेल के प्रति रुचि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि,वे सभी खेल के साथ साथ अपनी पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान दें जिसके लिए आप सभी यहां दूर दूर से आए हैं। कुलपति डॉ सिंह ने अधिष्ठाता को बैंकाक के कृषि संस्थान से एमओयू साइन करने के लिए भी निर्देशित किया। वहीं अधिष्ठाता ने कुलपति को शिक्षकों की समस्याओं के साथ साथ धन की कमी के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने अवगत कराया की इटावा स्थित तीनों महत्वपूर्ण संकायों की शैक्षिक उन्नति के लिए वह अपना पूरा प्रयास जारी रखेंगे। इसके साथ उन्होंने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और छात्र-छात्राओं की अन्य आवश्यकताओं से संबंधित मुद्दों पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा के साथ विस्तार से चर्चा भी की ।

# मौसी और भतीजी को किया घायल

**इटावा।** कोतवाली सदर में कटरा शमशेर खां की स्वर्गीय अमर सिंह की बेटी किरण ने पड़ोस के गोपाल, रजत, अनुज तथा हंसमुखी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कहा गया है कि कहासुनी को लेकर घर पर आकर गालीगलौज करने लगे जब इसका विरोध किया तो पीट दिया। इसमें बहन की बेटी नेहा के सिर में गहरी चोट आई बचाने में मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिया। काफी लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

**ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार घायल:**बकेवर, इटावा। थाना में इसी क्षेत्र के वीरपुर गांव की प्रतीक्षा पुत्री कैलाश चंद्र ओझा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता 06 फरवरी को शाम पांच बजे अहेरीपुर में बाजार करके साइकिल पर सवार होकर गांव आ रहे थे, रास्ते में ट्रैक्टर ड्राइवर ने लापरवाही से उनकी साइकिल में टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# लाखों के जेवर व डेढ़ लाख रुपये चोरी

संवाददाता भरथना, इटावा


चोरी के बाद बिखरे पड़े सामान को देखता गृहस्वामी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भरथना कस्बे के मुहल्ला कल्यान नगर में दो घरों में चोरी की घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। चोरी की घटना के दौरान एक घर में कीमती सामान नहीं मिलने पर चोरों ने घर में रखे बिस्तर,चारपाई आदि को आग के हवाले कर दिया। दूसरे घर में चोरी के दौरान चोर पांच लाख रुपये कीमत के आभूषण व डेढ़ लाख रुपये की नकदी समेट ले गये। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने फोरेंसिक टीम के सहयोग से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये हैं।

मुहल्ला कल्यान नगर में आशुतोष तिवारी के बंद पड़े मकान को चोंरों ने निशाना बनाते हुए घर में प्रवेश कर सामान,नकदी व आभूषण खंगालने का प्रयास किया लेकिन कीमती सामान नहीं मिलने पर खिसियाये चोरों ने बक्से आदि में रखे बिस्तर,बेड का सामान और चारपाई आदि को आग के हवाले कर दिया। गृहस्वामी आशुतोष तिवारी परिवार सहित नोएडा में रहकर नौकरी करते हैं। घटना की जानकारी उनके भतीजे नवीन तिवारी ने प्रातः 6 बजे पुलिस को दी है।

चोरों ने इसी मुहल्ला निवासी दिलीप कुमार पाल पुत्र जगदीश नरायन पाल के बंद पड़े घर में धावा बोल दिया। बदमाशों ने घर के सभी कमरों में रखे बक्से,अलमारी के ताले तोड़कर करीब 5 लाख कीमत के सोने-चांदी के आभूषण एक हार,चार चूड़ी,दो अंगूठी,एक जंजीर,दो चांदी की पायलें सहित कीमती सामान चोरी कर चंपत हो गये। गृहस्वामी दिलीप कुमार पाल बीती शाम पत्नी अंजना देवी व पुत्र आरव,श्रेयांश के साथ पैतृक गांव कन्धेसी गए थे। पड़ोसियों से मिली चोरी की सूचना पर गृहस्वामी जैसे ही घर पहुंचा,तो उसके होश उड़ गए। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चोरी की घटना को संदिग्ध मानते हुए फिंगर प्रिंट टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर पड़ताल शुरू कर दी है।

# चुनाव से पहले दौड़ी पुलिस विभाग की तबादला एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता ,इटावा

- 86 इंस्पेक्टर एसआई बदले, कई का छिन गया चार्ज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का भले ही अभी बिगुल नहीं बजा है। उससे पहले ही पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है, कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत करने के लिए एसएसपी संजय वर्मा ने एक साथ 86 इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर इधर से उधर कर दिए हैं।

एसएसपी संजय वर्मा ने शहर में थाना फ्रेंड्स कालोनी के प्रभारी इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह को इसी पद पर थाना बलरई, थाना बसरेहर प्रभारी सनत कुमार को थाना प्रभारी लवेदी, लवेदी के थाना प्रभारी गणेशशंकर द्विवेदी को थाना प्रभारी बढ़पुरा, इस थाना के प्रभारी बेंचन सिंह को थाना प्रभारी ऊसराहार, इस थाना के प्रभारी हेमंत कुमार सौलंकी को एसएसआई बकेवर बना दिया। महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर निर्मला कुमारी को बनाया जबकि इस थाना की प्रभारी यशोदा रानी को एसएसपी जनता दर्शन व प्रभारी मीडिया सेल बनाया। चौकी प्रभारी महेवा कपिल थाना प्रभारी बसरेहर, इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा को बकेवर तथा दिवाकर प्रसाद सरोज को फ्रेंड्स कालोनी का प्रभारी बनाया। कोतवाली सदर में रेलवे रोड चौकी प्रभारी इमरान को चौकी प्रभारी धरवार जसवंतनगर, तकिया चौकी प्रभारी दयानन्द पटेल को जसवंतनगर चौकी प्रभारी, चौकी प्रभारी अस्तल को थाना चकरनगर इसी तरह अन्य इंस्पेक्टरों व सब इंस्पेक्टरों को इधर उधर किया गया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली करने के लिए सभी की कार्यशैली की विस्तृत समीक्षा के बाद यह परिवर्तन किया गया है।

# चांदी का मुकुट पहनाकर अध्यक्ष का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा


विवेक गुप्ता का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर विवेक गुप्ता का स्वागत किया गया। यहां अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में विवेक गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी इटावा प्रथम का मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर वैश्य जनों ने स्वागत किया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन अबनीद्र पोरवाल ने भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज राजनीतिक क्षेत्र में सदैव तत्परता से खड़ा रहा है भारतीय जनता पार्टी की असली नींव वैश्य समाज है। उन्होंने कहा वैश्य समाज किसी भी चुनाव की दिशा और दशा परिवर्तन करने कार्य करता है। नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन जैसे छोटे कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है उस विश्वास को सदैव बनाए रखा जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष कामिनी गुप्ता , सुमित गर्ग , आनन्द मित्तल , शिवम गुप्ता , गौरव गुप्ता , निशा गुप्ता , संतोष बंसल , अमित गुप्ता , आभा गुप्ता , उमेश गुप्ता , अनिल कौशल , संजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

## केक काटकर मनाया बचपन प्ले का स्थापना दिवस

**जसवंतनगर, इटावा।** बचपन प्ले स्कूल का 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया। दिल्ली में एसके एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड संस्था की स्थापना वर्ष 2004 में की गई थी। उसी के अंतर्गत बचपन प्ले स्कूल खोले गए थे। एमडी राहुल दीक्षित ने स्थापना दिवस पर केक काटा। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। वर्ष 2004 में दिल्ली में संस्था के फाउंडर एवं सीईओ अजय गुप्ता ने बचपन प्ले स्कूल श्रृंखला की स्थापना की थी । अब लगभग 1200 से अधिक स्कूल संस्था की ओर से चल रहे हैं। भारत के अलावा यह स्कूल भूटान नेपाल तथा श्रीलंका में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जसवंतनगर के स्कूल को खुले हुए अब तक 12 वर्ष बीत चुके हैं। स्कूल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी भाग लेने के लिए पहुंचे थे।


बच्चों के साथ एमडी राहुल दीक्षित व अन्य शिक्षिकाएं।

# शिवपाल के जन्मदिन पर निःशुल्क शिविर

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- 14 फरवरी को स्वधा हॉस्पिटल में लगेगा मेडिकल कैंप


स्वधा हास्पिटल के एमडी अनुज यादव।

**अमृत विचार ।** चौधरी सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा संचालित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्वधा हॉस्पिटल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सपा के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक शिवपाल सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक एक मेगा निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन होगा।

जिसमें स्वधा हॉस्पिटल के योग्य अनुभवी और आगरा के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगों, महिलाओं, बच्चों, पेट, हृदय, त्वचा आदि से संबंधित समस्याओं, क्षय रोग ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर,थायराइड,जनरल मेडिसिन विभाग,जनरल सर्जरी एवं यूरोलॉजी विभाग एवं डिजिटल एक्सरे की विशेष सुविधा के साथ जांच,परामर्श एवं नैदानिक परीक्षण किया जाएगा। पहली बार नगर में आयोजित इस तरीके के मेगा मेडिकल कैंप में निःशुल्क हेल्थ चेकअप, दवाइयां, जनरल एवं लैब चेकअप, ईसीजी एवं शुगर टेस्ट की सुविधा दी जाएगी। स्वधा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी अनुज मोंटी यादव ने पत्रकारों को बताया कि सपा महासचिव शिवपाल सिंह के जन्मदिन पर उनकी लंबी उम्र की दुआओं और आकांक्षा के लिए हॉस्पिटल इस मेगा कैंप का आयोजन कर रहा है। अब हर सुविधा से सुसज्जित व योग्य और अनुभवी डॉक्टरों युक्त स्वधा हॉस्पिटल में हर रोग का उचित व कम दरों पर इलाज मिलेगा। वहीं 16 को शिवपाल स्वधा हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ. ब्रजेश चंद्र यादव,डॉ. भुवनेश यादव आदि रहे।

राजनीति

सती मोहल्ला में लोगों से घर-घर जाकर की मुलाकात और लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं बताईं

# भाजपा सभासद ने बूथ पर किया रात्रि प्रवास

कार्यालय संवाददाता, इटावा


सती मोहल्ला में लोगों से बातचीत करते सभासद शरद बाजपेयी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत वरिष्ठ नेता एवं सभासद शरद बाजपेयी ने बूथ संख्या 193 सती मोहल्ला में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में 24 घंटे का प्रवास किया।


सर्वप्रथम सती मंदिर में भगवान के दर्शन कर प्रवास की शुरुआत की। उसके बाद सभी कार्यकर्ताओं के साथ योग किया, योग के उपरांत बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। सती मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान स्कूलों में पढ़ा रहे अध्यापकों व छात्रों से भी मिलना हुआ। संगीत में पारंगत प्रसिद्ध गायक ज्योति से भी मिलना हुआ। कुछ लोगों ने अपनी समस्याएं भी बताई जिनके समाधान के लिए अधिकारियों से बात कर समस्या का निदान कराया जाएगा।

बूथ प्रवास के दौरान साथ में लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, बूथ अध्यक्ष विजय शंकर, सेक्टर संयोजक रोहित पटेल, प्रमेन्द्र तिवारी, मुकेश दीक्षित, आशीष चौहान, मंगल सिंह आजाद, सभासद कुमार वैभव, दामोदर बाथम, गौरव कुमार, आशुतोष गुप्ता साथ रहे। प्रवास के दौरान सेवानिवृत सीओ अतर सिंह, कृष्ण मनोहर दीक्षित, गणेश ज्ञानार्थी, रामफल, डॉ विनोद, विनोद रावत, विजय बहादुर, जहान सिंह यादव, लालजी ठाकुर, अजय सविता, डॉ जयवीर, से भी मुलाकात की और कहा समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से बात की जाएगी।

## कांग्रेस : निष्क्रिय पदाधिकारियों की होगी छुट्टी

**इटावा।** कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव में इटावा से कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का जो भी प्रत्याशी होगा उसे जिताने के लिए जुटेंगे। यह बात कांग्रेस के इटावा लोकसभा क्षेत्र के कोर्डीनेटर देवेंद्र पांडे ने कही। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर लोकसभा चुनाव को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए इटावा लोकसभा कोऑर्डिनेटर देवेंद्र पांडे ने कहा कि उन्हे कांग्रेस पार्टी ने इटावा का लोकसभा कोऑर्डिनेटर बनाकर भेजा है जिले में जो भी पद खाली है उन्हें बहुत जल्दी भरने का काम किया जाएगा और निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सहयोगी संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारी हटाकर नए पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव,शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे,पीसीसी सदस्य मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद संखवार, अरुण यादव, कमलेश वर्मा, अतुल आक्रोश, आरबी सिंह पाल, सत्य प्रकाश राजपूत,रामजीवन कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, सरला जाटव, मनोज दीक्षित, महेश कटारे, आनंद वर्मा, शिवरतन कठेरिया, मिथलेश कुशवाहा, अवनीश वर्मा, आसिफ जादरान,सचिन शंखवार,अमित अग्निहोत्री मौजूद रहे।

## दीपेंद्र बने सपा के महेवा ब्लाक अध्यक्ष


दीपेंद्र कुशवाहा।

**महेवा, इटावा।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने महेवा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर युवा नेता दीपेंद्र कुशवाहा को नियुक्त किया है। सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नवनीत पाल उर्फ लालू को जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष पद खाली हो गया था। दीपेन्द्र कुशवाहा सपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं। पूर्व में बहेड़ा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित राजीव चौधरी को विधान सभा उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया था। मनोनयन पर विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र दोहरे ,विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर राकेश यादव , यतेंद्र दोहरे ,प्रदीप यादव ,चरन सिंह यादव , मिथुन पांडेय ,रामजी तिवारी आदि रहे।


सुरदीप कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपते सपा नेता। अमृत विचार

## सुरदीप बने सपा मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष

**इटावा।** समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने सुरदीप कुमार निवासी मानिकपुर सैफई हवाई पट्टी को समाजवादी पार्टी मजदूर सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, महासचिव बीरभान सिंह भदौरिया, अनवार हुसैन, नफीसुल हसन अंसारी, हुकुम सिंह यादव, रामप्रकाश वर्मा, राजेंद्र सिंह यादव, सतीश सविता, कैलाश नारायण गुप्ता, प्रेम सिंह यादव बोझ, मनोज कुमार आदि ने बधाई दी है।

## भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने जितेंद्र सिंह

संवाददाता महेवा, इटावा। महेवा निवासी शिक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया को भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाये जाने पर भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया है । क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत की संस्तुति पर यह मनोनयन किया है। उनके जिला संयोजक पद पर मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से मीनाक्षी भदौरिया, सुरेंद्र सिंह भदौरिया ,सोनू अग्निहोत्री अमित सिंह ,दीपक भदौरिया ,अजय जादौन आदि प्रमुख हैं।

# लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन: मोदी

## मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री बोले-लोकसभा चुनाव में भाजपा 370 की संख्या पार करेगी

झाबुआ, (मप्र) एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और इतना ही नहीं, संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट मिलेंगी। मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आदिवासी समुदाय के सदस्यों की एक जनसभा संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी है और केवल चुनाव के समय ही गांव, किसान और गरीब याद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी फूट डालने की अपनी आखिरी रणनीति का सहारा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा-कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का काम करती है और जब सत्ता से बाहर होती है तो भाषा, क्षेत्र और जाति के आधार पर (समाज में) बांटने का काम करती है। लूट और फूट कांग्रेस का ऑक्सीजन है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने ही पापों के दलदल में फंस चुकी है वह जितना निकलने की कोशिश करेगी उतना फंसेगी। उन्होंने कहा कि 2023 (विधानसभा चुनाव) में कांग्रेस की छुट्टी हो गई और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका पूरा सफाया होना तय है।



झाबुआ: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन के दौरान आदिवासी लाभार्थियों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

### भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग

टंकारा (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली समय की मांग है। मोदी ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी जिले में उनके जन्मस्थल टंकारा में आयोजित एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने समाज सुधारक दयानंद सरस्वती की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने उस समय भारतीय समाज से वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया था जब लोग गुलामी में जकड़े हुए थे।

# राकांपा को छीनकर दूसरों को दे दिया

पुणे, एजेंसी

▶▶ वरिष्ठ नेता शरद पवार ने निर्वाचन आयोग के फैसले पर जताई हैरानी



वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला मुझे हैरान करने वाला है।

पवार ने कहा कि लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। दरअसल निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है और आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित किया। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे। इसके खिलाफ हमने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।'' पवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और उसने (आयोग ने) इसे दूसरों को दे दिया। पवार ने कांग्रेस से अलग होने के बाद 1999 में राकांपा की स्थापना की थी। उन्होंने कहा-निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और आगे बढ़ाया। देश में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

### किसी भाजपा नेता को ईडी का सामना नहीं करना पड़ा: शरद पवार

वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को दावा किया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पार्टी के किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। निर्वाचन आयोग द्वारा हाल में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'मूल' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के रूप में मान्यता देने और पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित करने पर शरद पवार ने कहा कि देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रह चुके पवार ने कहा कि उन्होंने अपना पहला चुनाव 'बैलों की जोड़ी' चुनाव चिह्न पर लड़ा था। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम और विचारधारा किसी भी चुनाव चिह्न से ज्यादा अहम है।

## एक नजर

### मणिपुर में चार दिन पहले लापता हुआ ग्राम स्वयंसेवी मृत मिला

इंफाल, 11 फरवरी (भाषा) मणिपुर के कांगपोकपी जिले के मोल्हाम कुकी गांव से चार दिन पहले लापता हुआ 35 वर्षीय ग्राम स्वयंसेवक रविवार को मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलियों से छलनी निंगथौउजाम मणिसना का शव सुरक्षा बलों और स्थानीय ग्रामीणों के तलाश अभियान के दौरान रविवार सुबह मिला। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सात फरवरी को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के हमले से पूर्वी इंफाल जिले के मोइरांगपुरेल इलाके की रक्षा के दौरान मणिसना लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### नवी मुंबई में रह रहे दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

ठाणे। पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में नवी मुंबई शहर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। साइबर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों कि उम्र 24 वर्ष है, जिन्हें शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एटीएस के एक दस्ते ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आने से एक जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज नक्सलियों के लगाए बम की चपेट में आकर एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीपालनार कैम्प से जवान एरिया डोमिनेशन और डी-माइनिंग के लिए निकले थे। तभी सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आने से सीएएफ जवान पुनीत नेताम घायल हो गया। घायल जवान को पैर और पीठ पार चोट आई है। घायल जवान का प्राथमिक उपचार नेलसनार अस्पताल में किया गया।

# दिल्ली सरकार को 50 हजार रुपये की राशि देने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ कोविड-19 पीड़ित के लिए हाईकोर्ट ने दिया आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शहर सरकार को उस व्यक्ति के परिजन को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है, जो कोरोना वायरस से संक्रमित था और जिसकी कोविड-19 की जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई थी।

उच्च न्यायालय ने शहर सरकार की इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना था और व्यक्ति की मृत्यु आरटी-पीसीआर रिपोर्ट में संक्रमित होने की बात सामने आने के एक महीने बाद हुई थी और इसलिए, उक्त व्यक्ति का परिवार मुख्यमंत्री कोविड-19 परिवार आर्थिक सहायता योजना (एमसीपीएफएसवाई) के तहत मुआवजे का हकदार नहीं है। अदालत ने अस्पताल की इस रिपोर्ट पर गौर किया कि याचिकाकर्ता के पति को कोविड-19 हुआ था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 19 जून, 2021 को मृत्यु होने तक वह अस्पताल में ही थे।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शाह को गारंटी योजनाओं पर खुली बहस की चुनौती दी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि वह यह साबित कर सकते हैं कि गारंटी योजनाओं की वजह से राज्य का खजाना खाली नहीं हुआ है। आज सुबह मैसुरु पहुंचे शाह चामुंडेश्वरी मंदिर गए और आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों में भाग लेने से पहले एक मेले में शिरकत की। सिद्धारमैया ने गारंटी योजनाओं के कारण राज्य सरकार का खजाना खाली होने के शाह के कथित दावे पर पलटवार किया है।

# पाला बदलने से इंडिया पर असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली/रायगढ़, एजेंसी

▶▶ सचिन पायलट बोले-ममता अब भी गठबंधन का हिस्सा



विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कुछ घटक दलों के पाला बदलकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बीच कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ''मजबूत'' है और इसकी सामूहिक ताकत से चिंतित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीतिक परिदृश्य में ''उन्मत्त बदलाव'' लाने की कोशिश कर रही है।

पायलट ने साक्षात्कार में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि उनके (बनर्जी के) साथ सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत के दौरान आगे का कोई रास्ता निकलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं को 370 सीट और राजग को 400 से अधिक सीट मिलने का दावा कर रही है, जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक आकलन के बजाय डींग हांकने वाला बयान और शब्दाडम्बर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' छत्तीसगढ़ से गुजर रही है। ऐसे में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की छत्तीसगढ़ इकाई के प्रभारी महासचिव ने इन बातों को खारिज कर दिया कि यह यात्रा पार्टी की चुनावी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

पायलट ने कहा-जैसा कि हम बता रहे हैं, हम विभिन्न राज्यों में अपने ज्यादातर सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। यात्रा जारी है और अन्य चीजें एआईसीसी नेतृत्व और राज्य प्रभारी संभाल रहे हैं। इन सभी बैठकों और बातचीत पर कांग्रेस अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) खुद नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा-हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि हम एकजुट होकर लड़ें। हां, कुछ लोगों ने हमारा इंडिय गठबंधन छोड़ दिया है।

### किसानों के रास्ते में कीलें बिछाना अमृत काल है या अन्याय काल: प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसानों के प्रस्तावित 'दिल्ली चलो' मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव ने किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और कई अवरोधक लगे होने का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए सवाल किया कि किसानों के साथ यह अमृत काल है या अन्याय काल है। एक अधिकारी ने यहां कहा कि 13 फरवरी को किसानों के मार्च के मद्देनजर रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# भाजपा–आरएसएस नफरत फैला रहे हैं : राहुल

रायगढ़, एजेसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नफरत फैला रहे हैं जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। राहुल गांधी की अगुवाई में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दो दिन के विराम के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फिर से शुरू हुई।

रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक पर एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी-भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। कांग्रेस सांसद ने दावा किया-वर्तमान में, देश के हर कोने में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को उनकी भाषा के आधार पर पसंद नहीं करते हैं जबकि कुछ लोग कहते हैं कि वे दूसरों को अन्य राज्यों से संबंधित होने के आधार पर पसंद नहीं करते हैं। ऐसे विचार देश को कमजोर करेंगे। गांधी ने आरोप लगाया-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और भिन्न विचार रखने वाले लोग शांति और सौहार्द से रहते हैं। उन्होंने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। गांधी ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार इस पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा-जब मैं वहां (मणिपुर) गया, तो मेइती समुदाय के लोगों ने मुझसे कुकी सुरक्षाकर्मियों को न लाने के लिए कहा, जबकि कुकी ने मेइती सुरक्षाकर्मियों के लिए भी यही बात कही। उनके वाहन पर चढ़ने वाले बच्चों को टॉफी देते हुए, गांधी ने एक लड़की से पूछा कि क्या वह न्याय चाहती है या अन्याय। इस पर लड़की ने जवाब दिया, न्याय।



रायगढ़: कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को छत्तीसगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान महिला से हाथ मिलाते हुए। ● एजेंसी

▶▶ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप

## कारोबार/कृषि

# 4 कंपनियों का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ बढ़ा

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी, एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

इन कंपनियों का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 2,18,598.29 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 1,06,631.39 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 490.14 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 86,146.47 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,637.38 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का शेयर सोमवार को लगभग छह प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 1,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान एसबीआई की बाजार हैसियत 65,908.26 करोड़ रुपये बढ़कर 6,46,365.02 करोड़ रुपये हो गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 61,435.47 करोड़ रुपये बढ़कर 15,12,743.31 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 5,108.09 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 19,77,136.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस के शेयर में मंगलवार को चार प्रतिशत का उछाल आया, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।



### उच्चस्तर पर पहुंचा लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश

निवेशकों ने जनवरी में लार्ज-कैप म्यूचुअल फंड (बड़े शेयरों में निवेश वाले कोष) में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह 19 माह में निवेश का उच्चस्तर है। छोटी और मझोली कंपनियों के कोषों में तेजी ने उनके मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया है और लॉर्ज-कैप में उनका निवेश बढ़ा है। इससे पहले दिसंबर, 2023 में उन्होंने लार्ज-कैप फंड से 281 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। निवेश का मौजूदा स्तर पिछले साल जनवरी के 716 करोड़ रुपये के आंकड़े से 80 प्रतिशत अधिक है। इस ताजा प्रवाह के बाद बड़े शेयरों में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार जनवरी में 26 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2.38 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के हालिया आंकड़ों के अनुसार, लार्ज-कैप पर केंद्रित इक्विटी म्यूचुअल फंड को जनवरी में 1,287 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। यह जुलाई, 2022 के 2,052 करोड़ रुपये के बाद का उच्चतम स्तर है।

### भारत ने कतर के साथ किया सबसे बड़ा गैस आयात का सौदा

नई दिल्ली। पेट्रोनेट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। इससे भारत को स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह बात कही है।

पेट्रोनेट के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि मूल 25-वर्षीय समझौते पर 1999 में हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें आपूर्ति 2004 में शुरू हुई थी। तब से कतर ने कभी एक भी खेप में चूक नहीं की है और न ही उसने दाम काफी ऊंचे होने के दौरान भारतीय कंपनी द्वारा आपूर्ति नहीं लेने की वजह से 'खरीदों या भुगतान करो' प्रावधान के तहत कोई जुर्माना लगाया है।

# एफपीआई ने अब तक बॉन्ड बाजार में 15,000 करोड़ रुपये डाले

नई दिल्ली, एजेंसी



जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने और व्यापक रूप से अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

इससे पहले एफपीआई ने जनवरी में बॉन्ड बाजार में 19,836 करोड़ रुपये डाले थे, जो छह साल से अधिक समय का सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। इससे पहले जून, 2017 में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने शेयरों से 3,000 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-भारतीय शेयर बाजार का ऊंचा मूल्यांकन मूल्यांकन और अमेरिका में बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि शेयरों से निकासी की मुख्य वजह घरेलू के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में ब्याज दर परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता है।

## एक नजर

### एलआईसी को 25,464 करोड़ का आयकर रिफंड मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम को 25,464 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड ऑर्डर मिला है और इसे चालू तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के दौरान प्राप्त होने की संभावना है। एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने यह जानकारी दी। पिछले महीने आयकर विभाग के आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने 25,464.46 करोड़ रुपये के रिफंड के लिए सूचना जारी की थी। रिफंड पिछले सात मूल्यांकन वर्षों में बीमाधारकों को अंतरिम बोनस से संबंधित है। मोहंती ने तिमाही नतीजों की घोषणा के दौरान कहा-हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि इसी तिमाही के दौरान आयकर विभाग से रिफंड मिल जाएगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.74 अरब डॉलर बढ़कर 622.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार, 02 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 551.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.1 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 5.8 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। हालांकि आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 4.9 अरब डॉलर पर स्थिर रही।

### बायोगैस एसोसिएशन का सीबीजी संयंत्रों के लिए निवेश का सुझाव

नई दिल्ली। भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में 1.2 करोड़ टन की कमी सुनिश्चित करने के लिए संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को बायोमास आपूर्ति के लिए जरूरी मशीनरी और उपकरणों के लिए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश की सिफारिश की है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा-धान के भूसे जैसे कृषि अवशेषों को जलाने के बजाय इनका जैव ऊर्जा उत्पादन और मिट्टी संवर्धन के लिए उपयोग करने से दोहरा लाभ मिलता है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 के संशोधित अनुमानों के 80 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 15.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह राशि 2023-24 के संशोधित अनुमानों का 80 प्रतिशत है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा-प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़ों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऐसे में 10 फरवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि सकल संग्रह 18.38 लाख करोड़ रुपये है। यह राशि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.30 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में 10 फरवरी तक रिफंड को हटाकर प्रत्यक्ष कर संग्रह 15.60 लाख करोड़ रुपये है, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 20.25 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल संशोधित अनुमान का 80.23 प्रतिशत है। बयान में कहा गया कि एक अप्रैल, 2023 से 10 फरवरी, 2024 के दौरान 2.77 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। इस दौरान कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) के सकल राजस्व संग्रह में भी लगातार वृद्धि देखी गई।

### पेरू के साथ एफटीए के तहत सोने पर शुल्क रियायत प्रमुख चिंता

नई दिल्ली। पेरू के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत सोने पर शुल्क छूट भारत के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दा है। भारत के पेरू से कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में सोने पर 10 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क लगता है और मामूली शुल्क रियायतों से भी आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत और पेरू परस्पर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं।

# पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ आरबीआई ने पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया





सरकार वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की जांच कर रही है। पीपीएसएल ने नवंबर 2020 में भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। आरबीआई ने हालांकि नवंबर 2022 में पीपीएसएल के आवेदन को खारिज कर दिया और कंपनी को इसे फिर से जमा करने के लिए कहा, ताकि एफडीआई नियमों के तहत प्रेस नोट तीन का अनुपालन किया जा सके।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) में चीनी फर्म एंट ग्रुप कंपनी का निवेश है। इसके बाद, कंपनी ने एफडीआई दिशानिर्देशों के तहत निर्धारित प्रेस नोट तीन का अनुपालन करने के लिए ओसीएल से कंपनी में पिछले निवेश के लिए भारत सरकार के साथ 14 दिसंबर, 2022 को आवश्यक आवेदन दायर किया। सूत्रों ने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समिति पीपीएसएल में चीन से निवेश की जांच कर रही है और उचित विचार तथा व्यापक जांच के बाद एफडीआई मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा। प्रेस नोट तीन के तहत, सरकार ने भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से किसी भी क्षेत्र में विदेशी निवेश से पहले उसकी मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था।

# मुर्मू ने गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को सौंपी जिम्मेदारी



राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड बटालियन के साथ मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में तैनात सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के औपचारिक बदलाव समारोह में शामिल हुईं।

समारोह के दौरान, सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन ने औपचारिक आर्मी गार्ड बटालियन के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। उन्होंने अब 5वीं गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन को कार्यभार सौंप दिया ।बता दें कि सेना की विभिन्न पैदल इकाइयां

**▶▶ राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की**

बारी-बारी से राष्ट्रपति भवन में आर्मी गार्ड के रूप में काम करती हैं। आर्मी गार्ड बटालियन राष्ट्रपति भवन में औपचारिक गार्ड कर्तव्यों का पालन करने के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों गणतंत्र दिवस परेड, स्वतंत्रता दिवस परेड और बीटिंग द रिट्रीट समारोह में भी शामिल होती है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने सिख रेजिमेंट की 6वीं बटालियन के सैनिकों की सराहना की।

## आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है आईएमएफः जार्जीवा

**दुबई।** युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) आर्थिक दृष्टिकोण को लेकर आश्वस्त है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लचीली बनी हुई है।

दुबई में आयोजित वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट को संबोधित करते हुए आइएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा ने कहा कि संगठन एक रिसर्च पेपर प्रकाशित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि किस तरह ऊर्जा सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से खत्म करके पश्चिम एशिया 336 अरब डालर की बचत कर सकता है। यह रकम इराक और लीबिया की संयुक्त अर्थव्यवस्था के बराबर है। ऐसा करने से आर्थिक बचत ही नहीं होगी बल्कि प्रदूषण से निपटने में मदद मिलेगी और देश सामाजिक सरोकारों पर और ज्यादा खर्च कर सकेंगे।

## कई राज्यों में सुरक्षा के लिए लागू की जा रही हाई सिक्योरिटी
# नंबर प्लेट, हो रही अनिवार्य

*देश के कई राज्यों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य हो रही है। इस प्लेट के कई फायदे हैं। कई लोग अभी भी इनको कार पर लगाने में संकोच करते हैं। जबकि यह सुरक्षा की दृष्टि से लागू की जा रही है। जानते हैं इस प्लेट के बारे में...*

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

इन प्लेट्स को एल्युमिनियम से बनाया जाता है। जिनपर एक होलोग्राम लगा होता है जो क्रोमियम आधारित होता है। होलोग्राम के अंदर वाहन की पूरी जानकारी होती है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पर सुरक्षा के लिए यूनिक लेजर कोड भी प्रिंट होता है। हर वाहन के लिए अलग कोड दिया जाता है। इसे आसानी से हटाया नहीं जा सकता। नए वाहनों के अलावा पुराने वाहनों पर भी इसे लगाना जरूरी है। अगर कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो ऐसे में कार में लगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट से वाहन के मालिक सहित सभी जानकारी मिल जाती है। इससे कार सवार घायलों के परिजनों तक जानकारी भेजी जा सकती है।







**क्या है खासियत-** सबसे बड़ी खासियत होती है कि अगर ये एक बार टूट जाए तो फिर इसे जोड़ा नहीं जा सकता। कोई भी इसे कॉपी कर नकली प्लेट नहीं बना सकता। इसी कारण वाहन की सुरक्षा बढ़ जाती है। प्लेट के चोरी होने या दूसरे वाहन में दुरुपयोग होने की आशंका कम होती है।

**अनिवार्य है प्लेट लगाना-** सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के तहत वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर विभिन्न राज्यों में 1000 से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना है। इस लगवाने के लिए स्टेट ट्रांसपोर्ट की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कैसे बनवाएं**

- सरकार द्वारा अधिकृत पंजीकरण पोर्टल Bookmyhsrp.com पर जाएं
- सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, संपर्क सूत्र,ऑप्शन आदि भरें।
- यदि वाहन निजी उपयोग के लिए है, तो स्क्रीन पर प्रदर्शित वाहन श्रेणी विकल्प के तहत 'non-transport' पर क्लिक करें।
- इस फॉर्म को सबमिट करें आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- भुगतान करने के लिए दिए गए यूजर नेम और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगिन करें। इसके साथ ही आपको एक रसीद भी मिल जाएगी
- जैसे ही आपके वाहन का एचएसआरपी नंबर तैयार हो जाएगा, आपको अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर इसकी सूचना प्राप्त होगी।
- इस प्रक्रिया के कुछ समय बाद नंबर प्लेट आ जाएगा और आप इसे अपने वाहन में लगवा सकेंगे।

## एक नजर

### मेघालयः वैद्यनाथन ने हाई कोर्ट के मुख्य जज के रूप में ली शपथ

**शिलांग।** न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने रविवार को मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति वैद्यनाथन को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन मुख्य न्यायाधीश संजीव बनर्जी का स्थान लेंगे। बनर्जी पिछले साल नवंबर में सेवानिवृत्त हुए थे। न्यायमूर्ति वैद्यनाथन अक्टूबर 2013 से मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहें है।

### मुझसे गलती हो गई...कहकर हंगरी के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा



**बुडापेस्ट।** हंगरी की राष्ट्रपति कैटलिन नोवाक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कैटलिन नोवाक ने शनिवार को इस्तीफे का एलान किया। दरअसल, उन्होंने एक ऐसे शख्स को माफ कर दिया, जिसने 2022 में अपने बॉस द्वारा नाबालिगों के यौन शोषण की बात छिपाई थी। इसके बाद पूर देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया और कैटलिन नोवाक को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देना पड़ा। नोवाक ने शनिवार को कहा, "राज्य के प्रमुख के रूप में, मैं आज आखिरी बार आपको संबोधित कर रही हूं। मैं राष्ट्रपति के कार्यालय से इस्तीफा दे रही हूं। जिन पीड़ितों को लगा होगा कि मैं उनके लिए खड़ी नहीं हो रही हूं। मैं बच्चों और परिवारों के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।

### अमेरिकाः हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नाइजीरिया बैंक के सीईओ की मौत

**कैलिफोर्निया।** दक्षिण कैलिफोर्निया के मोहावी मरुस्थल में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में नाइजीरिया के सबसे बड़े बैंकों में से एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), उनकी पत्नी और बेटे की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर शुक्रवार रात 10 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और सवार छह लोगों में एक्सेस बैंक के सीईओ हर्बर्ट विग्वे भी शामिल थे। नाइजीरिया के पूर्व वित्त मंत्री नगोजी अकोंजो-इवेला ने इन मौत की पुष्टि की है। इवेला अब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक हैं।


### ब्रिटेन में भारतवंशी युवक ने पत्नी की हत्या का जुर्म कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक आवास पर पिछले साल अपनी पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है। महक शर्मा (19) की 29 अक्टूबर की शाम हत्या करने के संदेह में साहिल शर्मा (24) को उनके मकान से गिरफ्तार किया गया था। शर्मा को किंगस्टन क्राउन कोर्ट में गुरुवार को पेश किया गया, जहां उसने महक की हत्या का जुर्म कबूला। अदालत अब इस मामले में 26 अप्रैल को सजा सुनाएगी। जांच निरीक्षक ने बताया, साहिल शर्मा के कृत्य ने एक परिवार को तबाह कर दिया।

## पाकिस्तानः गौहर ने कहा- पीटीआई को सरकार बनाने का न्योता देंगे राष्ट्रपति
# नवाज की रणनीति को सेना का समर्थन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान को त्रिशंकु संसद का सामना करना पड़ा है। इस बीच राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए, जब यह स्पष्ट हो गया कि आम चुनाव के बाद देश में किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। पाकिस्तान में आम चुनाव गुरुवार को हुए थे, लेकिन नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण माहौल खराब हो गया। कई पार्टियों ने तो हंगामा कर दिया और कुछ ने विरोध प्रदर्शन भी किया।



बता दें, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नवाज शरीफ के गठबंधन सरकार बनाने के आग्रह का समर्थन किया। वहीं, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक-काकड़ ने भी गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद जताई है। दूसरी तरफ पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने कहा कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी उनकी पार्टी को सरकार बनाने के लिए निमंत्रण देंगे, क्योंकि उन्होंने नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लिया है। नवाज ने को अपने प्रतिद्वंद्वियों से गठबंधन सरकार बनाने की अपील की थी। सेना के समर्थन के बाद माना जा रहा है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की पार्टी (पीएम-एल-एन) गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब हो जाएगी।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 सीटें मिलीं और विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीटें मिलीं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### चुनाव के नतीजों को चुनौती वाली कई याचिकाएं दायर

पाकिस्तान की अदालतों में याचिकाओं की बाढ़ आ गई है, क्योंकि पीटीआई समर्थित कई उम्मीदवारों ने चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। अधिकांश याचिकाएं लाहौर उच्च न्यायालय में दायर की गईं, इमरान समर्थित उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया। तीन याचिकाएं सिंध हाई कोर्ट में दायर की हैं। निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत दर्ज की।

### राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत, सात घायल

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में रविवार को दो राजनीतिक दलों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लरकाना जिले में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के कार्यकर्ताओं के बीच बहस से शुरू हुई झड़प देखते ही देखते सशस्त्र संघर्ष में तब्दील हो गयी। दोनों दलों के बीच झड़प में गोलीबारी भी हुई, जिसमें दोनों दलों के कार्यकर्ता और उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी हताहत हुए। सूत्रों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिसमें एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गये और स्थिति पर नियंत्रण कर लिया गया।

## ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें रजिस्ट्री विभागः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की। अब 8 फरवरी को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उक्त बात कही।

# हूती हमलों के बीच क्षेत्र में बड़ी शक्ति बनकर उभरा भारत

दुबई, एजेंसी

पिछले दो माह से भारत और भारतीय नौसेना लाल सागर और अरब सागर सहित इस पूरे समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। भारतीय नौसेना ने दिसंबर से लेकर अब तक 17 जहाजों को समुद्री लुटेरों से से बचाया है। पिछले कुछ सप्ताह भारतीय नौसेना के आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे में 2 जहाजों को सोमालियाई लुटेरों से बचाया। भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि अगर हमारे पास बुरी चीजें होती रहें, तो हम यह नहीं कह सकते हैं कि इससे हमारा कुछ लेना-देना नहीं है।

22 नवंबर 2023 को हूती विद्रोहियों ने कार्गोशिप गैलेक्सी लीडर को निशाना बनाया था। हूतियों ने वजह बताई- गाजा में इजराइली हमले। हूतियों के हमले बढ़ने के साथ दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग स्वेज-लाल सागर मार्ग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। अमेरिकी टास्क फोर्स में रहने की बजाय भारत ने अलग मोर्चा संभाला लाल सागर में होने वाले हूती हमले के बीच अमेरिकी नेतृत्व वाले 20 देशों के टास्क फोर्स ने ऑपरेशन प्रोस्पेरिटी गार्डियन' शुरू किया।

**2 महीने में भारतीय नौसेना ने समुद्री लुटेरों के 17 हमले रोके**



### अल-शबाब ने ली मोगादिशू में हमले की जिम्मेदारी

**दुबई।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू स्थित सैन्य अड्डे पर शनिवार को किए गए हमले की जिम्मेदारी अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन अल-शबाब ने ली है। हमले में सैन्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे तीन अमीराती सैनिकों व बहरीन के अधिकारी की मौत हो गई थी। हालांकि, रविवार को मरने वाले सैनिकों की संख्या पुष्टि नहीं हो सकी थी। सोमालिया के राष्ट्रपति हसन शेख मोहम्मद ने सैनिकों की मौत पर यूएई के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की थी।

## शेषनाग झील जमी...





**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। श्रीनगर, शिमला समेत दूसरे शहरों में पारा शून्य के नीचे चल रहा है। यह तस्वीर अमरनाथ गुफा के तीर्थ मार्ग पर स्थित शेषनाग झील की है। वहां बर्फबारी के चलते वादियां बर्फ से ढकी हैं। पारा माइनस 18 डिग्री सेल्यियस चल रहा है। इस कारण शेषनाग झील जम चुकी है। झील को प्राचीन काल से ही पवित्र माना जाता है। समुद्र तल से 11,870 फीट ऊंचाई पर मौजूद ये झील ये पहलगाम से 10 किमी दूर है। ● एजेंसी

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बिहार के वोट पाने की सियासतः उद्धव

मुंबई, एजेंसी

नरेंद्र मोदी सरकार ने आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्वी राज्य से वोट पाने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारत रत्न को लेकर सरकार पर तंज कसा।

मुंबई में शिवसेना कार्यकर्ताओं के एक भाषण के दौरान, ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनसंघ (जो कि भारतीय जनता पार्टी का अग्रदूत था) ने पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। ठाकरे ने कहा, लेकिन अब भाजपा बिहार में लोकसभा चुनाव में वोट चाहती है, इसलिए उनके लिए मरणोपरांत भारत रत्न की घोषणा की। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद स्वीकार किया जा रहा है। ठाकरे ने आगे कहा, भाजपा ने भारत रत्न के लिए डॉ. एस स्वामीनाथन के नाम की घोषणा की, लेकिन कृषि आय बढ़ाने पर उनकी अध्यक्षता वाले आयोग द्वारा की गई सिफारिश को लागू करने में विफल रही है। ठाकरे ने दावा किया, लोग इस खोखलेपन को समझ सकते हैं।



**▶▶ शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सर्वोच्च सम्मान को लेकर कसा तंज**

केंद्र सरकार ने इस साल देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के लिए पांच नामों की घोषणा की। इन पांच नामों में से वे हैं पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, डॉ एस स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर और भाजपा के दिग्गज लालकृष्ण आडवाणी।

## ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई का फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट बैन, उल्लंघन का आरोप



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। मेटा प्रवक्ता ने जानकारी दी कि आयातुल्लाह अली खामेनेई के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए इन एप्स के गाइडलाइन्स का उल्लंघन किया जा रहा था।

बता दें कि ईरान खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई कई सोशल मीडिया के जरिए भी इजराइल और अमेरिका के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दे चुके हैं। अयातुल्ला अली खामेनेई ने गाजा पर इजरायल की बमबारी के साथ-साथ यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में शिपिंग पर हमलों के खिलाफ फिलिस्तीनी जवाबी कार्रवाई का भी सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। 35 साल से ईरान की सत्ता पर काबिज खामनेई के इंस्टाग्राम पर 50 लाख फॉलोअर्स हैं। बताते चलें कि हमास को अमेरिका द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया गया है। ईरान में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रतिबंध है, लेकिन ईरानी प्रतिबंधों से बचने के लिए यूजर्स फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब को वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन से जरिए इस्तेमाल करते हैं।

# यूपीआई सेवाएं श्रीलंका और मॉरीशस में आज से होंगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी इस दौरान दोनों देशों में यूपीआई के साथ-साथ रुपे कार्ड सेवाओं की भी शुरुआत करेंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 12 फरवरी यानी आज दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। मालूम हो कि श्रीलंका और मॉरीशस के साथ भारत के मजबूत सांस्कृतिक और आपसी संबंधों को देखते हुए इसे लॉन्च किया जा रहा है। भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी।



**▶▶ पीएम मोदी विक्रम सिंघे मॉरिशस के पीएम जगन्नाथ वर्चुअली होंगे शामिल**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत की यात्रा करने वाले मॉरीशस के नागरिकों के लिए यूपीआई निपटान सेवाओं की उपलब्धता को सक्षम करेगा।

**चिंताजनक** जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने शोध में दी नई जानकारी, एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना

# युद्धविराम नहीं, परमाणु युद्ध सुझाते हैं एआई मॉडल

वाशिंगटन, एजेंसी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का लगातार हर क्षेत्र में दबदबा बढ़ता जा रहा है। युद्ध में भी इसके इस्तेमाल को लेकर लगातार प्रयोग हो रहे है। विशेषज्ञ लगातार इसके खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं लेकिन कुछ देशों ने ने इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। एक हालिया शोध में पता चला है कि एआई ने युद्धविराम की जगह हर बार हिंसा और परमाणु युद्ध का सुझाव दिया है। दरअसल, जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी और हूवर वॉरगेमिंग एंड क्राइसिस इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने पांच सबसे बड़े एआई मॉडल के लिए सिम्युलेटेड परीक्षण बनाए। इसमें एआई मॉडल को युद्ध की एक खास परिस्थिति में निर्णय लेने को कहा गया। पांचों एआई मॉडल ने हर बार युद्ध को चुना।






वहीं, एआई ने कई बार बिना किसी चेतावनी के परमाणु हथियार तैनात कर दिए। शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन में लार्ज लैंग्वेज मॉडल के जीपीटी-4, जीपीटी 3.5, क्लाउड 2.0, लामा 2-चैट और जीपीटी-4-बेस का इस्तेमाल किया।

शोध में शामिल जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार लॉन्च करने पर कहा, 'कई देशों के पास परमाणु हथियार हैं। कुछ कहते हैं कि इसे खत्म करना चाहिए, जबकि कुछ ऐसा करने का दिखावा करते हैं। हमारे पास परमाणु हथियार होने की वजह से हमें इसका उपयोग करना चाहिए। वहीं, एआई ने एक-दूसरे के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### युद्ध में सबसे आक्रामक है जीपीटी 3.5

अपने तरह की यूनिक और पहली स्टडी में एआई का जीपीटी-3.5 मॉडल सबसे आक्रामक निकला। वहीं, जीपीटी-4-बेस मॉडल ने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का तर्क देते हुए कहा, मैं सिर्फ दुनिया में शांति चाहता हूं, और इसके लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं। इसने युद्ध बढ़ाने की भी बात कही।

# बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य पर उठे सवाल, बचाव में उतरीं जिल

वाशिंगटन, एजेंसी

स्पेशल काउंसल की रिपोर्ट में जो बाइडन के मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त पर उठाए गए सवालों का अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने बचाव किया है। साथ ही रिपोर्ट में उनके बेटे की मौत के जिक्र को राजनीतिक मकसद से शामिल करने का आरोप लगाया है।



जिल ने शनिवार को अपने समर्थकों को एक सामूहिक ईमेल लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मैं जो लिख रही हूं उसका कारण रिपोर्ट में बाइडन के बारे में गलत और व्यक्तिगत राजनीतिक हमले किए गए हैं। केवल यह कहने के बजाय कि मामला बंद कर दिया गया था, जैसा कि उन्होंने दूसरों के लिए किया है। स्पेशल काउंसल ने दावा किया कि जो बाइडन उस वर्ष को याद नहीं कर सके, जब उनके बेटे की मृत्यु हुई थी। जिल ने कहा कि मेरा विश्वास करें, किसी भी ऐसे व्यक्ति की तरह जिसने अपना बच्चा खो दिया है, ब्यू और उसकी मृत्यु कभी अकेला नहीं छोड़ती।

### ट्रंप ने निक्की हेली के पति का उड़ाया मजाक

अमेरिका में नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रमुख उम्मीदवारों पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। दरअसल, ट्रंप ने निक्की हेली के पति का मजाक उड़ाया और चुनाव प्रचार में उनकी गैरमौजूदगी पर सवाल उठाया। इस पर निक्की हेली काफी बौखला गई और इस पर संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत हेली और उनके पति माइकल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।